# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




*माना जा रहा है कि ये तख्ता-पलट अमेरिका के इशारे पर ही हुआ, जिन बालेन शाह का नाम पीएम पद के लिए सामने आ रहा है वे चार महीने पहले ही अमेरिकी राजदूत से मिल चुके थे*

**जल उठा काठमांडू**

**हिंसक प्रदर्शनकारियों ने पीएम आवास फूंक डाला राष्ट्रपति भवन को भी आग लगाई, संसद भवन में भी आगजनी की**

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में 'बांग्लादेश मॉडल' पर करवाया गया विद्रोह आवाज दबाने के लिए उठी 'आवाजों की सच्चाई' आखिर आई सामने

# बालेन को नेपाल का 'शाह' बनाने तख्ता-पलट

## पीएम केपी ओली व राष्ट्रपति पौडेल का इस्तीफा, ओली नेपाल से बाहर निकले

## वित्त मंत्री को प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## पूर्व पीएम देऊबा पर भी हमला किया दूसरे पूर्व पीएम की पत्नी जलाकर मारी

एजेंसी ⏭ काठमांडू

नेपाल में युवाओं के हिंसक आंदोलन के बाद स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रधानमंत्री केपी ओली के इस्तीफे के बाद नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी



इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले ओली के इस्तीफे को राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया था। इस्तीफे से पहले ओली के सरकारी आवास को प्रदर्शनकारियों ने फूंक दिया था। राष्ट्रपति भवन में भी आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन को भी नहीं छोड़ा। वहां भी अग्निकांड कर दिया। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के घर पर भीड़ ने हमला कर दिया।

**» जिस अफसर के आदेश पर फायरिंग में 24 लोगों की मौत हुई उसकी भी हत्या**

**» नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल कर सकते हैं अंतरिम सरकार का नेतृत्व**





### कौन हैं बालेन शाह ? रैपर से बने मेयर, युवा पीढ़ी के आंदोलन का चेहरा बनकर उभरे

साल 2023 में 'टाइम' मैगजीन ने बालेन शाह को टॉप 100 उभरते नेताओं की सूची में शामिल किया था, जबकि न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे वैश्विक मीडिया ने भी उनकी तारीफ की। बालेन शाह की लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें नेपाल की राजनीति में नई उम्मीद माना जा रहा है। बालेन शाह काठमांडू के 15वें मेयर हैं। बालेन पेशे से सिविल इंजीनियर और रैपर भी रहे हैं। बालेन शाह ने साल 2022 में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में काठमांडू मेयर चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया



था। बालेन की छवि एक अच्छे प्रशासक की है और बालेन के मेयर रहते हुए कई ऐसे काम हुए हैं, जिनसे राजधानी में प्रशासन बेहतर हुआ। बालेन शाह अपने समर्थकों से जुड़ने के लिए पारंपरिक मीडिया के बजाए सोशल मीडिया पर खासे सक्रिय रहते हैं, जिससे युवा पीढ़ी उनसे जुड़ी। हाल ही में उन्होंने जेन जी के नेतृत्व वाले प्रदर्शन का समर्थन किया। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि भले ही वे आयु सीमा (28 वर्ष से कम) के कारण प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सकते।

### पूर्व पीएम ओली से रही बालेन शाह की अदावत

बालेन शाह को पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली का विरोधी माना जाता है। दोनों के बीच अदावत की वजह थी कि बीते साल काठमांडू मेट्रोपोलिटन सिटी ने नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई की जद में कई नेता भी आए। ऐसे में काठमांडू मेट्रोपोलिटन सिटी का विरोध शुरू हो गया। बालेन शाह ने इसके लिए पीएम केपी शर्मा ओली पर निशाना साधा। इसके बाद मेट्रोपोलिटन सिटी के हजारों कर्मचारियों को कई महीनों तक सैलरी नहीं मिली थी। बालेन शाह ने इन कर्मचारियों को समर्थन दिया था और सरकार को चेतावनी दे डाली थी। इस मामले को लेकर खूब विवाद हुआ।

### ◆ काठमांडू एयरपोर्ट बंद
### भारतीय उड़ानें रद्द, दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

*नेपाल में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के कारण राजधानी काठमांडू का त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। हालात को देखते हुए एयर इंडिया और इंडिगो ने काठमांडू जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। इसी बीच भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है। नेपाल की नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अधिकारी ज्ञानेंद्र भुल ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा लगाई गई आग से उठे धुएं के कारण हवाईअड्डे के दक्षिणी हिस्से से आने वाली उड़ानों की लैंडिंग रोक दी गई। इसी बीच भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। दूतावास ने कहा कि नेपाल में मौजूद सभी भारतीय नागरिक किसी भी आपात स्थिति या सहायता की जरूरत होने पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। जारी किए गए नंबर हैं: +977-9808602881 और +977-9810326134। दूतावास ने नागरिकों से सतर्क रहने और हालात पर नजर बनाए रखने की अपील की है। यात्रियों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप


### आईफोन 17 सीरीज के साथ लांचिंग

**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज एप्पल एक इवेंट का आयोजन में आईफोन 17 सीरीज को लांच कर दिया। इसमें नई एप्पल वॉच और एयरपॉड्स शामिल हैं। यह एप्पल का सबसे पतला आईफोन है। भारत में 12 सितंबर से प्री ऑर्डर शुरू हो सकता है। 19 सितंबर से आईफोन 17 सीरीज की बिक्री शुरू होने की संभावना है।



### इंदौर को मिला स्वच्छ वायु सर्वेक्षण अवार्ड

**इंदौर।** स्वच्छता में सिरमौर रहने के बाद इंदौर की झोली में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण अवार्ड आया है। इंदौर देशभर में पहले स्थान पर रहा। इंदौर को 200 में से 200 अंक मिले। दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मेयर पुष्य मित्र भार्गव को सम्मानित किया।



### अध्यक्षों को वापस बुलाने के लिए 'खाली कुर्सी' व 'भरी कुर्सी' का नियम रहेगा

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट का निर्णय**

# नपा व नगर परिषदों के अध्यक्षों का चुनाव फिर से 'प्रत्यक्ष' प्रणाली से

*◆ अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की समयावधि तीन वर्ष ही रखने तथा इसके लिए तीन चौथाई पार्षदों के लिखित हस्ताक्षर से प्रस्ताव कलेक्टर को सौंपने के नियम पर कैबिनेट ने मंजूरी दे दी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में नगर पालिकाओं व नगर परिषदों के अध्यक्षों का चुनाव अब प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। वर्ष 2014 तक इसी पद्धति से चुनाव होता रहा है। इसके साथ ही अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की समयावधि 3 वर्ष ही रखने तथा इसके लिए 3 चौथाई पार्षदों के लिखित हस्ताक्षर से प्रस्ताव कलेक्टर को सौंपने के नियम पर कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। यानी अध्यक्षों को वापस बुलाने के लिए खाली कुर्सी व भरी कुर्सी का नियम रहेगा। डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। कैबिनेट ने उक्त निर्णय के साथ ही पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा में स्क्रैपिंग को बढ़ावा देने के लिए बीएस-I और पूर्ववती तथा बीएस-II व्यापक उत्सर्जन मानक मानदंडों वाले वाहनों को जारी सर्टिफिकेट ऑफ़ डिपॉजिट के विरुद्ध पंजीकृत किए जाने वाले नए गैर परिवहन यानों तथा नए परिवहन वाहनों पर 50 प्रतिशत की मोटरयान कर में छूट प्रदान किए जाने की स्वीकृति शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

◂ अविश्वास प्रस्ताव का नियम बदलने की कवायद पिछले छह महीने से चल रही थी

◂ नए वाहनों पर सर्टिफिकेट ऑफ़ डिपॉजिट से मोटरयान कर में 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय

***अध्यक्षों को वापस** बुलाने के लिए खाली कुर्सी व भरी कुर्सी का नियम रहेगा, इस संबंध में अध्यादेश जारी किया जा रहा*



**वर्ष 2014 तक इसी पद्धति से चुनाव होता रहा है**

### सभी तरह के संशयों का हुआ पटाक्षेप

नगर पालिका व नगर परिषदों में अविश्वास प्रस्ताव का नियम बदलने की कवायद पिछले छह महीने से चल रही थी। किंतु इस पर अंतिम सहमति नहीं बन पा रही थी। एक दिन पहले वरिष्ठ सचिव स्तरीय समिति ने पिछले दिनों बने सभी तरह के प्रस्तावों को अमान्य कर दिया। इन प्रस्तावों में चार व साढ़े चार वर्ष में अविश्वास प्रस्ताव लाने समेत कई नियम थे। अब कैबिनेट ने तय किया है कि अविश्वास प्रस्ताव का नियम तीन वर्ष का ही रहेगा। इसमें कोई संशोधन नहीं होगा। किंतु पहले की प्रक्रिया अब बदली रहेगी।

### इन धाराओं में किया जा रहा है संशोधन

नगरीय प्रशासन विभाग नगरपालिका अधिनियम की धारा 43, 43 क, 45, 47, 55, 63 तथा धारा 328 की उप धारा एक के खंड ख में संशोधन किए जाने तथा संशोधन के लिए मप्र नगरपालिक संशोधन अध्यादेश 2025 लाए जाने की स्वीकृति कैबिनेट से दी गई है। इसे अब राज्यपाल से मंजूरी के लिए भेजकर अध्यादेश का नोटिफिकेशन जारी किया जा रहा है।

### मप्र नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 की स्वीकृति

*कैबिनेट ने प्रदेश की नगर पालिका परिषद नगर परिषदों के अध्यक्ष पद का निर्वाचन आगामी आम-निर्वाचन में प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं के जरिए कराए जाने के लिए मध्यप्रदेश नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 लाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। मप्र में नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं की ओर से वर्ष 1999 से 2014 तक लगातार किया जाता रहा है। कोविड महामारी के आ जाने से वर्ष 2019 में निर्वाचन नहीं हो सके। इसके बाद वर्ष 2022 के नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद का निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रणाली से किया गया। वर्ष 2027 के नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं के जरिए किया जाना है। उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की संबंधित धाराओं में संशोधन के लिए मप्र नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 लाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।*

### सोने की कीमत ने 'रचा इतिहास'

## पहली बार 1.10 लाख रुपए का आंकड़ा कर लिया 'पार'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सोने ने पहली बार 1.10 लाख रुपए का आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी और अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के कमजोर रहने से यह रुझान फिलहाल जारी रह सकता है। हालांकि, निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है, क्योंकि कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव संभव है।

■ विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया

### क्यों बढ़े सोने के दाम?

पिछले हफ्ते अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़े जारी हुए। इससे यह संभावना बढ़ गई कि फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) इस साल ब्याज दरों में तीन बार कटौती कर सकता है। अगली फेडरल रिजर्व पॉलिसी बैठक में 0.25% (25 बेसिस प्वॉइंट) की दर कटौती की उम्मीद की जा रही है।

### इंदौर के स्कूल में बम की सूचना

## बच्चों को बाहर निकाला, जांच में जुटी पुलिस, तीन घंटे बाद पुलिस को बताया

**» यह मेल रात करीब 3 बजकर 18 मिनट पर आया लेकिन स्कूल प्रशासन ने इसे सुबह करीब 7 बजे देखा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

शहर के एक प्राइवेट स्कूल में मंगलवार को बम होने की सूचना से अफरा-तफरी मच गई। स्कूल प्रबंधन को एक ईमेल के जरिए बम लगाए जाने की धमकी मिली है।

जानकारी के मुताबिक यह मेल रात करीब 3 बजकर 18 मिनट पर आया था। लेकिन स्कूल प्रशासन ने इसे सुबह करीब 7 बजे देखा। मेल



में साफ लिखा था कि स्कूल परिसर में बम लगाया गया है जो किसी भी समय विस्फोट कर सकता है। इस सूचना के बाद स्कूल प्रबंधन तुरंत हरकत में आया।

### शिप्रा नदी में गिरी थी कार

## 68 घंटे बाद मिला महिला आरक्षक का शव, पुल से 70 मीटर दूर मिली कार

**कार को गोताखोरों ने खोज निकला** | **सर्चिंग में सोनार डिटेक्शन उपकरण की भी मदद ली गई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

शिप्रा नदी में बही कॉन्स्टेबल आरती पाल की कार शिप्रा में मिल गई है। आरती पाल का शव कार के पिछले हिस्से में मिला है। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि जिस पुल से कार गिरी थी, वहां से लगभग 70 मीटर आगे मिली है। कार कीचड़ में धंसी हुई मिली है। इस कार में ही महिला आरक्षक का शव था। जिसे



क्रेन और कटर के माध्यम से गाड़ी से निकाला गया। गाड़ी लोकल गोताखोर मोहम्मद इरफान ने खोजी है।

### 130 जवान दो शिफ्ट में सर्चिंग में जुटे थे

अनत चतुर्दशी शनिवार की रात्रि को 9 बजे के लगभग बड़े पुल से एक कार पुल से नीचे गिरी थी। दो शिफ्ट में कुल 130 जवान सर्चिंग में जुटे। इनमें एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड, पुलिस और मां शिप्रा तैराक दल के सदस्य गहरे पानी में सर्चिंग कर रहे थे।

### इंदौर में स्कूटर सवार युवकों का खौफ

**पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल होकर आईसीयू में भर्ती**

## अधिकारियों के सामने ही हेड कांस्टेबल को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

शहर के फूटी कोठी चौराहे पर सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात करीब 1 बजे तेज रफ्तार स्कूटर पर सवार तीन युवकों ने चेकिंग के दौरान द्वारकापुरी थाने के हेड कांस्टेबल दिनदयाल उर्फ डीडी शर्मा को टक्कर मार दी। आरोपी युवक पुलिसकर्मी को कई फीट तक घसीटते हुए ले गए। हादसे में पुलिसकर्मी को सिर में गंभीर चोट और एक पैर में फ्रैक्चर हुआ है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के आदेश पर शहर में ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार रात करीब 10 बजे फूटी कोठी चौराहे पर द्वारकापुरी थाने की टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान जोन-4 के डीसीपी आनंद कल्याडगी, एडीशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंद्र जोशी भी मौके पर मौजूद थे। रात करीब 1 बजे सात्विक (पुत्र नीतेश अग्रवाल, निवासी आराधना नगर), कार्तिक (पुत्र धर्मेन्द्र कुशवाह, निवासी हुजूरगंज) और सजल (पुत्र मुकेश शाह, निवासी शिक्षक नगर) स्कूटर पर तेज रफ्तार से आए। सिपाही नितेश बघेल ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो वे भगाने लगे। हेड कांस्टेबल शर्मा ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवकों ने टक्कर मार दी और उन्हें घसीटते हुए ले गए। घायल पुलिसकर्मी को तुरंत पुलिस वाहन से यूनिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।



### तीनों युवक गिरफ्तार

*पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में लेकर स्कूटर जब्त कर लिया है। उनके खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव, हत्या के प्रयास, पुलिस पर हमला सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मंगलवार सुबह तक वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल में मौजूद रहे।*

### दिल्ली और भोपाल में 10 जगहों पर मारे छापे

## 273 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी के मामले में ईडी ने कसा 'शिकंजा'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कथित 273 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में दिल्ली और मध्य प्रदेश में दस स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एजेंसी ने दिल्ली में नौ और मध्य प्रदेश के भोपाल में एक स्थान पर तलाशी ली। तलाशी अभियान में शामिल परिसर कंपनी से निकटता से जुड़ी संस्थाओं और व्यक्तियों के हैं। ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के




आधार पर एक प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की, जो बैंक द्वारा की गई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी और उसके प्रवर्तकों व निदेशकों ने आईएफसीआई (भारतीय औद्योगिक वित्त निगम) द्वारा दिए गए लगभग 273 करोड़ रुपए के ऋण और धन का गबन किया।


## उपराष्ट्रपति चुनाव संपन्न

# प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले मतदान किया, खास पेन का उपयोग किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले वोट किया। पीएम मोदी के बाद तमाम राज्यसभा और लोकसभा सदस्यों ने अपने वोट डाले। विपक्ष के नेता राहुल गांधी, उनकी माता सोनिया गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी मतदान किया। इसके बाद अधिकतर सांसदों ने मतदान किया। इस चुनाव को गोपनीय बनाने के लिए एक खास तरह की स्याही का इस्तेमाल किया जाता है। इसी स्याही वाली पेन से सांसद वोट कर सकते हैं। लोकसभा की पूर्व महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव ने इसे लेकर पूरी जानकारी दी है।

### गोपनीयता रखने किया विशेष स्याही का उपयोग



*उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एक खास पेन का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे सांसद अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट करते हैं। लोकसभा की पूर्व महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव ने बताया कि पेन में एक विशेष प्रकार की स्याही होती है। यह इसलिए इस्तेमाल किया जाता है, ताकि वोट की गोपनीयता भंग न हो जाए। सभी एक तरह के इंक और पेन से निशान लगाएंगे तो यह बात किसी को पता नहीं चल पाएगी कि किसने किसको वोट दिया है। चुनाव आयोग की तरफ से इस विशेष पेन से वोटिंग की व्यवस्था की गई है। अगर कोई उस पेन का इस्तेमाल नहीं करता है तो वह वोट अमान्य हो जाता है।*

### राज्यसभा के महासचिव ने करवाई वोटिंग

राष्ट्रपति चुनाव की तरह उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति होती है। इसके लिए राज्यसभा के महासचिव को चुना जाता है। इस बार पीसी मोदी को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया था, जिनकी देखरेख में पूरी वोटिंग करवाई गई।




रक्षामंत्री राजनाथ सिंह वोट डालते हुए।



राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश सिंह।



एलजेपी के प्रमुख चिराग पासवान।



केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी।



कांग्रेस नेता सोनिया गांधी।



गृहमंत्री अमित शाह।



राकांपा प्रमुख शरद पवार।



विपक्ष के नेता राहुल गांधी।



मल्लिकार्जन खरगे।

## खबर संक्षेप

### वृंदावन में बाढ़ को देखने पहुंचे प्रेमानंद महाराज


वृंदावन। उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन में यमुना का रौद्र रूप दिख रहा है। यमुना नदी खतरे के निशान



के ऊपर बह रही है। यमुना का पानी शहर में प्रवेश कर चुका है, निचले इलाकों में खेत-खलिहान, घर-मकान से लेकर मंदिर तक सब कुछ जलमग्न हैं। मथुरा वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद शिष्यों के साथ यमुना के विराथ स्वरूप का दर्शन करने के लिए पहुंचे।

### अब ईओडब्ल्यू ने भेजा शिल्पा और राज को समन

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस



शिल्पा शेट्टी और उनके बिजनेसमैन पति राज कुंद्रा फिर से विवादों में घिर गए हैं।60 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया गया है। अब आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू ) ने समन जारी किया है। दोनों को 10 सितंबर को पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन राज ने 15 सितंबर की तारीख मांगी थी।

### दिल्ली सीएम सचिवालय मेडिकल कॉलेज उड़ा देंगे


नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री



सचिवालय और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बम की धमकी भरे ईमेल भेजे जाने के बाद मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। डॉग स्क्वॉड और पुलिस कर्मियों ने सीएम सचिवालय की जांच शुरू की।

### सूरत में बुजुर्ग ने तापी नदी में लगाई छलांग

सूरत। घरेलू कलह से तंग आकर एक बुजुर्ग ने तापी नदी की तेज



धार में ब्रिज से छलांग लगा दी। छलांग लगाने के बाद वह नदी के तेज बहाव में दूर तक बहते चले गए। हालांकि जब लोगों ने देखा तो दमकलकर्मियों को सूचना दी और इसके बाद बुजुर्ग को बचा लिया गया। पानी की तेज लहरों पर संभलते हुए बुजुर्ग जिंदा बच गए यह किसी चमत्कार से कम नहीं है।

### हॉस्टल में 2 छात्रों को बीच फायरिंग, एक मौत

ग्रेटर नोएडा। दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा में 2 छात्रों के बीच निजी कॉलेज के हॉस्टल के कमरे में गोलीकांड हो गया है। दोनों छात्रों ने



एक-दूसरे को गोली मार दी है। इस घटना में एमबीए छात्र की मौत हो गई है और दूसरा पीजीडीएम छात्र गंभीर रूप से घायल है। यह मामला थाना नॉलेज पार्क इलाके का है। बताया जा रहा है कि ग्रेटर नोएडा में निजी कॉलेज हॉस्टल के कमरे में गोलीकांड हुआ है।

## पीएम मोदी ने हिमाचल के आपदा प्रभावित इलाकों का किया हवाई दौरा

# 1,500 करोड़ की आर्थिक मदद का किया ऐलान, राहत और पुनर्वास की समीक्षा की

कांगड़ा में एक आधिकारिक बैठक की, लोगों से भी मिले

*हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, भारी बारिश और भूस्खलन से नुकसान का हाल जाना*

एजेंसी ▶▶ कांगड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, भारी बारिश और भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान और बाढ़ की स्थिति की समीक्षा के लिए राज्य का दौरा किया। उन्होंने राहत और पुनर्वास कार्यों को गति देने के साथ प्रभावित लोगों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। पीएम ने सबसे पहले बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। कांगड़ा में एक आधिकारिक बैठक में उन्होंने राहत और पुनर्वास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और नुकसान का आकलन किया। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम मिलेगी





प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1,500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता की घोषणा की। एसडीआरएफ और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मंजूरी, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के तहत राहत का प्रावधान और पशुधन के लिए मिनी किट भी जारी किए जाएंगे। पीएमओ के अनुसार, कृषि समुदाय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, उन किसानों के लिए विशेष सहायता प्रदान की जाएगी, जिनके पास वर्तमान में बिजली कनेक्शन नहीं हैं। यह कदम किसानों को उनकी आजीविका बहाल करने में मदद करेगा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्षतिग्रस्त मकानों की जियो-टैगिंग की जाएगी।

### सेना की सराहना की

उन्होंने तत्काल राहत और बचाव कार्यों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, राज्य प्रशासन और अन्य सेवा-उन्मुख संगठनों के कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। केंद्र सरकार राज्य के ज्ञापन और केंद्रीय टीमों की रिपोर्ट के आधार पर आकलन की आगे समीक्षा करेगी। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार स्थिति से निपटने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

### आपदा में बची एक साल की बच्ची से भी मिले

*पीएम मोदी सबसे पहले कांगड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने एक साल की बच्ची निकिता को भी गोद में लिया। राज्य में आई आपदा की निकिता एक प्रतीक बन गई है। बच्ची ने मंडी जिले में बादल फटने की घटना में अपना पूरा परिवार ही खो दिया, लेकिन खुद जीवित और सुरक्षित बच गई है।निकिता महज 11 महीने की थी, जब बादल फटने की घटना में उसके पिता रमेश कुमार (31), मां राधा देवी (24) और दादी पूनम देवी (59) की मौत हो गई थी। तलवाड़ा गांव में निकिता बच गई थी। पीएम मोदी ने निकिता के अलावा भी करीब 20 लोगों से मुलाकात की।*

### शिक्षा के लिए निर्बाध पुनर्निर्माण कराएंगे

*शिक्षा को निर्बाध रखने के लिए, स्कूलों को नुकसान की जानकारी देने और जियो-टैगिंग करने की सुविधा दी जाएगी। इससे शिक्षा अभियान के तहत समय पर सहायता सुनिश्चित होगी। हिमाचल में 500 से अधिक स्कूलों को नुकसान पहुंचा है, और इस कदम से उनकी मरम्मत और पुनर्निर्माण में तेजी आएगी।भविष्य में जल संकट से निपटने में मिलेगी सहायता बाढ़ के बाद जल प्रबंधन को बेहतर करने के लिए जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। ये संरचनाएं वर्षा जल को संग्रहित और संरक्षित करने में मदद करेंगी, जिससे भूजल स्तर में सुधार होगा और भविष्य में जल संकट से निपटने में सहायता दी जाएगी।*

### पंजाब भी पहुंचे

## पीड़ितों से मिले 1,600 करोड़ की सहायता देंगे

*गुरदासपुर। पंजाब इस समय भयानक बाढ़ से जूझ रहा है। सतलुज, ब्यास और रावी नदियां उफान पर हैं। भाखड़ा नंगल डैम से पानी छोड़े जाने के बाद संकट और बढ़ गया है। राज्य के सभी 23 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। पीएम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया। इसके बाद गुरदासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत की। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम से मुलाकात कर बचाव कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों के साथ समीक्षा मीटिंग की।*



### अतिरिक्त सहायता देने का वादा

*पीएम मोदी ने पंजाब के लिए 1,600 करोड़ की वित्तीय सहायता की घोषणा की। यह राशि राज्य के खजाने में पहले से मौजूद 12,000 करोड़ के अतिरिक्त है। पीएमओ ने कहा कि एसडीआरएफ और पीएम किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी। बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।*

### विधानसभा में जासूसी पर बवाल

## सदन की लाइव कार्यवाही यूट्यूब पर प्रसारित हो रही तो कैमरों का क्या औचित्य?

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान विधानसभा में जासूसी के मुद्दे पर बवाल मच गया है। सदन में धर्म स्वतंत्रता विधेयक पर चर्चा से पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कांग्रेस विधायकों की कैमरे लगाकर जासूसी करवाए जाने के आरोप लगाकर सनसनी मचा दी। जूली ने पूछा



कि विधानसभा के सदन में कैमरे लगाकर उनकी जासूसी करवाई जा रही है। जूली ने पूछा कि यह कैमरे किसके कहने पर लगवाए गए, इसकी जानकारी सदन को दी जाए। उन्होंने कहा कि हां पक्ष और न पक्ष में जो कैमरे लगवाए गए हैं उनका एंगल कांग्रेस विधायकों की तरफ ही है। जूली बोले कि सदन स्थगित होने के बाद विधायक क्या बात करते हैं, उन्हें इन कैमरों से सुना जा रहा है। जूली बोले कि जब सदन की लाइव कार्यवाही यूट्यूब पर प्रसारित हो रही है तो यह कैमरे किसलिए लगवाए गए हैं?

### कैमरों की रिकॉर्डिंग भी यूट्यूब पर दें

*जूली ने कहा कि अगर कैमरे लगाए गए हैं तो इसकी रिकॉर्डिंग भी यूट्यूब पर जारी करो।*



*जब सदन नहीं चल रहा हो तब भी आप हम पर नजर रखोगे यह तो गलत है। यह हमारी विधानसभा की परंपरा कभी नहीं रही। बिलों के उपर हम लोगों को नहीं बोलने दिया जाए, प्रश्न नहीं पूछने दिया जाए और हमारे उपर कैमरे लगाए जाएं यह तो गलत है। जूली ने पूछा कि यह कैमरे क्या हम लोगों से बात करके लगाए गए हैं, यह किस फंड से लगे हैं?*

### अयोध्या दीपोत्सव में बनेगा नया रिकॉर्ड

## इस बार 26 लाख से अधिक दीपों से जगमग की जाएगी रामनगरी



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। पर्यटन विभाग द्वारा सरयू तट, राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर दीयों की श्रृंखला से अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। दीपोत्सव एक बार फिर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस वर्ष 26 लाख से अधिक दीयों के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

### केंद्रीय मंत्री जोशी आज करेंगे लोकार्पण

## अब कोलकाता में आसानी से मिलेगी हाई-टेक ईवी परीक्षण की बड़ी सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सस्टेनेबल गतिशीलता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के मिशन के अनुरूप केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी बुधवार को कोलकाता के अलीपुर क्षेत्रीय प्रयोगशाला में स्टेट-ऑफ द आर्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) टेस्टिंग सुविधा का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित यह लैब ईवी बैटरियों और उनके घटकों पर टेस्टिंग की सुविधा के काम आएगी



### एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित होगा

एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित यह लैब ईवी बैटरियों और उनके घटकों पर टेस्टिंग की सुविधा के काम आएगी, जिनमें इलेक्ट्रिक सेफ्टी, एफसीसी/आईएसईडी अनुपालन, कार्यात्मक सुरक्षा, ड्यूरेबिलिटी, क्लाइमेट टेस्ट (आईपी, यूवी, कोरोजन) और मैकेनिकल एवं भौतिक सुरक्षा शामिल हैं। यह सुविधा ईवी क्वालिटी आश्वासन का राष्ट्रीय मानक बनेगी, जिससे निर्माताओं को शीघ्र दोष पहचान, उत्पाद विश्वसनीयता और सुरक्षा-नियम अनुपालन में मदद मिलेगी।

### चुनाव के बीच कांग्रेस ने धनखड़ की चुप्पी पर किए सवाल

## 50 दिन से असामान्य चुप्पी साधी देश को उनके बोलने का इंतजार

देश को मिले नए राज्यसभा के सभापति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान पूरा हो गया और नाम की घोषणा भी कर दी गई। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की चुप्पी पर सवाल उठाए।

कांग्रेस ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति ने बीते 50 दिनों से असामान्य चुप्पी साधी हुई है और देश उनके बोलने का इंतजार कर रहा है। बीती जुलाई में धनखड़ ने अचानक इस्तीफा दो दिया था।





### कांग्रेस नेता जयराम ने एक्स पर किया पोस्ट

*कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में धनखड़ की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए लिखा कि पिछले 50 दिनो से धनखड़ ने असामान्य चुप्पी साध रखी है। आज जब उनके उत्तराधिकारी के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है तो देश उनके अभूतपूर्व और अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद उनके बयान का इंतजार कर रहा है। मोदी सरकार द्वारा किसानों की घोर उपेक्षा और सत्ता में बैठे लोगों के अहंकार से पैदा खतरों आदि पर अपनी चिंता व्यक्त करने के बाद धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।*

### मुंबई रेलवे विकास निगम लिमिटेड के चेयरमैन ने कहा

# लोकल ट्रेनों की जगह चलेंगी एसी ‘वंदे मेट्रो’ ट्रेन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां की उपनगरीय रेल यात्रा में जल्द ही बड़ा बदलाव आने वाला है। मुंबई रेलवे विकास निगम लिमिटेड (एमआरवीसी) ने 2,856 पूरी तरह वातानुकूलित वंदे मेट्रो (उपनगरीय) कोचों की खरीद के लिए निविदा जारी कर दी है। एमआरवीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विलास सोपन वाडेकर ने बताया कि वंदे मेट्रो ट्रेन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह निविदा मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट फेज 3और 3ए के तहत जारी की गई है। यह मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल का हिस्सा है। इसमें न केवल आधुनिक कोचों की आपूर्ति शामिल है, बल्कि 35 साल तक उनका रखरखाव भी किया जाएगा। इन नई ट्रेनों में 12, 15 और 18 डिब्बों वाले रेक होंगे।

### यात्री आरामदायक महसूस करेंगे





*वाडेकर ने कहा कि सभी एसी कोच वातानुकूलित होंगे, जिससे गर्मी और भीड़भाड़ में भी यात्री आरामदायक महसूस करेंगे। इनमें स्वचालित दरवाजे होंगे, जो सुरक्षा बढ़ाएंगे। साथ ही, बेहतर एक्सीलरेशन और डिसीलरेशन से समयबद्धता में सुधार होगा और ये ट्रेनें 130 किमी प्रति घंटा तक की रफ्तार से चल सकेंगी। इस कदम का उद्देश्य मुंबई के दैनिक यात्रियों के लिए यात्रा को अधिक आरामदायक, सुरक्षित और कुशल बनाना है। रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को विशेष फायदा होगा। कम समय में यात्रियों को सुगम यात्रा मिलेगी। समय से काम पूरा हो, इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा।*

### निविदा 22 दिसंबर को खोली जाएगी

इस परियोजना के लिए मध्य रेलवे (भिवपुरी) और पश्चिम रेलवे (वानगांव) में दो अत्याधुनिक रखरखाव डिपो भी बनाए जाएंगे। निविदा जमा करने की प्रक्रिया 8 दिसंबर 2025 से शुरू होगी और यह 22 दिसंबर 2025 को खोली जाएगी। यह पहल ‘मेक इन इंडिया’ नीति के तहत की जा रही है, जिससे घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

### विक्रेताओं के लिए अलग एसी डक्ट वाले विशेष डिब्बे भी होंगे

आधुनिक सुविधाओं के बारे में बताते हुए कहा कि कोचों में गद्देदार सीटें, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और इंफोटेनमेंट सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी। मुंबई की जलवायु के अनुसार उच्च क्षमता वाले एचवीएसी सिस्टम के साथ, विक्रेताओं के लिए अलग एसी डक्ट वाले विशेष डिब्बे भी होंगे।

### कर्नाटक के राज्यपाल को फर्जी कॉल

## प्रधान बोल रहा हूं गवर्नर साहब रुकने को कहा तो फोन काटा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के पास एक फर्जी कॉल आया। फोन कॉल करने वाले ने खुद को केंद्रीय मंत्री शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बताया था। इस संबंध में पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। यह फोन कॉल शनिवार दोपहर आया था। एक अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल ने शुरुआत में कॉल करने वाले व्यक्ति से थोड़ी देर बाद की। राज्यपाल को कुछ ही सेकंड बाद संदेह होने लगा और इसके बाद उन्होंने कॉल करने वाले को थोड़ा रुकने के लिए कहा। फिर उन्होंने इसकी सूचना अधिकारियों को दी, जिसके बाद उस व्यक्ति के फिर से कॉल करने का इंतजार किया गया। हालांकि दोबारा कोई फोन नहीं आया।



### कोलकाता से की गई थी कॉल

राज्यपाल ने ज्यादा समय तक बात नहीं की और अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी। इस मामले को लेकर धर्मेंद्र प्रधान के कार्यालय से भी संपर्क किया गया। इसको लेकर कहा गया कि उन्होंने कोई फोन कॉल नहीं किया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह फोन कॉल कोलकाता से की गई थी। उसकी पहचान की जा रही है।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



बारिश से गाड़ियां बंद हो गई


एमपी नगर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर शाम को अंधेरा हो गया

## राजधानी में सुबह धूप खिली, दोपहर बाद झमाझम, 2 घंटे में '35 मिमी' बारिश हुई

### आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम फिर दो दिन धूप-छांव के बाद मध्यम बारिश की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को सुबह से धूप खिली, लेकिन दोपहर बाद अचानक काले बादल घिरे। दो दिन से खिली धूल के असर से कन्वेक्टिव एक्टीविटीज ने जोर पकड़ा और दोपहर बाद 3:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक कहीं तेज कहीं मध्यम बारिश का दौर चला।

इससे शहर की सड़कों पर कई जगह पानी भर गया। करीब 3 घंटे के बीच बैरागढ़ आब्जर्वेटरी में 35 मिमी बारिश दर्ज हो गई।

» भोपाल में बारिश के चलते शाम 5 बजे ही छाया था अंधेरा

» राजधानी में बारिश का सामान्य कोटा मंगलवार को हो गया पूरा

बारिश का दौर देर रात तक रुक रुककर चलता रहा। शाम तक हुई बारिश के बाद मंगलवार तक शहर में सामान्य बारिश का कोटा पूरा हो गया है। भोपाल में एक जून से मंगलवार सुबह तक कुल 940.1 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य से 27.7 मिमी कम रही। शाम को 35 मिमी का आंकड़ा पार करते ही सामान्य कोटा पूरा हो गया। बुधवार तक शहर में सामान्य बारिश का आंकड़ा अलग रहेगा। सुबह से धूप के असर से तापमान में केवल दशमलव एक डिग्री की कमी आई।



रोशनपुरा बाणगंगा चौराहे पर जलभराव

### 13 के बाद सिस्टम पकड़ेगा जोर

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार के अनुसार 13 सितंबर के बाद प्रदेश में सिस्टम की सक्रियता बढ़ेगी। इससे पूर्वी मप्र के साथ ही अन्य हिस्सों में भी बारिश की उम्मीद है। इससे पहले धूप खिलने और हवा में पर्याप्त नमी से लोकल सिस्टम एक्टिव होगा, जिससे हल्की से मध्यम बारिश- बौछारों का दौर चलेगा।

### एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को 452 वोट व विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी रेड्डी को 300 वोट मिले

## सीपी राधाकृष्णन देश के 15 वें नए उपराष्ट्रपति, बी सुदर्शन रेड्डी को हराया



एनडीए की कुल संख्या 427 थी, इसमें वायएसआर कांग्रेस के 11 सांसदों के जोड़ से 438 हो गए। इसके अलावा 14 अतिरिक्त वोट क्रॉस वोटिंग के जरिए राधाकृष्णन के खाते में गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने भारत के 15 वें उपराष्ट्रपति चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। उन्होंने कुल 452 वोट प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी और इंडिया गठबंधन के बी सुदर्शन रेड्डी को परास्त किया। सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले हैं। एनडीए लगभग दो-तिमाही से बहुमत हासिल की है। भाजपा की ओर से दावा किया गया कि 14 सांसदों ने क्रॉसवोटिंग की। उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी गठबंधन ने भी अच्छी चुनौती दी। लेकिन, उनकी संख्या एनडीए के मुकाबले कम रही।



» इस चुनाव में जीत के लिए 392 वोटों की जरूरत थी, जिसे एनडीए उम्मीदवार ने आसानी से हासिल कर लिया

» 767 सांसदों ने वोट डाले इसमें से 15 वोट अमान्य रहे

### पीएम मोदी ने किया सबसे पहले मतदान

*प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले मतदान किया। मोदी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, अर्जुन राम मेघवाल, जितेंद्र सिंह और एल. मुरुगन के साथ संसद भवन के कमरा संख्या 101, वसुधा में स्थापित मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। शुरुआत में मतदान करने वालों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री, 92 वर्षीय देवेगौड़ा व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हाथों में हाथ डाले मतदान केंद्र तक जाते देखे गए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी और कई अन्य नेताओं ने भी मतदान किया।*

## नीतिका को गोद में लिया और उसके चेहरे को प्यार से सहलाया



*त्रासदी के वक्त नीतिका अपने पालने में गहरी नींद में सो रही थी*

### पीएम मोदी त्रासदी में अनाथ हुई 11 महीने की नीतिका से मिले

*शिमला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। पीएम मोदी अपने हिमाचल दौरे के समय नीतिका से मिले। प्रदेश में त्रासदी से प्रभावित 11 महीने की नीतिका, जो अपने परिवार की एकमात्र जीवित बची है। उससे मिलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी भावुक हो उठे। उन्होंने नीतिका को अपनी गोद में लिया और उसके चेहरे को प्यार से सहलाया। साथ ही उन्होंने जुलाई के बाद से राज्य में आई कई प्राकृतिक आपदाओं में जीवित बचे लोगों से भी मुलाकात की। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर मौजूद थे।*

### आज होगा राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## सुकमा में नक्सलियों से मुठभेड़ में कटनी का एक जवान शहीद

शहीद की पत्नी वकील, दस साल का एक बेटा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में कटनी का लाल शहीद हो गया। सीआरपीएफ में हवलदार के पद पर पदस्थ नीलेश गर्ग साल 2005 में भर्ती हुए थे। और सुकमा के एक अस्पताल में तैनात थे। नक्सलियों से मुठभेड़ की सूचना मिलने पर अधिकारियों ने उन्हें तत्काल मौके पर जाने का निर्देश दिया। नीलेश ने बिना हिचकिचाहट नक्सलियों का सामना किया। इस दौरान गोली लगने से वे शहीद हो गए।

शहीद नीलेश के पिता ललित गर्ग पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं। उनकी पत्नी जबलपुर हाईकोर्ट और सिविल कोर्ट में वकालत करती हैं। परिवार ने कहा कि उन्हें अपने बेटे की शहादत पर गर्व है।

नीलेश का एक 10 वर्षीय बेटा है। उनका छोटा भाई भारतीय नौसेना में कार्यरत है।

### आज अंतिम संस्कार होगा

शहीद नीलेश का आज बुधवार को अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस के सीनियर अधिकारी मौजूद रहेंगे। बता दें कि कटनी के लाल की पार्थिव देह जैसे ही गांव नर्रा पहुंचा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण नीलेश के घर एकत्रित हो गए। कुछ रिश्तेदारों का भी जमावड़ा लग गया। परिजनों को लोग संत्वना देते रहे। लेकिन परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### ऐश्वर्या बोली- मेरा नाम फोटो यूज करने से रोकें

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने दिल्ली हाईकोर्ट से अपनी तस्वीरों और नाम के अनधिकृत इस्तेमाल पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। आरोप है कि बिना अनुमति के उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, जिसमें एआई-जनरेटेड सामग्री भी शामिल है। ऐश्वर्या ने व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करने और एआई निर्मित अश्लील सामग्री का उपयोग करने से रोकने का आग्रह किया।

### रिटायर आईएएस डिजिटल अरेस्ट, ठगे 12 लाख

**लखनऊ।** एक रिटायर्ड आईएएस से साइबर ठगी हुई है। ठगों ने रिटायर्ड आईएएस को डिजिटल अरेस्ट करके 12 लाख रुपए वसूले हैं।

### गूगल के एआई मोड पर हिंदी में पूछ सकेंगे सवाल

**नई दिल्ली।** एआई का बढ़ता चलन देखते हुए गूगल ने अपने एआई मोड को अपग्रेड कर दिया है। गूगल सर्च को और भी बेहतर बनाने के लिए एआई मोड लाया गया था। अब यह मोड 5 नई भाषाओं में उपलब्ध है। खास बात यह है कि हिंदी बोलने वालों के लिए गूगल सर्च के इस फीचर को यूज करना और भी आसान और उपयोगी हो गया है। अब आप हिंदी में भी सवाल पूछ सकते हैं और उनके जवाब पा सकते हैं।




धार जिले के भैसोला गांव में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का भी करेंगे शुभारंभ

# प्रधानमंत्री मोदी 17 सितंबर को करेंगे पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को मध्यप्रदेश आएंगे। वे धार जिले की बदनावर तहसील के ग्राम भैसोला में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ, सेवा पखवाड़ा तथा यहां देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा से प्रदेश के जनजातीय बहुल मालवा अंचल में किसानों को एक बहुत बड़ी सौगात मिलने जा रही है। धार, झाबुआ, उज्जैन और निवाड़ का खरगोन, बड़वानी सबसे बड़े कपास उत्पादक क्षेत्र हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से मध्यप्रदेश में कॉटन आधारित बड़े इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना होने जा रही है, यह देशभर में मंजूर 7 पीएम मित्रा पार्क में से पहला पार्क है जिसका भूमि-पूजन होने जा रहा है। डॉ यादव ने कहा कि पीएम मित्रा पार्क से 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष, कुल मिलाकर 3 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**मुख्यमंत्री ने बैठक में की प्रधानमंत्री के आगमन और कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा**



### विकास के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा दौराः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि धार में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाला गौरवशाली क्षण होगा। हम सब प्रदेशवासी मिलकर प्रधानमंत्री मोदी के आत्मीय एवं भव्य स्वागत के लिए तैयारी करें। यह दौरा प्रदेश के विकास के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मोदी की देश के पहले पीएम मित्रा पार्क के भूमिपूजन अवसर पर मध्यप्रदेश में उपस्थिति हम सबके लिए प्रेरणा और आनंद का अवसर है। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार पीएम मित्रा पार्क को देश का मॉडल पार्क बनाएंगे। डॉ यादव सोमवार को मंत्रालय में प्रधानमंत्री मोदी के 17 सितंबर को ग्राम भैसोला, बदनावर जिला धार में आगमन सहित वहां आयोजित अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### कई कार्यक्रमों, अभियानों का करेंगे शुभारंभ

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 17 सितम्बर को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ 'सुमन सखी' चैटबॉट को लांच करेंगे। पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास करेंगे। जनजातीय स्व-सहायता समूहों से स्वदेशी उत्पादों की खरीद और यूपीआई से भुगतान, सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत महिला लाभार्थियों को पौधों का वितरण, एक करोड़ सिकल सेल कार्ड के वितरण सहित स्वदेशी पखवाड़े का शुभारंभ भी करेंगे। कार्यक्रम में लाड़ली बहनें, स्व-सहायता समूह के सदस्य, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन योजना के हितग्राही सहित टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्षेत्र के प्रमुख उद्यमी, युवा उद्यमी, महिला उद्यमी एवं हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

### इंदौर एवं उज्जैन में कर लें तैयारी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी देकर कहा कि सभी अधिकारी आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दें। आयोजन स्थल पर कैम्प करें और वहीं से आपसी समन्वय एवं सहयोग से व्यवस्थाओं को अंजाम दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिले आवश्यक तैयारी कर लें। महिला प्रतिभागियों को आयोजन स्थल तक पहुंचने में कोई कठिनाई न होने पाए। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम की समन्वित तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए 11 विभाग अपनी गतिविधियां प्रारंभ कर चुके हैं। कार्यक्रम स्थल का लेआउट सहित मीडिया प्लान भी तैयार कर लिया गया है। बैठक में कलेक्टर धार ने पीपीटी प्रेजेन्टेशन के जरिए अब तक की तैयारियों की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### कलारी के पास खाया जहर, भाई से कहा-खा ली दो गोलियां, मौत

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव तूमड़ा में कलारी के पास एक युवक ने सल्फास की दो गोलियां खा ली। गोलियां खाने के बाद उसने अपने छोटे भाई को कॉल कर बताया था। भाई मौके पर पहुंचा और उसे लेकर निजी अस्पताल गया। वहां इलाज के दौरान रात ढाई बजे उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व उसके बयान नहीं हो सके है। साथ ही परिजन से प्राथमिक पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह का पता नहीं चला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार संदीप विश्वकर्मा पिता प्रहलाद विश्वकर्मा (25) ग्राम आमरोद, पोस्ट खामलिया, थाना दौराहा, जिला सीहोर का था। वह खेती किसानी करता था और साथ ही मजदूरी भी करता था। उसके छोटे भाई सुधीर विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि संदीप शराब पीने का आदी था और सनकी किश्म का था। रविवार रात वह अपने घर बाइक लेकर निकला था। रात करीब साढ़े 8 बजे उसने तूमड़ा जोड़ के पास कलारी से लेकर शराब पी और कॉल कर बताया कि मैंने सल्फास की दो गोलियां खा ली है। सुधीर मौके पर पहुंचा तो संदीप उल्टियां कर रहा था। वह उसे लेकर निजी अस्पताल ले गया, वहां रात करीब ढाई बजे संदीप की मौत हो गई।

### भिंड में खाद लेने पहुंचे किसानों पर पुलिस का लाठीचार्ज, 4 घायल



**भोपाल।** भिंड जिले के लहार में सोमवार को सहकारी समिति से खाद लेने पहुंचे किसानों पर पुलिस ने लाठियां बरसाई। घटनाक्रम में 4 किसान घायल हो गए। इसके बाद लाठीचार्ज से नाराज किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर लहार विधायक अंबरीश शर्मा भी मौके पर पहुंचे और मामले को लेकर पुलिस अफसरों पर नाराजगी व्यक्त की। इधर, भिंड एसपी असित यादव ने इस मामले में लहार थाना टीआई रवींद्र शर्मा और एक पुलिसकर्मी रामराज सिंह गुर्जर को लाइन अटैच कर दिया है।

पूरा मामला यह है कि लहार की वृहत्ताकार समिति पर सुबह 5 बजे से किसान खाद लेने पहुंच गए थे। दोपहर 2 बजे तक व्यवस्था बिगड़ गई। कर्मचारी वितरण संभालने में नाकाम रहे। भीड़ बढ़ने पर समिति प्रबंधन ने पुलिस को बुलाया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने किसानों को जमीन पर बैठने को कहा। किसानों ने इसका विरोध किया तो लहार थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामराज सिंह गुर्जर ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे स्थिति बिगड़ गई। घटनाक्रम को लेकर विधायक अंबरीश शर्मा को किसानों ने फोन किया। विधायक ने तुरंत जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से बात कर आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि खाद लेने आए किसानों को पीटना अन्नदाता का अपमान है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

समाधान ऑनलाइन में नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

# बालाघाट के जिला वन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस, दमोह के बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर की रोकी वेतनवृद्धि व परिक्षेत्र अधीक्षण अभियंता पर भी कार्रवाई

▸ मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में की 12 जिलों के आवेदकों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के हर नागरिक और जरूरतमंद को सुशासन का सीधा लाभ मिले, यही सरकार का मूल लक्ष्य है। इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को सुशासन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। हरसंभव तरीके से अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ायें। जिले में लंबित प्रकरणों पर पैनी नजर रखें।

योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित हों, इसके लिए बेहतर से बेहतर प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाईन में आए प्रदेश के 12 जिलों के विभिन्न श्रेणी के प्रकरणों की सीधी सुनवाई की और आवेदकों से रू-ब-रू बात कर उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### बांस कटाई की मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत की थी



बालाघाट जिले के आवेदक झुन्ना लाल पनकू ने वन विभाग की ओर से उसे बांस कटाई की मजदूरी की राशि पांच साल से न दिए जाने की शिकायत की गई थी। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पांच साल बहुत लंबा अरसा होता है, दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर अपर मुख्य सचिव सचिव वन अशोक बर्णवाल ने बताया कि आवेदक को उसकी मजदूरी की राशि दे दी गई है। देरी के लिए जिम्मेदार संबंधित वन मंडलाधिकारी को कारण बताओ नोटिस देकर अन्य पर भी कार्रवाई की गई है।

### 4 पटवारियों पर निलंबन की कार्रवाई

भिण्ड जिले के आवेदक रामरतन ने उसकी खसरा ऑनलाईन अपडेट नहीं किए जाने की शिकायत की थी। जानकारी के अनुसार बताया गया कि इस मामले में देरी के लिए जिम्मेदार तत्समय से अब तक के 4 पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है। तत्समय से अब तक के 4 तहसीलदारों के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा गया है। पन्ना जिले के आवेदक अनिल लाटोलिया ने उसे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत की थी।

### देरी के लिए संबंधित उपायुक्त पर भी हो कार्रवाई

टीकमगढ़ में एक महिला के साथ दुराचार हुआ था। अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत उसे एक लाख की राहत राशि तो दे दी गई है, परंतु शेष तीन लाख रूपए राहत राशि के लिए उसे परेशान होना पड़ा। अब उसे यह राशि मिल गई है। प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण ने बताया कि संबंधित दोषी अफसर को निलंबित कर दिया है।

### जेई की रोकी 2 वेतनवृद्धि

दमोह के आवेदक करण सिंह लोधी की पत्नी श्रीमती सुमन्तरा लोधी ने बिजली बिल में गड़बड़ की शिकायत की थी। उसने कहा कि उसका बिल 9 हजार 976 रुपए आया था, जबकि वास्तविक बिल 214 रुपए था। इस पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने बताया कि मीटर रीडर ने रीडिंग लेने में त्रुटि की गई थी। इसलिए उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। संबंधित जूनियर इंजीनियर की दो वेतनवृद्धि रोक दी गई हैं। संबंधित परिक्षेत्र के अधीक्षण अभियंता पर भी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने आवेदिका से चर्चा की। आवेदिका ने कहा कि समाधान ऑनलाईन में आने के बाद ही उसके मामले का हल हो गया है।

### आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं तत्कालीन लेखापाल की सेवाएं समाप्त

देवास जिले की आवेदिका प्रियंका पत्नी हिमांशु दीक्षित ने कहा कि उसे प्रसूति सहायता के 12 हजार रुपए नहीं मिले, तो उसने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की थी। अब उसे राशि मिल गई है। कलेक्टर देवास ने जानकारी दी कि प्रसूति सहायता की राशि आवेदिका को उपलब्ध करा दी गई है। इस मामले में विलम्ब के लिए जिम्मेदार आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर और तत्कालीन संविदा लेखापाल की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं और बहुउद्देशीय कार्यकर्ता को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही जिला चिकित्सालय के सहायक अस्पताल प्रबंधक की दो वेतनवृद्धियां रोकी गई हैं। वर्तमान संविदा लेखापाल को शोकॉज नोटिस जारी कर 10 दिन का वेटन काटा गया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक को भी शोकॉज नोटिस देकर 7 दिन का वेतन काटा गया है। तत्कालीन सिविल सर्जन-सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं वर्तमान सीएमएचओ देवास की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी गई है।

रक्षा मंत्री राजनाथ से मिले राज्यमंत्री तोखन साहू

# बिलासपुर में हवाई सेवाओं को विस्तार देने की कवायद शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हवाई सेवाओं के विस्तार को गति देने के उद्देश्य से केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने हाल ही में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर हवाई अड्डे के विकास के लिये रक्षा मंत्रालय के पास पड़ी 1012 एकड़ भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के संबंध में एक संयुक्त बैठक बुलाने का आग्रह किया।

साहू ने कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर और एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहां उच्च न्यायालय के साथ-साथ एसईसीएल, एनटीपीसी और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जैसी अनेक केंद्रीय संस्थाओं के मुख्यालय स्थित हैं। इसके अलावा, शहर में कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान भी हैं। इन सबके बावजूद, मौजूदा हवाई सुविधाएँ शहर की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त नहीं हैं और लंबे समय से इनके विस्तार की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे के विस्तार में सबसे बड़ी अड़चन भूमि की है। हवाई अड्डे के आसपास की 1012 एकड़ जमीन रक्षा मंत्रालय ने आर्मी ट्रेनिंग सेंटर के लिए अधिग्रहित की थी, लेकिन अब ट्रेनिंग सेंटर रायपुर में स्थापित हो चुका है। यह ज़मीन अनुपयोगी पड़ी हुई है। रनवे विस्तार के लिए इसमें से केवल 290 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, लेकिन इस भूमि के मुआवज़े को लेकर राज्य सरकार और सेना के बीच मतभेद बना हुआ है। साहू ने इस मुद्दे के समाधान के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से अनुरोध किया कि छत्तीसगढ़ सरकार और रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक बुलाई जाए। उनका मानना है कि संवाद और सहयोग से कोई ठोस समाधान निकलेगा, जिससे बिलासपुर में हवाई सेवाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। यह कदम न केवल क्षेत्रीय परिवहन सुविधा को बेहतर बनाएगा बल्कि शहर के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी अहम साबित होगा।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र पुलिस कर रही मामले की जांच

# एसईसीएल कर्मी के सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, पड़ोसियों ने दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ में लगातार सूने घरों में चोरी की वारदातें बढ़ती ही जा रही हैं। कोरबा में एसईसीएल कर्मी के घर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। जहां तीन अलमारियों को चोरों ने निशाना बनाया। कोरबा के मानिकपुर चौकी क्षेत्र में शहर के सबसे व्यस्त एसईसीएल मुख्य मार्ग पर बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। घटना डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने स्थित एसईसीएल कर्मी रामाकांत शर्मा के मकान की है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तीन अलमारियों को तोड़ डाला। हाल ही में दो माह पहले ही एसईसीएल मानिकपुर खदान से फिटर पद से रिटायर हुए हैं। उनकी पत्नी भी घर पर रहती है, जबकि दोनों बच्चे पुणे में नौकरी करते हैं। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही दंपति बच्चों से मिलने पुणे गए हुए थे। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को



अंजाम दिया। पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखकर तत्काल सूचना मानिकपुर चौकी पुलिस को दी और मकान मालिक को वीडियो कॉल कर घटनाक्रम से अवगत कराया। पुलिस का कहना है कि मकान मालिक के लौटने के बाद ही चोरी किए गए सामान और उनकी कुल कीमत का पता चल सकेगा। फिलहाल, पुलिस जांच में जुटी हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गए थे, लेकिन वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपी कैमरा तोड़कर ले गए।

# नदी में आई बाढ़ में एक युवक बहा, दो बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ में इन दिनों नदी नाले उफान पर हैं। इस बीच बाढ़ से हादसा का मामला सामने आया है। धमतरी जिले के दुगली थाना क्षेत्र के काजल नदी में सोमवार को अचानक आई बाढ़ तीन युवकों पर भारी पड़ गई। तेज बहाव में बहने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। ग्राम जबर्रा निवासी मनिहार मरकाम, सुकलाल और राजकुमार तीनों एक मोटरसाइकिल से गरियाबंद जिले के रावण डिग्गी गांव किसी काम से गए थे। लौटते समय काजल नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया। तीनों ने मोटरसाइकिल नदी किनारे खड़ी की और हाथ पकड़कर नदी पार करने लगे। इसी दौरान तेज बहाव में तीनों बह गए। राजकुमार और सुकलाल जैसे-तैसे नदी से बाहर निकलने में कामयाब हो गए, लेकिन 27 वर्षीय मनिहार मरकाम तेज धार में बह गया। परिजनों और ग्रामीणों ने देर रात तक उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चल सका। आखिरकार दूसरे दिन घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर उसका शव बरामद हुआ। सूचना पर दुगली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

मप्र का निवासी था जवान, पुलिस कर रही जांच

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान ने खुद को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के इंजरम कैंप में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान ने बीती रात अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। जवान की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर यह आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, हालांकि जांच अभी जारी है।

घटना बीती रात करीब 10:30 बजे की है, जब 219वीं बटालियन में तैनात जवान निलेश कुमार गर्ग ने अज्ञात कारणों के चलते अपनी इंसास रायफल से खुद पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर साथी जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक निलेश ने दम तोड़ दिया था। मृतक जवान मध्य प्रदेश का निवासी था और लंबे समय से इंजरम कैम्प में तैनात था। साथी



जवानों और अधिकारियों के मुताबिक, निलेश ड्यूटी को लेकर सामान्य दिखाई दे रहा था और उसके व्यवहार में कोई विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया था। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल, आत्महत्या के पीछे के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गोशालाओं के प्रबंधन में धार्मिक संस्थाओं और दानदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ें

# गो-शालाओं को स्वावलंबी बनाना जरूरी, प्रदेश में देसी नस्ल के गोपालन को किया जाए प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आत्मनिर्भर गौशाला, प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। गो-शालाएं गोबर, गौमूत्र आदि अपशिष्ट से धन अर्जित कर संपन्न बन सकती हैं। स्वावलंबी गोशालाएं विकसित करने के लिए दुग्ध उत्पादों सहित गोमूत्र-गोबर आदि से निर्मित सामग्री के विक्रय की व्यवस्था विकसित की जाए। साथ ही गोशालाओं में उपलब्ध स्थान का उपयोग सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन के लिए भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मध्यप्रदेश गोसंवर्धन बोर्ड की मंत्रालय में सोमवार को हुई बैठक में दिए। पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थानीय परिवेश के अनुरूप देसी नस्ल के गोपालन को प्रोत्साहित किया जाए। गोशालाओं के प्रबंधन में धार्मिक संस्थाओं और दानदाताओं को जोड़े। प्रदेश में उपलब्ध पशुधन के अनुपात में पशु चिकित्सकों की संख्या कम है। गोवंश के बेहतर प्रबंधन और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशु चिकित्सकों की संख्या में बढ़ोतरी आवश्यक है। इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मध्यप्रदेश गोसंवर्धन बोर्ड की बैठक**



### देसी नस्ल के गोपालन को प्रोत्साहित किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार प्रदेश में देसी नस्ल के गोपालन को प्रोत्साहित करने के लिए गिर, साहीवाल, मालवी और नागौरी नस्ल के पशुधन को प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश के जनजातीय अंचलों में भी गौपालन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए आवश्यक नवाचार किए जाएं। प्रदेश में पशुपालन-कृषि-उद्यानिकी तथा नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में समन्वित रूप से कार्य करने से किसानों की आय में भी वृद्धि होगी और दुग्ध उत्पादन की दिशा में भी प्रदेश, देश के शीर्षस्थ राज्यों में शामिल हो सकेगा।

### खातों में राज्य स्तर से सीधे राशि की जा रही अंतरित

बैठक में जानकारी दी गई कि गौसंवर्धन बोर्ड द्वारा गोशाला समितियों के बैंक खातों में राज्य स्तर से सीधे राशि अंतरित की जा रही है। बोर्ड द्वारा 937 नवीन गोशालाओं की स्थापना उपरांत पंजीयन किया गया है, जिसमें एक लाख 10 हजार गोवंश को आश्रय प्राप्त है। वर्ष 2024-25 में विदिशा, देवास, आगर-मालवा, ग्वालियर, दमोह, सतना तथा रीवा में बायोगैस सह जैविक खाद निर्माण संयंत्र स्थापित किए गए। नगर निगम ग्वालियर, इंदौर तथा उज्जैन ने वृहद गौशालाओं का संचालन आरंभ किया गया है। भोपाल और जबलपुर में गोशालाओं की स्थापना का कार्य जारी है। बैठक में स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति की प्रगति पर भी समीक्षा हुई।

## 1 माह चलने वाले धरना प्रदर्शन का शंखनाद

# आयुध निर्माणियों के निगमीकरण का विरोध

जबलपुर।

देश के सभी आयुध निर्माणियों का निगमीकरणी किए जाने का कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे हैं। गौरतलब है कि 1 अक्टूबर 2021 को मौजूदा सरकार द्वारा निगम में परिवर्तित कर कुल 41 आयुध निर्माणियों को 7 भागो में बांट कर उन्हें 7 डीपीएसयू में परिवर्तित कर दिया गया था , तब से ही आयुध निर्माणियों में बतौर सरकारी कर्मचारी नियुक्त हुए कर्मचारी अधिकारी अपने ही निर्माणी में मानित प्रतिनियुक्ति (डीम्ड डेप्युटेशन) में कार्य कर रहे है , परन्तु इसकी अवधि भी 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रही है , सरकार द्वारा कर्मचारियों से विकल्प लेने तथा डीपीएसयू की नीति तैयार करने हेतु एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर दिया गया है , यह कमेटी का मुख्य काम है यह है कि इस संबंध में संपूर्ण जानकारी एकत्रित कर 31 दिसंबर तक डीपीएसयू को सुचारू रूप से लागू करवाएं। रक्षा मंत्रालय के इस निर्णय के बाद आयुध निर्माणियों में काम कर रही सभी संगठनों ने इसका विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। इस संबंध में एआईडीईएफ के संगठन मंत्री अर्नब दासगुप्ता ने कहा कि हम सरकार के इस निर्णय के खिलाफ है , हम बतौर सरकारी कर्मचारी नियुक्त हुए है और सेवानिवृति तक हमे सरकारी कर्मचारी बने रहने से कोई नहीं रोक सकता उन्होंने यह भी बताया कि एआईडीईएफ द्वारा चेन्नई उच्च न्यायालय में निगमीकरण के खिलाफ याचिका दायर की गई थी, जिस पर महा अधिवक्ता द्वारा स्वयं जवाब में कहा गया था कि जब तक सरकारी कर्मचारी स्वयं निगम में जाने का विकल्प न दे तब तक उन्हें सरकारी कर्मचारी बने रहने से कोई नहीं हटा सकता। महासंघ के आह्वान पर मंगलवार



को शहर स्थित एआईडीईएफ बीपीएमएस एनपीडीईएफ सीडीआरए एवं कुछ एसोसिशन द्वारा सयुक्त रूप से इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन का शंखनाद किया गया, जो कि अगले 1 माह तक जारी रहेगा प्रथम चरण में सभी निर्माणियों में पर्चा वितरित कर सभी कर्मचारियों को निगमीकरण से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी गई, आज गेट मीटिंग आयोजित की जाएगी और अगले एक माह तक जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान खमरिया से पुष्पेंद्र सिंह रुपेश पाठक,सुकेश दुबे, दीपक सैनी, प्रेम लाल सेन, राजेंद्र चढ़ारिया, सुरेश कन्ना, शिमेंद्र रजक, हरिहर मीना, सीता राम सिलावट, शरद अलबल, दिनेश नामदेव, हरीश चौबे, कृष्ण कुमार शर्मा, राम सिंह धाकड़, संजीव सिंह, संगम कुमार, अमित सैनी,अजित सोरेन जी सी एफ से विनय गुप्ता रोहित यादव उत्तम विश्वास अमित चंदेल राकेश रजक लक्ष्मी पटेल संतराम सिद्धार्थ ठाकुर अजय रजक सुजीत कुमार व्हीकल फैक्ट्री से अमरीश सिंह असीम दुबे रामभुवन जीआईएफ से राकेश दुबे राजेश पटेल मनोज साहू आदि मौजूद रहे।

### कई श्रमिक इंटक छोड़ लाल झंडे में शामिल

लेबर यूनियन एआईडीईएफ की विचारधाराओं से प्रभावित होकर गत दिवस इंटक के कई पदाधिकारियों ने इंटक छोड़ लाल झंडे का दामन थामा। इस दौरान कई लेबर यूनियन के सदस्यता ले रहे श्रमिकों ने कहा कि लेबर यूनियन ने हमेशा से कर्मचारियों के हित में काम किया है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। लाल झंडा अभी भी कर्मचारियों की पदोन्नति एवं अन्य जायज मांगों के लिए कार्य करते आ रही हैं। यूनियन की सदस्यता लेने वालों में प्रमोद यादव, राजीव कुमार, बलवान सिंह, रघुवर प्रसाद यादव, पवन कुमार, राकेश कुमार, रहीश कुमार यादव, शिव कुमार, रंजय कुमार, रामेश्वर कुमार, गौतम कुमार, लेखराज, संजय शर्मा, कुंदन कुमार, प्रहलाद यादव, सुजीत कुमार, मुकेश कुमार एवं अन्य श्रमिक शामिल रहे।एआईडीईएफ के संगठन मंत्री अर्नब दासगुप्ता यूनियन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह महामंत्री सुकेश दुबे जेसीएम के लीडर सुरेश खन्ना, सीमेंद रजक हरीश चौबे, दिनेश नामदेव, आशीष कुमार, एलील थंगराज, दीपक कुमार ने सभी नए सदस्यों का स्वागत किया ।

# अधिवक्ताओं को विधान परिषद व राज्यसभा में प्रतिनिधित्व दिया जाए

**राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन**

**जबलपुर**। राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच का राष्ट्रीय सम्मेलन मुरैना में आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न प्रांतों के सैकड़ों अधिवक्ता एवं मंच के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। जिसमें संतोष कुमार शर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मप्र प्रभारी अधिवक्ता संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संरक्षक, कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश मिश्रा ने कहा की अधिवक्ता की सभी समस्याओं के निदान के लिए राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच सदैव तत्पर हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अधिवक्ता डॉ. मदन मोहन पाण्डेय ने कहा की यदि अधिवक्ता समाज अपना हित चाहता है तो सभी को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आना होगा तभी अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू होगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि सरकार को चाहिए कि अधिवक्ताओं को भी विधानपरिषद एवम राज्यसभा में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए एवं बार कौन्सिल में सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि अधिवक्ता हित की बात सरकार तक सही तरीके से पहुंच सके। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अनुशासन समिति अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता अनुपम मिश्रा ने भी अधिवक्ता साथियो से एकजुट होने का आवाहन किया। मंच के मध्यप्रदेश प्रभारी, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष शर्मा ने मंच की रीति नीति एवम उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। श्री शर्मा ने कहा मंच केवल अधिवक्ता हितो के लिए निरंतर कार्य कर रहा एवं मंच का स्लोगन अधिवक्ता हित सर्वोपरि है। सम्मेलन में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया एवं कनिष्ठ 250 अधिवक्ताओं को भी मंच की ओर से सम्मान पत्र एवं उपयोगी सामग्री देकर प्रोत्साहित किया गया। सम्मेलन में संस्थापक सदस्यों एवम विभिन्न प्रदेश अध्यक्षों व पदाधिकारी गणों की सहमति से मध्यप्रदेश प्रभारी, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता संतोष शर्मा को मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जिसकी घोषणा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अधिवक्ता डॉ. मदन मोहन पाण्डेय ने की सम्मेलन की। सम्मलेन की अध्यक्षता रामहेत पिप्पल ने करते हुए आये हुए सभी अधिवक्ताओं का आभार प्रकट किया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता रक्षपाल सिंह तोमर, अधिवक्ता रागनी मिश्रा महिला प्रदेशाध्यक्ष म प्र, अधिवक्ता अजित कांत मिश्रा संस्थापक सदस्य/उ प्र अध्यक्ष, अधिवक्ता जितेंद्र पाठक राजस्थान युवा प्रदेशध्यक्ष, अधिवक्ता जगदीश शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष उ प्र, अधिवक्ता अमरदीप मिडिया प्रभारी शाहजहांपुर, अधिवक्ता कामता प्रसाद सोनी, मनीष राठौर प्रदेश उपाध्यक्ष मप्र, अधिवक्ता पल्लव त्रिपाठी प्रदेश सचिव म प्र, अधिवक्ता देवेंद्र पाराशर संयुक्त सचिव म प्र, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गोस्वामी मंडल उपाध्यक्ष आगरा, संजीव गौतम आदि।

**जबलपुर नगर निगम को लगातार दूसरी बार मिला 1 करोड़ का ईनाम**

# स्वच्छ वायु में जबलपुर की बादशाहत बरकरार

**जबलपुर**। जबलपुर नगर निगम ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में अपनी बादशाहत बरकरार रखते हुए एक बार फिर देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। केंद्र सरकार द्वारा जबलपुर नगर निगम को एक करोड़ रुपए की ईनाम राशि प्रदान की गई। दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त श्रीमति प्रीति यादव ने यह पुरुस्कार प्राप्त किया है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के नतीजे मंगलवार को जारी किए गए, जिसमें स्वच्छ आबोहवा वाले 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में जबलपुर को लगातार द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर एक करोड़ पुरस्कार राशि प्रदान की गई। जबकि पहले स्थान पर इंदौर और तीसरे स्थान पर गुजरात का सूरत शहर रहा।नई दिल्ली के गंगा ऑडिटोरियम, इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित होने वाले स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त



प्रीति यादव और स्वच्छता सेल के नोडल अधिकारी संभव अयाची को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा पुरस्कार राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विदित हो कि गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सूरत पहले और जबलपुर दूसरे स्थान पर था। गौरतलब है कि नगर निगम त्योहारों के समय शहर को स्वच्छ वायु गुणवत्ता कायम रखने में सफल हुआ। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू निगायुक्त प्रीति यादव ने इसे जबलपुर के नागरिकों की उपलब्धि बताया है। उन्होंने बताया कि शहर की हवा को शुद्ध बनाए रखने के साथ ही रैंकिंग सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए गए थे।

# गैस सिलेंडर चोर गिरोह का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

## 60 गैस सिलेंडर, 30 हजार नगद, पिकअप और इनोवा जब्त

हरिभूमि, जबलपुर।

कटंगी थाना क्षेत्र की बेलखाड़ चौकी अंतर्गत एचपी गैस एजेंसी के गोदाम से सिलेंडरों की बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने गिरोह के 5 चोर और 2 हॉकरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 60 गैस सिलेंडर, चोरी के रुपये में से 30 हजार नगद, एक पिकअप वाहन और इनोवा कार जब्त की है। पुलिस ने बताया कि रामराज भुर्रक निवासी बेलखाड़ ने 9 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अथर्व एचपी गैस एजेंसी के गोदाम से 160 सिलेंडरों की चोरी हो गई है। चोरों ने पीछे की दीवार में छेद कर लगभग 1 लाख रुपये मूल्य के सिलेंडर पार कर दिए थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई

जांच के दौरान मुखबिर ने जानकारी दी कि अमखेरा के संतोष यादव और साहिल वर्मन अपने साथियों के साथ चोरी में शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने वारदात कबूल की। आरोपियों ने



बताया कि इनोवा कार से रैकी कर कई दिनों तक सिलेंडर चोरी किए गए और उन्हें पिकअप वाहन से कुदवारी अमखेरा के एक मकान में छिपाकर रखा गया।

### सात गिरफ्तार, दो फरार

पुलिस ने चोरी के 60 सिलेंडर, 30 हजार रुपये नगद और वारदात में प्रयुक्त वाहन जब्त किए। पुलिस ने 26 वर्षीय संतोष यादव निवासी अमखेरा, थाना गोहलपुर, 20 वर्षीय साहिल वर्मन निवासी अमखेरा, 23 वर्षीय राहुल चौधरी निवासी कटनी हाल अमखेरा, 23 वर्षीय दीपक साहू निवासी जागृत नगर अमखेरा, 23 वर्षीय मोनू कुशवाहा निवासी अमखेरा, 23 वर्षीय विशाल चढ़ार निवासी खजरी खिरिया बायपास, गोहलपुर, 22 वर्षीय सुमित तिवारी निवासी सुहागी थाना आधारताल को गिरफ्तार किया है। वहीं फरार आरोपी नितिन रजक और सोनू कुशवाहा की तलाश जारी है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

आरोपियों को पकड़ने में टीआई कटंगी पूजा उपाध्याय, चौकी प्रभारी बेलखाड़ू एसआई राजेश धुर्वे, एएसआई गेन्दालाल विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक महेश पांडे, बृजेश ओझा, आरक्षक रूपेश, गगन, अखंड प्रताप, शैलेंद्र सिंह तथा थाना पनागर के आरक्षक कौशल प्रजापति और सचिन्द्र श्रीवास की अहम भूमिका रही।

**स्मार्ट सिटी कार्यालय में 12 सितंबर को जनसंगठनों की बैठक**

# आवारा श्वानों के नियंत्रण पर कार्ययोजना बनेगी

**जबलपुर**। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तहत आवारा श्वानों पर नियंत्रण करना जरुरी हो गया है। इस हेतु जबलपुर वेटेरीनरी कॉलेज के वैज्ञानिक, जनसंगठन, एक्टिविस्ट तथा शासकीय पशु चिकित्सा एवं नगर निगम अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर एक ऐसी कार्ययोजना बनायेंगे जो पूरे प्रदेश के लिए मॉडल योजना बन जायेगी। यह घोषणा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान की। तदानुसार उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश जारी किए। डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि वर्तमान में श्वानों का ब्रीडिंग (प्रजनन) सीजन चल रहा है ऐसे में वे ज्यादा ही आक्रामक हो रहे हैं। हाल ही में सिवनी में कुत्तों के नोंचने से एक बच्ची की मौत हो गई है। ऐसे में नागरिकों को इस सीजन में सतर्क रहना होगा, यह संदेश नगर निगम द्वारा सभी ओर फैलाना चाहिए। विभिन्न संगठनों ने एकमतेन मांग की है कि श्वानों का बधियाकरण तथा टीकाकरण कर सुस्ती से काम न हो इस हेतु ताबड़तोड़ कार्ययोजना बनना जरुरी है। इस अवसर पर रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, पीएस राजपूत, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।



# "पशुपतिनाथ यात्रा" के लिए 4 अक्टूबर को रवाना होगी भारत गौरव डीलक्स ट्रेन


**जबलपुर**। मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आई.आर.सी.टी.सी.) द्वारा आगामी 4 अक्टूबर को इंदौर से पशुपतिनाथ मंदिर नेपाल में दर्शन यात्रा करने गौरव डीलक्स ट्रेन रवाना होगी। यह ट्रेन पूरी तरह वातानुकूलित होगी। आईआरसीटीसी के एरिया मैनेजर नरोत्तम नामदेव, रेल मंडल के सादिक खान एवं शिव पाटिल ने पत्रकार चर्चा के दौरान बताया कि यह ट्रेन इंदौर से चलकर उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं सतना रेल्वे स्टेशनों से होते हुए गंतव्य की ओर जाएगी, इच्छुक यात्री आपनी पसंद के उक्त स्टेशनों से यात्री इस ट्रैन पर सवार हो सकेंगे। यह भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन 09 रातें/10 दिनों की इस यात्रा में चितवन राष्ट्रीय उद्यान, पोखरा एवं काठमांडू के दर्शनीय एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। यात्रियों को भोजन ट्रेन के रेस्टोरेंट में परोसा जाएगा एवं एसी 3 श्रेणी के यात्रियों को भोजन संबंधित बर्थ पर ही परोसा जाएगा) सड़क परिवहन हेतु गुणवत्तायुक्त एसी बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है।

# सांप ने श्वान को डसा, उपचार से बची जान

## सर्पदंश के केस बढ़े, पालतू जानवरों की सुरक्षा का ढाल बना वीयू

जबलपुर।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत संचालित कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी, जबलपुर के वेटरनरी क्लीनिकल कॉम्प्लेक्स (व्हीसीसी) में हाल ही में एक 2 वर्षीय नर कुत्ते का साँप के काटने से सफलतापूर्वक उपचार किया गया। यह मामला उस समय सामने आया जब कुत्ते के मालिक ने अचानक उसके चेहरे पर तेज सूजन देखी। सूजन के साथ ही मुंह के ऊपर दांतों के निशान और श्वांस लेने में कठिनाई होने पर मालिक तुरंत उसे कॉलेज चिकित्सालय के मेडिसिन विभाग लेकर पहुँचे। प्राथमिक जांच में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पुष्टि की कि यह गंभीर मामला साँप के काटने का है। कुत्ते की बिगड़ती हालत को देखते हुए आपातकालीन



आधार पर उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरों की टीम ने आपातकालीन प्रोटोकॉल के तहत पॉलीवैलेंट एंटीवेनम का नार्मल सलाइन के साथ अंतःशिरा (आईव्ही) प्रशासन किया। इसके साथ ही द्वितीयक संक्रमण की संभावना को रोकने के लिए ब्रॉड-स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक्स भी दी गईं। मरीज को लगातार निगरानी में रखा गया और जीवनरक्षक सहयोगात्मक उपचार दिया गया।

समय पर किए गए उपचार का सकारात्मक प्रभाव शीघ्र ही दिखाई देने लगा। केवल 24 घंटे के भीतर ही श्वान की हालत में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। चेहरे की सूजन कम होने लगी, श्वांस लेने में तकलीफ घटी और श्वान सामान्य रूप से प्रतिक्रिया देने लगा। इस मामले के उपचार और प्रबंधन में डॉ. देवेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. आदित्य प्रताप एवं डॉ. सुरभि सरोज की सक्रिय भूमिका रही। कॉलेज के अधिष्ठाता डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि मानसून के मौसम में साँपों की गतिविधियाँ बढ़ने के कारण ऐसे मामले अधिक देखने को मिलते हैं। वेटरनरी क्लीनिकल कॉम्प्लेक्स में हाल के दिनों में कई पालतू पशुओं को साँप के काटने से लाया गया, जिनका समय पर उपचार कर सफलतापूर्वक बचाया गया।

# लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों के निलंबन की मांग

## कांग्रेस ने किया आईजी कार्यालय का घेराव

**जबलपुर**। विगत दिवस एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने पहुंचे एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष एड अमित मिश्रा एवं कार्यकर्ताओं के ऊपर पुलिस कर्मियों के द्वारा बर्बरता पूर्वक की गई पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के बाद भी कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के ऊपर हमला करते हुए दिखाया जा रहा है जो की घोर आपत्तिजनक है, इस घटना के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित आईजी कार्यालय में सैकड़ो की तादाद में कांग्रेसी व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर आईजी के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने बताया जिस निष्ठुरता से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा हमला करना यह बताता है कि सोची समझी साजिश के तहत कार्यकर्ताओं की पिटाई की गई। लोकतंत्र में सभी को अपनी आवाज़ उठाने का अधिकार है, लाठी की दम पर कार्यकर्ताओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता, ज्ञापन में मांग की गई है कि एक हफ्ते के अंदर आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित नहीं किया गया ।

## फार्मर रजिस्ट्री में पनागर तहसील अव्वल

# जिले में अभी तक 1 लाख 39 हजार किसानों ने कराई फार्मर रजिस्ट्री

**जबलपुर। जिले में पिछले एक सप्ताह के दौरान फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी आई है। पिछले एक सप्ताह में हुई 3 हजार 813 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के साथ ही जिले में अब तक कुल 1 लाख 39 हजार 377 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। यह लक्ष्य का 84.33 फीसदी है। जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्माननन निधि प्राप्तक करने वाले सभी 1 लाख 65 हजार 270 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करने का लक्ष्य है।**

अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह के दौरान सर्वाधिक 911 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शहपुरा तहसील में कई गई है। वहीं, पनागर तहसील इस मामले में जिले में अव्वल स्थान पर है। पनागर तहसील में अब तक 91.28 प्रतिशत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। कुंडम तहसील 88.48 फीसदी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के साथ दूसरे और जबलपुर तहसील 87.44 फीसदी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के साथ जिले में तीसरे स्थान पर है। पनागर तहसील में 14 हजार 783 किसानों में से अभी तक 13 हजार 494, कुंडम तहसील में 21 हजार 299 किसानों में से 18 हजार 845 और जबलपुर तहसील में 19 हजार 492 किसानों में से अभी तक 17 हजार 044 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। जिले की शहपुरा तहसील में 26 हजार 891 किसानों में से अभी तक 20 हजार 803, पाटन तहसील में 26 हजार 799 किसानों में से 22 हजार 153, मझौली तहसील में 28 हजार 833 किसानों में से 23 हजार 977, सिहोरा तहसील में 25 हजार 744 किसानों में से 22 हजार 223, आधारताल तहसील में 522 किसानों में से 144, राँझी तहसील में 355 किसानों में से 221 तथा गोरखपुर तहसील में 552 किसानों में से अभी तक 473 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्योाण मंत्रालय तथा मध्याप्रदेश शासन के राजस्वी विभाग द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक भविष्या में पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्ता करने किसानों की फार्मर आईडी होना अनिवार्य होगा। फार्मर रजिस्ट्रीी के अतर्गत प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी जनरेट कर प्रदान की जा रही है ताकि कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके और हितग्राहीमूलक योजनाओं हेतु लक्ष्य निर्धारण एवं कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी, किसानों का डेटा बेस तैयार होगा और कृषि सबंधी नीतियों के क्रियान्वन में मदद मिलेगी। फार्मर रजिस्ट्री या फार्मर आईडी से किसानों को पीएम किसान एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी। किसान घर बैठे अपने मोबाइल पर फार्मर सहायक एमपी एप डाउनलोड कर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। जिले में अभी तक हुई कुल फार्मर रजिस्ट्रीी में से 16 हजार 406 किसानों ने मोबाइल एप के माध्येम से फार्मर रजिस्ट्री कराई है। मोबाइल एप के अलावा किसान पटवारी अथवा उनके गांव में नियुक्त सर्वेयर सहायक से भी फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे। एमपी ऑनलाइन कियॉस्क या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क चुकाकर किसान फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे।

**सांसद सहित अप-डाउनर्स संघ के पत्रों को किया दरकिनार**

# लम्बी दूरी की रेल सुविधा से वंचित हैं चार विधानसभा के वाशिंदे

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में विभिन्न ट्रेनों के स्टापेज हेतु अप-डाउनर्स संघ ने जबलपुर सांसद आशीष दुबे से कार्यालय में भेंट कर उन्हें यात्री सुविधाओं में विस्तार हेतु एक मांग पत्र सौंपा था जिस पर क्षेत्रीय सांसद ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया गया लेकिन सिहोरा,बहोरीबंद, मझौली, ढीमरखेड़ा ब्लाक अन्तर्गत लगभग 1000 ग्रामों में निवासरत लोग आज भी लम्बी दुरी की रेल सुविधा से वंचित हैं।




### क्षेत्र का सबसे बड़ा स्टेशन है सिहोरा

विदित हो सिहोरा रोड ग्रामीण क्षेत्र का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है। जो कि सिहोरा विधानसभा के साथ - साथ जबलपुर जिले की मझौली,कटनी जिले की बहोरीबंद,पान उमरिया,ढीमरखेड़ा जैसे विधानसभाओं के लिए रेल सुविधा का एकमात्र विकल्प है। इस स्टेशन से चारों विधानसभाओं के एक हजार से अधिक ग्रामों,नगर,कस्बों के रेल यात्री अपनी यात्रा प्रारंभ करते हैं। जिसे देखते हुए सिहोरा रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना में जोड़कर अब इसे नया स्वरूप दिया जा रहा है।

### लंबी दूरी की ट्रेनों का हो स्टापेज

सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में लंबी दूरी की ट्रेनों के स्टापेज का अभाव है।सिहोरा अप-डाऊनर्स संघ ने इस संबंध में पत्र के माध्यम से सांसद को अवगत कराते हुए कार्यालय में विस्तृत चर्चा की थी जिस पर सांसद आशीष दुबे ने इसे अपनी जिम्मेदारी बताते हुए प्रतिनिधि मंडल को सिहोरा में ट्रेन के स्टापेज हेतु आश्वस्त किया था किन्तु अपरिपक्व राजनैतिक नेतृत्व के चलते सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन को लम्बीं दुरी की रेल सुविधाओं की सौगात हासिल नहीं हो सकी।

### सांसद ने डीआरएम को लिखा था पत्र

जबलपुर सांसद ने इन ट्रेनों के स्टापेज हेतु डीआरएम को पत्र लिखा था उनमें 11753/54/55/56 रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस, 11201/02 शहडोल-नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस, 22177/78 महानगरी एक्सप्रेस, 11465/66 जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस,11061/62 जयनगर - मुंबई पवन-एक्सप्रेस, 02191/92 जबलपुर-हरिद्वार एक्सप्रेस आदि शामिल हैं। रीवा इतवारी,एंव शहडोल नागपुर स्वास्थ्य सुविधाओं के मद्देनजर सिहोरा वासियों के लिए अत्यंत आवश्यक है जिनके स्टापेज की मांग लम्बे समय से की जा रही है।



# महर्षि अरविंद का जीवन हमेशा राष्ट्र चेतना का प्रवाह करेगाः स्वामी श्याम देवाचार्य

**पाटन**। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद संभाग जबलपुर के आवाहन पर समन्वय सेवा केंद्र में आयोजित महर्षि अरविंद की 152 वी जयंती पर दीप प्रज्वलन एवम स्वागत गीत के साथ व्याख्यान माला का शुभारंभ हुआ। श्रीमद्जगतगुरु डा. श्याम देवाचार्य जी ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि वास्तव में सरकार और समाज के रूप में जो जीवन माध्यक है वो है जन अभियान परिषद। महाराज श्री ने कहा कि महर्षि अरविंद का जीवन चिंतन कवि दार्शनिक चेतना और मां भारती के उपासक रहे उनका जीवन समाज को दिशा प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जबलपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक और परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र जामदार ने कहा कि पाश्चात्य माहोल में भी राष्ट्रबोध का भाव जाग्रत होने में महर्षि अरविंद को कोई रोक नहीं सका दुनिया की 12 भाषाओं का ज्ञान प्राप्त कर भारतीय जन मानस में राष्ट्रवाद का बीज जगाने स्तंभ की तरह भारत की आजादी का बीज जगाया। परिषद के प्रदेश निदेशक सेल ऋषि और कृषि भारतीय संस्कृति की मूल वाहक पताका है महर्षि अरविंद ने जीवन को राष्ट्र के लिए आत्मोसर्ग केसे किया जाए इसके लिए जीवन पर्यंत राष्ट्र कार्य किया। परिषद के राज्य सलाहकार श्री शिवनारायण जी ने कहा कि महर्षि अरविंद का लेखन इतना उग्र राष्ट्रवादी रहा की एक नई चेतना भारतीय जन मानस में जागी उन्होंने जेल को योग का प्रयोग कहा। योग अध्यात्म चिंतन दर्शन के प्रखर हस्ताक्षर थे महर्षि अरविंद कार्यक्रम में मुख्य रूप से परिषद के साशी निकाय के सदस्य सरदार श्री अजीत सिंह सीटू भैया उपस्थित रहे। समारोह में आभार संभाग समन्वयक श्री रवि बर्मन ने प्रकट किया। जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया श्री प्रदीप तिवारी श्री विनायक राव श्री भारत महरोलिया श्री मति नूपुर खरे श्री तृप्ति मिश्रा श्रीमति सोनिया सिंह श्री विवेक मिश्रा सहित नवांकुर संस्था मेंटर ग्राम समिति एवम पाटन से रामनारायण सिंह, जितेंद्र राठौर,रामराजा,कमल जी,यशवंतजी,मोनिका जी,प्रियंका जैन, पवन बर्मन ,रोशनी ठाकुर, विकासखंड समन्वय नूपुर खरे सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## रेड एफएम प्रतियोगिता के ऑडिशन आयोजित

**जबलपुर**। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर. एस. चंडोक के मार्गदर्शन में रेड एफ एम प्रतियोगिता के अंतर्गत ऑडिशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएँ केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, मंच संचालन कौशल और रचनात्मकता के संवर्धन का माध्यम भी हैं। प्राचार्य महोदय ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, कविता जैसी विविध विधाओं में अपनी प्रस्तुति दी। चयनित प्रतिभागी सोनम प्रजापति, इशिका, सारांश व पलक विश्वकर्मा को पुरस्कृत किया गया। नियमों के अनुसार, आयोजित ऑडिशन में चयनित महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों को भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती प्रकृति विश्वास के मार्गदर्शन मे किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय से श्रीमती शिखा पाराशर, डॉ मनीष शाह, डॉ शिवमणि मिश्रा, डॉ अंजू पाठक, डॉ विपिन राय, डॉ विमल शुक्ला, डॉ रोहित वर्मा, डॉ संध्या कोष्टा, डॉ शशि दुबे, डॉ संजय गुप्ता, डॉ आरती शुक्ला, अन्य समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## जिला केशरी कुश्ती स्पर्धा 1 एवं 2 नवम्बर को

**जबलपुर**। भारतीय शैली कुश्ती संघ, जिला जबलपुर की बैठक इण्डियन कॉफी हाऊस, पुराना बस स्टैंड के पास, जबलपुर में सम्पन्न हुई, इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का गौरव रही भारतीय शैली कुश्ती को जन-जन तक पहुँचाने और नई पीढ़ी को इस कुश्ती खेल से जोड़ने के उद्देश्य से संघ लगातार अपनी मजबूत टीम तैयार कर रहा है। इसी को देखते हुए जिला केशरी कुश्ती स्पर्धा महिला एवं पुरूष जो कि 1 एवं 2 नवम्बर 2025 को जबलपुर में आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में आज का दिन ऐतिहासिक और गौरवशाली रहा। भारतीय शैली कुश्ती महासंघ भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भारतीय शैली कुश्ती संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव श्री अर्जुन यादव जी तथा भारतीय शैली कुश्ती संघ जिला जबलपुर के यशस्वी अध्यक्ष श्री किशोरी सिंह लोधी जी की अनुशंसा एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों/ सदस्यों की सर्वसम्मति से, श्री कमल राज चक्रवर्ती जी को संघ का जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। निश्चित ही उनके अनुभव, समर्पण और नेतृत्व से जिले में भारतीय शैली कुश्ती को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। हम सब मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि जबलपुर जिले की धरती पर परंपरागत अखाड़ा संस्कृति को और मजबूत किया जाएगा, नई पीढ़ी को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें इस खेल से जोड़ने के प्रयास होंगे, और जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाओं को अवसर दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जिसमे प्रदेश कार्यकारणी सदस्य श्री नर्वद काछी, दीपक रजक, एस के विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष अरुण चंद्रवंशी, अजय असैया, सह सचिव मंतो पहलवान, प्रवीण धनगर, कोषाध्यक्ष जय वीर सिंह बैस, चंद्रपाल यादव, कृष्णा पहलवान विशाल नामदेव, विनोद चक्रवर्ती आदि की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राकेश यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, मार्गदर्शकों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार प्रकट किया गया।

## पर्युषण दसलक्षण महापर्व में वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर**। जैन बड़ा मंदिर हनुमानतल ट्रस्ट कमेटी के सहयोग से अखिल दिगंबर भारतवर्षीय महिला परिषद सुंदरी संभाग मुनिसुब्रत नाथ शाखा के हनुमानताल मुनि सुब्रत्ननाथ शाखा महिला परिषद के द्वारा पर्युषण दसलक्षण महापर्व में सांस्कृतिक प्रोग्राम के अंतर्गत वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दो ग्रुप रखे गए ए और बी दोनों ग्रुप के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं प्रतियोगिता में नए-नए रूप बनकर आए प्रतियोगिता की शान बढ़ाई जैसे कोई जैसे कोई धार्मिक रूप बनकर आया तो कोई समाज को संदेश लेने देने के लिए मैगी बनाकर आया और संदेश दिया की मैगी हमारे शरीर के लिए कितनी हानिकारक होती है उत्तम त्याग के दिन यह संदेश दिया कि हमें फास्ट फूड को छोड़ना चाहिए दोनों ग्रुप में तीन-तीन पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार दिए गएहमारे इस प्रोग्राम में संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन संभागीय सचिव श्रीमती स्वाति जैन, अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन सचिव निधि जैन ,कोषाध्यक्ष आस्था जैन शाखा की आदि बहनों की उपस्थिति रही।

## जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**बरेला**। जन शिक्षा केंद्र पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर जबलपुर में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का आयोजन जन शिक्षा केंद्र प्रभारी श्रीमती आभा वानखेडे द्वारा किया गया। जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत संकुल सालीवाड़ा, संकुल मानेगांव, संकुल सगड़ा झपनी के प्राचार्यों की समिति द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का चयन उनके अकादमिक, शैक्षिक कार्य और शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी प्रतिभागिता के आधार पर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री योगेश शर्मा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुधा पाटकर संकुल प्राचार्य मानेगांव एवं श्रीमती भारती एंथनी संकुल प्राचार्य सगड़ा झपनी द्वारा 25 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। श्रीमती आभा वानखेड़े ने बताया कि जन शिक्षा केंद्र स्तर सभी शिक्षकों को उनकी लगन का उचित सम्मान प्राप्त हो यह प्रयास किया जाता रहेगा। इस अवसर पर एपीसी श्रीमती मोनिका लकरा विकास खंड स्रोत समन्वयक केशव दुबे, बीएसी विनोद विश्वकर्मा, पूर्व जन शिक्षक संदीप श्रीवास्तव पीएम श्री सालीवाडा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा । कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएम श्री प्रभारी ध्रुव कुमार गोल्हानी, जन शिक्षक मनोज पटेल शिक्षक राजेश पटेल, शुभम दियावार, दीपांशु पाठक एवं नीलेश कुशवाहा का उल्लेखनीय योगदान रहा ।

## फिजियोथैरेपी शारीरिक क्षति की पूर्ति करने में सहायकः डॉ अनुपम साहनी

**जबलपुर**। विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर अनुपम साहनी ने कहा कि फिजियोथैरेपी मरीज की क्षमताओं को पुर्नस्थापित करने में सहायक होता है। जहां मेडिशन और सर्जरी मरीज को मर्ज से निजात दिलाते है। वहीं फिजियोथैरेपी बीमारी के दौरान हुई शारीरिक क्षति की पूर्ति करने में सहायक होता है।



## पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती पर अगली सुनवाई 16 को

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा एवं न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई अगले मंगलवार 16 सितंबर होगी। मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से सुनवाई हुई। सुनवाई में मध्यप्रदेश शासन की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन एवं महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह उपस्थित हुये। मुख्य न्यायाधीश की युगलपीठ ने इन याचिकाओं पर प्रत्यक्ष सुनवाई करने अगली तारीख मंगलवार 16 सितंबर नियत की है।

## गाली गलौच व धमकी देने वाले आरोपियों कोर्ट उठने तक की सजा

**जबलपुर**। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण देव सिंह पटेल की अदालत ने घर में घुसकर गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देने वालों को कोर्ट उठने तक की सजा दी और 1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। आरोपी मोहम्मद इरफान व नौशाद पर आरोप था कि घमापुर थाना क्षेत्र में सरकारी कुआं निवासी सीमा बाई के साथ गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी। घमापुर पुलिस ने धारा 323, 294 का मामला दर्ज कर न्यायालय में चलान पेश किया था। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सचिन गुर्जरद्वारा ने पैरवी की गई, जिनके तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपियों को सजा सुना दी।

**भारत कृषक समाज ने प्रदान की शैक्षणिक सामग्री**

# 20 ग्रामीण स्कूलों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**जबलपुर**। पनागर तहसील के शासकीय हाई स्कूल कालाडूमर में आयोजित एक कार्यक्रम में तहसील के 20 स्कूल की सभी कक्षाओ की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, स्टेशनरी आदि प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। तहसील के लगभग 200 शिक्षकों में से अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन करने वाले 10 चयनित शिक्षकों का सम्मान पत्र, मोमेंटो, साल, श्री फल, तिलक आदि से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मेहनत कर अच्छी शिक्षा ग्रहण करने छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष विवेक पटेल के सानिध्य एवं अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम मे उन्होंने शिक्षा का स्तर सुधारने तथा आवश्यक सभी संसाधन मुहैया कराने हर संभव मदद का आश्वासन दिया तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रत्येक को पांच पांच हजार की नगद राशि देकर उनका विशेष सम्मान किया। कृषक समाज के महा सचिव रूपेंद्र पटेल ने अपने उदबोधन मे बताया की ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने किये जा रहे प्रयासों की श्रंखला में कृषक समाज द्वारा जन सहयोग से अभी तक 10 स्कूलों में डेस्क, बेंच, स्टेशनरी आदि का वितरण व छात्र छात्राओं का सम्मान किया जा चुका है। जो आगे भी जारी रहेगा।



सिहोरा तहसील अध्यक्ष एड. रामगोपाल पटेल, वरिष्ठ जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. प्रकाश दुबे, रामकिसन पटेल, जिला पंचायत के सदस्य एड. इंद्र कुमार पटेल, किसान सेवा सेना के जितेंद्र देसी, कृषक समाज संगठन के किसन पटेल, डॉ संतोष पटेल, इंद्राना स्कूल के प्रचार्य राकेश सोनी ने अपने उदबोधन में शिक्षा नीति मे बदलाव एवं विद्यार्थियों को पढ़ाई का महत्व व संस्कार तथा अनुशासन के गुर बताये। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक लक्ष्मण दास तिवारी ने किया। इस अवसर पर मनोज पटेल सरपंच कालाडूमर, विनय पटेल सरपंच सिंगलदीप, सोनू पटेल सरपंच नुनिया, महेन्द्र पटेल सरपंच लखना, रत्नेश शर्मा प्रचार्य सिंगोद स्कूल, मुकेश पटेल, खड़ग सिंह, एड. महेन्द्र पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय वरिष्ठ जनो की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

**हार्वेस्टर चलाने का करता था काम, पुलिस कर रही जांच**

# हिरन नदी में मिली पंजाब के युवक की लाश

**जबलपुर**। सिहोरा थाना अतंर्गत हिरन नदी में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त पंजाब निवासी 25 वर्षीय सिंकदर के रुप में हुई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि पंजाब से आकर सिहोरा क्षेत्र में हार्वेस्टर चलाने वाले सिकंदर सिंह की लाश हिरन नदी में मुरेठ के पास मिली है। हिरन नदी में सिकंदर की लाश होने की सूचना हार्वेस्टर मालिक सुखविंदर सिंह द्वारा दी गई थी। सिकंदर क्यों और किन परिस्थितियों में नदी में डूबा इसकी जांच कराई जा रही है। शव का पंचनामा के दौरान मृतक के शरीर में कहीं भी चोटें के निशान नहीं पाए गए है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दे दी है। मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया गया है।




## शराब पीने रूपए मांगते हुए की मारपीट

**जबलपुर**। गढ़ा थानान्तर्गत देवताल के समीप घर के बाहर खड़े युवक से दो लोगों ने शराब पीने एक हजार रूपए की मांग की मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दोनों जांघों में गंभीर चोटें पहुंचायी। उसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। गढ़ा पुलिस ने बताया कि देवताल हितकारिणी निवासी श्रीमती विमलेश ठाकुर बंगलों में खाना बनाने का काम करती है उसके पति सुनील ठाकुर कल पानी भरने के बाद घर के बाहर खड़े थे तभी मोहल्ले का सोने तिवारी अपने साथी छिंगा के साथ मोटर साइकिल से आया और शराब पीने एक हजार रूपए की मांग करने लगा। सुनील के मना करने पर सोनू तिवारी ने चाकू से हमला कर उसकी दोनों जांघों में चोटें पहुंचायी।

**सड़क सुरक्षा पर चलेगा 22 सितंबर तक विशेष अभियान**

# तेज रफ्तार और बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों पर होगी कार्रवाई

**जबलपुर**। पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश स्तर पर 8 सितंबर से 22 सितंबर तक यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाये जाने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया हैं कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किये जाते है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष द्वारा प्रदेश का भ्रमण किया गया जिनके द्वारा प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटना एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर में लगातार वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई। देश के समस्त जिलों से प्राप्त सड़क दुर्घटनाओं के डाटा का विश्लेषण करने पर पाया गया है कि सड़क दुर्घटनाओं के साथ-साथ इनमें होने वाली मृत्यु की संख्या में भी लगातार वृद्धि परिलक्षित हो रही है। लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की तुलना में जिलों द्वारा की जा रही यातायात प्रवर्तन की कार्रवाई संतोषजनक नहीं हैं जिसमें सुधार किये जाने की आवश्यकता हैं। बढ़ती सड़क दुर्घटना एवं उनमें होने बाली मृत्युदर को कम करने के उद्देश्य से एवं लोगो को यातायात नियमों का पालन कराये जाने हेतु 8 से 22 सितंबर तक 8 बिंदुओ पर प्रदेश स्तर पर विशेष अभियान चलाया जायेगा। इन बिंदुओं में तेज गति से वाहन चलाने पर कार्रवाई, बिना हेलमेट/सीटबैल्ट के वाहन चलाने, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने पर कार्रवाई, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग करने, शराब पीकर वाहन चलाने पर कार्रवाई, गैंग माइड वाहन चलाने, ओव्हर लोडिंग वाहन चलाने एवं बिना लायसेन्स, बिना फिटनेस, बिना परमिट के वाहन चलाने पर कार्रवाई शामिल हैं। आदेश में कहा गया हैं कि सडक दुर्घटनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये इन बिंदुओं पर अधिक में अधिक प्रवर्तन की कार्रवाई की जाये। आदेश में कहा गया हैं कि इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि जिले की समस्त पुलिस इकाई नियमित रूप से विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर विद्यार्थियों तथा आम नागरिको को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करें एवं सड़क सुरक्षा संबंधी शासन की योजनाएं राहवीर योजना, हिट एंड रन पीडित प्रतिकर योजना, कैश लेश योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। विशेष अभियान के अंतर्गत प्रति दिवस की जा रही कार्रवाईयों के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आम नागरिक सचेत हो सके।




**श्रीमती शकुन बाई-** बेन मोहल्ला रामपुर निवासी श्री राधेश्याम की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री घनश्याम बर्मन-** नई बस्ती आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री घनश्याम बर्मन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अमोल सिंह रघुवंशी-** वैशाली परिसर नर्मदा रोड निवासी श्री अमोल सिंह रघुवंशी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश कुमार साकेत-** बाबा टोला टेढ़ी नीम के पास निवासी श्री दिलीप साकेत के पुत्र श्री राकेश कुमार साकेत (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भोला प्रसाद तिवारी-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री भोला प्रसाद तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पीताम्बर लाल-** राइट टाउन निवासी श्री पीताम्बर लाल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. संजीव गुप्ता-** दुबे कॉलोनी गढ़ा गौतम मढ़िया के पास निवासी डॉ. संजीव गुप्ता (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बाई सोनकर-** खटीम मोहल्ला घमापुर निवासी श्री नंदन सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई सोनकर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण प्रसाद गुप्ता-** एलआईजी 31, न्यू पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री नारायण प्रसाद गुप्ता (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामरति बाई बंशकार-** सिद्धबाबा गणेश चौक निवासी श्री बड़कुल बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति बाई बंशकार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जनक दुलारी शर्मा-** एमआईजी 158, अवधपुरी गौरीघाट रोड निवासी श्री सोमनाथ शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती जनक दुलारी शर्मा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण कुमार घाडग़े-** रांझी निवासी श्री अरूण कुमार घाडग़े (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई ठाकुर-** पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री गुलाब सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई ठाकुर (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री बाई कोरी-** ग्राम सुपेली कटनी निवासी श्री सोमनाथ कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई कोरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
| | | | |
|---|---|---|---|
| डिस्पले साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| डिस्पले साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| डिस्पले साइज | 8x8 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

### वाहन कंपनियों के खातों में अनुमानित 2,500 करोड़ रुपए है संचित

# वाहन कंपनियों के बही-खातों में संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को समाप्त हो जाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन कंपनियों के खातों में अनुमानित 2,500 करोड़ रुपये का संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को नई जीएसटी दरें लागू होने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फिलहाल वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है जो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सबसे ऊंची दर है। इसके ऊपर, वाहन की किस्म के आधार पर एक प्रतिशत से लेकर 22 प्रतिशत तक का क्षतिपूर्ति उपकर भी लगाया जाता है।

■ फिलहाल वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है

इंजन क्षमता और लंबाई के आधार पर छोटी पेट्रोल कारों पर 29 प्रतिशत का कुल कर लगता है जबकि एसयूवी के मामले में यह 50 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। इस महीने की 22 तारीख से 1,200 सीसी पेट्रोल और 1,500 सीसी डीजल क्षमता वाली कारों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इससे अधिक क्षमता वाली कारों पर सबसे अधिक 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।



#### समायोजन या रिफंड की मांग की गई

वाहनों पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर की व्यवस्था 22 सितंबर से समाप्त हो जाएगी। वाहन कंपनियों ने अपने खातों में संचित उपकर से संबंधित चिंताएं व्यक्त की हैं और या तो इसे अपनी कर देनदारी के साथ समायोजित करने या रिफंड की मांग की है।

#### उपकर को लेकर उद्योग की तरफ से चिंताएं जताई गई

रिपोर्टों के मुताबिक, संचित उपकर लगभग 2,500 करोड़ रुपये है। अगर इसके समायोजन की मंजूरी नहीं दी गई तो कंपनियों के लेखा बहीखातों में इसे हटाना होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न प्रतिवेदनों में उपकर के संचय को लेकर उद्योग की तरफ से चिंताएं जताई गई हैं।

#### बचा क्रेडिट कंपनियों के खाते में पड़ा रहेगा

अग्रवाल ने 'प्रॉफिट जीएसटी कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित करते हुए कहा, ''क्षतिपूर्ति उपकर एक खास मकसद से लगाया गया था। एक बार उपकर खत्म हो जाने के बाद जो भी क्रेडिट बचा है, वह कंपनियों के खातों में ही पड़ा रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''पहले भी उपकर बंद किए गए हैं। उन मामलों में क्या हुआ? उन मामलों में भी, जो उपकर खातों में पड़ा था, उसका इस्तेमाल नहीं हो सका क्योंकि उपकर ही खत्म हो गया था।''

#### उपकर एयरेटेड व कोयले पर भी लागू

अग्रवाल ने कहा, ''वाहनों के मामले में भी यही हुआ है या शायद जहां भी उपकर बंद किया गया है। यह केवल वाहन ही नहीं, बल्कि एयरेटेड वॉटर और कोयले के मामले में भी लागू है।'' जीएसटी कानून के तहत कंपनियां केवल संचित उपकर का ही समायोजन अपनी उपकर देनदारी के साथ कर सकती हैं। जिस तरह कच्चे माल पर चुकाए गए कर को केवल उत्पादन कर देनदारी के मामले में समायोजित किया जा सकता है।

#### राज्यों के राजस्व हानि के भरभाई के लिए लगाया गया था

सीबीआईसी प्रमुख ने कहा कि क्षतिपूर्ति उपकर शुरू में जीएसटी लागू होने के पांच साल (22 जून तक) के लिए राज्यों को राजस्व हानि की भरपाई के लिए लगाया गया था।

# आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 314 अंक चढ़ा


एजेंसी ▶▶| मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में लिवाली और अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 314 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 95 अंक की बढ़त रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन बढ़त में रहा और 314.02 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,101.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.07 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 95.45 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवा कारोबारी सत्र है जब निफ्टी में बढ़त दर्ज की गई।

# जीएसटी सुधार से खपत बढ़ेगी राजस्व में आएगी कमीः मूडीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि जीएसटी सुधार परिवारों के लिए राजकोषीय नीति समर्थन का एक और रूप हैं और इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, इन सुधारों से सरकार के राजस्व में कमी आएगी। मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत की प्र भा वी जी ए स टी दरों में कमी से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलने और आर्थिक वृद्धि को ऐसे समय में समर्थन मिलने की संभावना है जब देश उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण बाहरी दबावों का सामना कर रहा है। जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी।

■ जीएसटी दरों में कमी से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा

सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर 31 दिसंबर तक 28 प्रतिशत कर और क्षतिपूर्ति उपकर लागू रहेगा। वर्तमान में, जीएसटी पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों पर लगाया जाता है।

#### अनुमानित हानि 48,000 करोड़ रुपए होगी

सरकार का अनुमान है कि इस वर्ष शुद्ध राजस्व हानि 48,000 करोड़ रुपये (5.4 अरब डॉलर) होगी, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित है। मूडीज ने कहा, ''फरवरी में वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित कर उपायों, विशेष रूप से आयकर भुगतान के लिए व्यक्तिगत आय सीमा में वृद्धि के साथ, जीएसटी में कर दरों में कमी से राजस्व वृद्धि पर असर होगा।''

मूडीज ने कहा, ''जीएसटी सुधार परिवारों के लिए राजकोषीय नीति समर्थन का एक और रूप है। यह फरवरी में शुरू की गई उच्च आयकर सीमा का पूरक है...। दोनों उपायों का उद्देश्य घरेलू उपभोग को बढ़ावा देना है।'' रेटिंग एजेंसी ने कहा कि जीएसटी ढांचे में बदलाव से खरीदी और बेची जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर लागू औसत कर दरों में प्रभावी कमी आएगी। इसमें उच्च कर दरों को समाप्त कर दिया गया है और साथ ही कई वस्तुओं के लिए जीएसटी को हटा दिया गया है।

# जियो फाइनेंशियल और आलियांज में गठजोड़

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने और जर्मनी की आलियांज ने भारत में पुनर्बीमा व्यवसाय के लिए 'आलियांज जियो रीइंश्योरेंस लिमिटेड' (एजेआरएल) नाम से एक संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन किया है। जेएफएसएल ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी एजेआरएल में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 25,000 इक्विटी शेयरों की प्रारंभिक सदस्यता के लिए 2.50 लाख रुपये का निवेश करेगी। एजेआरएल का गठन भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद किया गया है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से आठ सितंबर, 2025 को ईमेल से निगमन प्रमाणपत्र मिला।

### 'टाटा डॉट ईवी' मेगाचार्जर हब का मुंबई में अनावरण

**मुंबई।** टाटा पावर और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने मंगलवार को विश्व ईवी दिवस के अवसर पर भारत के सबसे बड़े 'टाटा डॉट ईवी' मेगाचार्जर हब का अनावरण किया। विश्व ईवी दिवस नौ सितंबर को जागरूकता बढ़ाने और इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता में तेजी लाने के लिए मनाया जाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल दो के पास, 'द लीला' मुंबई होटल के परिसर में स्थित 'टाटा डॉट ईवी' मेगाचार्जिंग हब शहर के विभिन्न ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए बनाया गया है।

# जेएलआर वाहनों के दाम 30.4 लाख तक घटाएगी

**नई दिल्ली।** जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने मंगलवार को कहा कि वह जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए तत्काल प्रभाव से अपने वाहनों की कीमतों में 4.5 लाख रुपये से 30.4 लाख रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि ग्राहकों को रेंज रोवर, डिफेंडर और डिस्कवरी ब्रांड के वाहनों में 4.5 लाख रुपये से 30.4 लाख रुपये तक का लाभ मिलेगा। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अम्बा ने कहा, ''लक्जरी वाहनों पर जीएसटी को युक्तिसंगत बनाना ग्राहकों और उद्योग दोनों के लिए एक स्वागतयोग्य कदम है।

यह कदम भारत के लक्जरी बाजार में हमारे विश्वास और प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, बहुप्रतीक्षित प्रोत्साहन प्रदान करेगा।'' एक अलग बयान में, वोल्वो कार इंडिया ने कहा कि वह 22 सितंबर से अपने पेट्रोल, डीजल वाहनों की कीमतों में 6.9 लाख रुपये तक की कटौती करेगी।


**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान**

**राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026**
खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को **22 और 23 नवंबर, 2025** को **भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (IAPT) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSES) (विज्ञान विषयों के लिए)** में शामिल होना होगा।

NSE में योग्यता प्राप्त करना **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड 2026** में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

नामांकन के लिए :
**NSE:** https://www.iapt.org.in
(21अगस्त–14 सितंबर, 2025)

अधिक जानकारी के लिए: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in https://www.iapt.org.in

cbc 48143/12/0007/2526



**कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)**

N.I.T. क्र. 06(E.T.)/ जलप्रदाय / न.पा.नि./2025-26 — सतना, दिनांक 08.09.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | निविदा क्र.व दि. | टे.क्र. | कार्य का प्रकार | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामग्री आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 06/01 08/09/2025 | 2025_UAD _449078_1 | एनीकेट कृपालपुर में जल भंडारण हेतु करी शटर प्लेट लगाने एवं निकालने का कार्य (चतुर्थ काल ) | 12,68,527/- | 25,400/- | 2,000/- | November 2025 to June 2026 |
| 02 | 06/02 08/09/2025 | 2025_UAD _449079_1 | हैण्डपम्पों व पावर पम्पों के जी.आई. पाइपों में चूड़ी निकालने का कार्य (चतुर्थ काल ) | 1,77,000/- | 3,600/- | 1,000/- | वित्तीय वर्ष 2025-26 |

शर्ते-1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 09.09.2025 समय 17 :30 से दिनांक 24.09.2025 समय 17 :30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा ।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

"स्वच्छ सतना-लक्ष्य अपना"

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना (म. प्र.)



**कार्यालय नगर परिषद बड़कुही**

तह0 परासिया जिला - छिन्दवाडा [म0प्र0] वार्ड क्र. 01 पुलिस चौकी के पास, नगर परिषद, बड़कुही
Website:www.nagarparisadbadkuhi.com Email id:- cmobadkuhi@mpurban.gov.in दूरभाष-07161-263475

क्र0 1762/PWD/NP/2025 — **//निविदा सूचना//** — बड़कुही, दिनांक-08.09.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_449942_1 दि. 08-09-2025 | वार्ड क्र. 11 में विकास विश्वकर्मा के घर से अब्दुल गनी के घर तक सी.सी. टॉप लेयर निर्माण | 02 माह 2,38,750/- | 2,000/- 2,400/- | 29-09-2025 |
| 2025_UAD_449943_1 दि. 08-09-2025 | वार्ड क्र. 10 में तीन स्थानों सी.सी. रोड निर्माण | 02 माह 2,41,028/- | 2,000/- 2,500/- | 29-09-2025 |
| 2023_UAD_249369_5 दि. 08-09-2025 | वार्ड क्र. 04 में किशोर पुरी के घर से मीरा सोमकुंवर के घर होते हुए कमलेश के घर से नाली तक आर.सी.सी. नाली निर्माण (5th Call) | 02 माह 1,36,071/- | 1,000/- 2,800/- | 29-09-2025 |
| 2025_UAD_450124_1 दि. 08-09-2025 | वार्ड क्र. 07 में दुर्गा स्टेज के पास सांसद निधि से रंगमंच निर्माण कार्य | 02 माह 1,13,087/- | 1,000/- 2,300/- | 29-09-2025 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PARISHAD BADKUHI



**कार्यालय उप संचालक बफर जोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला**
Phone -07642-250760 E-mail-ddknpb..mdi@mp.gov.in, ddbuffer.knp@gmaill..com

क्रमांक/व्यय/2867(A) — **ई-निविदा सूचना** — मण्डला,दिनांक-02/09/2025

बफर जोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला के अंतर्गत बालाघाट एवं मण्डला जिले के कार्यक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-25 में स्वीकृत / प्रस्तावित विभिन्न निर्माण / विभागीय गतिविधियों से संबधित कार्यो हेतु निम्नानुसार दर्शित आवश्यक निर्माण तथा अन्य सामग्री के क्रय हेतु उल्लेखित शर्तो के अधीन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म का मूल्य 500/- रुपए है। निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की साइट www.mptender.gov.in एवं www.mpforest.org पर देखी जा सकती हैं । निविदा पूर्णतः आनलाइन प्राप्त तथा प्रस्तुत की । आफलाइन / भौतिक निविदा मान्य नही होगी । निविदा में अमानत की राशि रू. 80000/- आनलाइन जमा की जावेगी।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | भट्टे के पके हुए ईट मानक साईज 9"x4"x3" अधिकतम 20 प्रतिशत जल शोषण क्षमता के साथ | 150000 नग | 80000/- (रू. अस्सी हजार) |
| 2 | फलाई एस ईट मानक साईज 8"x4"x4" अधिकतम 20 प्रतिशत जल शोषण क्षमता के | 25000 नग | |
| 3 | हार्ड मुर्रूम | 800 घ.मी. | |
| 4 | नदी की सफेद रेत दानेदार निर्माण मानक अनुसार | 900 घ.मी. | |
| 5 | क्रेशर गिट्टी 20 एम.एम. | 900 घ.मी. | |
| 6 | क्रेशर गिट्टी 40 एम.एम. | 200 घ.मी. | |
| 7 | स्टोन डस्ट | 250 घ.मी. | |
| 8 | कोटा स्टोन मानक मोटाई में | 500 वर्गफुट | |
| 9 | फेलग स्टोन | 200 वर्ग फुट | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं । निविदा से संबंधित विवरण mpforest.gov.in पर भी देखे जा सकते हैं ।2. इच्छुक निविदाकार केडिट / डेबिट/ केशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर केवल ऑनलाइन खरीद सकते है ।। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा की तिथियां लागू होंगी ।4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धि पत्र / परिशिष्ठ कोई हो तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा. समाचार पत्रों में नहीं ।5. निविदा में स्वीकृत दरें अनुबंध की तिथी से आगामी एक वर्ष के लिए बंधनकारी होंगी ।6. निविदाकार स्वयं संपूर्ण क्षेत्र का भ्रमाण कर क्षेत्र ऑकलन पश्चात ही निविदा में सम्मिलित होवें ।7. निविदा दरों की स्वीकृति की वैधता सफल निविदाकार एवं उप संचालक बफरजोन के बीच आपसी सहमति से मुख्य अनुबंध तिथी के पूर्ण होने उपरांत 90 दिनों तक बढ़ाई जा सकती है ।

उप संचालक
बफरजोन वनमण्डल
कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला

G-18434/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/ कर्षण-वितरण/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हो) आई. ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। (1) एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2025-04 दिनांक 03.09.2025. (1) कार्य का नाम: बांदकपुर तथा सोहागपुर स्टेशन पर पुराने एफ.ओ.बी. (पैदल यात्री पुल) के स्थान पर 3 मीटर चौड़ा नया एफ.ओ.बी. प्रदान करने हेतु टी.आर.डी./ओ.एच.ई. कार्य। (2) कार्य स्थल: जबलपुर मंडल (3) कार्य की अवधि: 18 माह (4) कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू): ₹ 40,46,452.46/- (रुपये चालीस लाख छियालीस हजार चार सौ बावन एवं छियालीस पैसे मात्र) (5) बयाना राशि: ₹80,900.00/- (6) निविदा जमा करने/ खुलने की अंतिम तिथि एवं समय: 29.09.2025 15:00 बजे/29.09.2025 15:30 बजे (2) एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा 2024-40RRR दिनांक 04.09.2025. (1) कार्य का नाम: जबलपुर डिविजन के मकरोनिया टीएसएस में 54 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर की आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच) (2) कार्य स्थल: जबलपुर मंडल (3) कार्य की अवधि: 12 माह (4) कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू): ₹ 81,81,123.32/- (रुपये इक्यासी लाख इक्यासी हजार एक सौ तेईस और बतीस पैसे मात्र) (5) बयाना राशि: ₹ 1,63,600.00/- (6) निविदा जमा करने/ खुलने की अंतिम तिथि एवं समय: 30.09.2025 15:00 बजे/ 30.09.2025 15:30 बजे (7) निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in (8) निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेंडर फॉर्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा। (हस्ता.)

वरि.मं.वि. इंजी./क.वि., प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)**
दूरभाष 07642-252443 ई-मेल - eephedmal@mp.nic.in फेक्स - 07642-253622

निविदा क्रमांक 84/2025-26/नि. शाखा/लो.स्वा./2025 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — मण्डला, दिनांक 04.09.2025

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

**Name Of Work:** Balance Work Of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Various Villages of Various Block of Distt Mandla M.P. based on Tube Well including installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line system, Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Errection of Pump house, household tap connections, including cost of all material & labour with 45 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.

| NIT No. | Tender ID No. | Name of Villeges | Name of Block | PAC | EMD | Tender Doc. Fee | End Date of Sub mission | Bid Opening Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 84/ 25-26 | 2025 _PHED_ 449497_1 | Tabalpani & Junwani | Ghughri | 201.97 | 201970 | 15000 | 16.09.2025 | 18.09.2025 | 09 Months I/R Season |

नोट :- निविदा पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

G-18433/25 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मण्डला (म.प्र.)



**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी, (म.प्र.)**

क्रमांक/1473/लो.नि.वि/निर्माण/2025 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक 06/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकदारों से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती का विस्तृत विवरण वेबासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एव लागत रुपए में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए मे एवं EM | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _444077_1 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित कोरी मोहल्ला में सी.सी. रोड निर्माण | 60 Days 847300.00 | 2000/- 8473/- | 15/09/2025 |
| 2 | 2025_UAD _444077_2 | आचार्य विनोवा भावे वार्ड में छोटेलाल बर्मन के घर से शंकर बर्मन के घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य | 60 Days 533799.00 | 2000/- 5337/- | 15/09/2025 |
| 3 | 2025_UAD _444077_3 | आचार्य विनोवा भावे वार्ड में खिरहनी बस्ती में सुविधाम रोड में नाली निर्माण एवं कव्हरिंग कार्य | 60 Days 567915.00 | 2000/- 5706/- | 15/09/2025 |
| 4 | 2025_UAD _444077_4 | शिवाजी वार्ड में शेफाली के घर से प्रगति के घर तक सीसी रोड निर्माण | 60 Days 570632.00 | 2000/- 5706/- | 15/09/2025 |
| 5 | 2025_UAD _444077_5 | शिवाजी वार्ड में कुसुम कुशवाहा के घर से रजनी गोस्वामी के घर तक सीसी रोड निर्माण | 60 Days 151760.00 | 2000/- 1518/- | 15/09/2025 |
| 6 | 2025_UAD _444077_6 | शिवाजी वार्ड में शैफाली के घर से प्रगति के घर तक सीसी नाली निर्माण | 60 Days 370800.00 | 2000/- 3708/- | 15/09/2025 |
| 7 | 2025_UAD _444077_7 | मदनमोहन चौबे वार्ड मे खेरमाई मंदिर चबूतरा मे शेड / रंगमंच निर्माण कार्य | 60 Days 555920.00 | 2000/- 5559/- | 15/09/2025 |
| 8 | 2025_UAD _444077_8 | वशरवरूप बार्ड में चंदी की दफाई में सामुदायिक भवन एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 60 Days 846941.00 | 2000/- 8469/- | 15/09/2025 |
| 9 | 2025_UAD _444077_9 | सी.एल.पी. पाठक वार्ड में राजपूत के घर से पास शेड निर्माण | 60 Days 847070.00 | 2000/- 8470/- | 15/09/2025 |
| 10 | 2025_UAD _444077_10 | कावसजी वार्ड मे रामबहादुर शर्मा, वदना जाटव के घर के पास एवं अन्य स्थानों में सी. सी रोड निर्माण कार्य | 60 Days 847308.00 | 2000/- 8473/- | 15/09/2025 |
| 11 | 2025_UAD _444077_11 | मानसरोवर कालोनी में गैलरी एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 60 Days 831850.00 | 2000/- 8319/- | 15/09/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in की वेबसाईड पर जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त,नगरपालिक निगम कटनी



**हिन्दूजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

Date of Inspection of Property 20.09.2025 - 09.10.2025 between 11 AM to 2 PM
EMD Last date 10.10.2025 between 10 AM to 5PM.
Date / Time of Auction 13.10.2025 between 11 AM to 1PM.

**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट - IV A) (नियम 8(6))**

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकृत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुनर्निर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रवर्तन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेरेस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है। उधारकर्ताओं को कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारकर्ता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारकर्ताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा इंट्रेस्ट प्रवर्तन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारकर्ता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा। राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| ऋणी का नाम सहऋणी- / गारंटर | 1. डिमांड नोटिस की तारीख 2. लोन अकाउंट नंबर 3. तारीख तक देय राशि 4. बोली वृद्धि राशि | अचल एंव सुरक्षित संपति का विवरण | कब्जे की तारीख / आरक्षित मूल्य (रू. में) / बयाना राशि (ईएमडी) |
|---|---|---|---|
| श्री कमलेश ठाकुर श्रीमती संध्या ठाकुर श्री सोनू गौंड | 1. 29/01/2024 2. MP/JBR/NRSP/A000000053 3. Rs. 25,65,700/- 4. Rs. 10,000/- | मौजा इमलिया में परिवर्तित भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका खसरा संख्या 173/8, एनबी संख्या 17, पीएच संख्या 13, ब्लॉक करेली, वार्ड संख्या 04, हनुमान वार्ड, यूनिट संख्या 2, नगर पालिका करेली, तहसील करेली, जिला नरसिंहपुर, (मध्य प्रदेश) है। कुल माप क्षेत्र 30*50=1500 वर्ग फुट। विलेख के अनुसार सीमाएं:- पूर्व: कच्चा रास्ता, पश्चिम: नाली, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि | 29/01/2024 Rs. 3395000/- Rs. 339500/- |
| श्री रोशन सावित्री घोटेल श्रीमती प्रेमलता घोटेल | 1. 01-01-2025 2. MP/JBR/JBLP/A000000648 3. Rs. 12,62,153/- | मौजा बिछुआ एनबी 85 पटवारी हल्का नंबर 14 बेजापुर आरएनएम इमालिया तहसील कुंडम जिला जबलपुर खसरा नंबर 90 रकवा 1.24 हेक्टेयर भूमि 3.06 एचईसी, सदर बाजार कैंट रोड जबलपुर एमपी „ शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482001 माप क्षेत्रफल 994.5 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - प्लॉट नंबर 09, उत्तर - प्लॉट नंबर 13, दक्षिण - प्लॉट नंबर 11 | 01/01/2025 Rs. 1380000/- Rs. 138000/- |
| श्री साहिल कुमार श्रीमती सविता सविता | 1. 01-01-2025 2. MP/JBR/JBLP/A000000607 3. Rs. 16,91,797/- | मौजा बिलपुरा पीएचएन 53 आरएनएम बिलपुरा तहसील रांझी जिला जबलपुर खसरा नंबर 593/1/1 प्लॉट नंबर 1, रांझी शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482001 क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट चार सीमाएं - पूर्व - मकान नंबर 3, पश्चिम - सड़क, उत्तर - मकान नंबर 2, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 01/01/2025 Rs. 2141600/- Rs. 214160/- |
| श्री दिलीप कुमार राय श्रीमती अनुपमा राय | 1. 14-11-2024 2. MP/JBR/JBLP/A000000613 3. Rs. 13,10,287/- | पीएचएन रानीपुर, तहसील-अधारताल, खसरा नंबर 174/5/1/4, गढ़ा, शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482004 क्षेत्र- 654 वर्गफुट या 60.78 वर्गमीटर सीमाएं - पूर्व - सड़क, पश्चिम - राम बाई का घर, उत्तर - जगदीश का घर, दक्षिण - मांडव का घर | 14/11/2024 Rs. 1922400/- Rs. 192240/- |
| श्री मारीदास कोरी श्रीमती कोतम्मा | 1. Issuance Date - 21-11-2024 2. MP/JBR/JBLP/A000000714 3. Rs. 12,44,027/- 4. Rs. 10,000/- | वह सब टुकड़ा और भूमि का पार्सल मौजा सुहागी नंबर 426 फोन 17 तहसील और जिला जबलपुर भूमि खसरा नंबर 9/14 प्लॉट नंबर 15 सुहागी जबलपुर, शहरी, सिंहोरा, मध्य प्रदेश, भारत - 483225, माप क्षेत्र - 600 वर्ग फुट, सीमा - पूर्व - विजय कनौजिया और राकेश यादव का घर, पश्चिम - राकेश यादव की भूमि, उत्तर - पटेल जी का प्लॉट, दक्षिण - सड़क | 21/11/2024 Rs. 1431000/- Rs. 143100/- |

नियम एवं शर्ते - 1. केवाईसी, टेंडर फॉर्म और स्वीकृत नियम एवं शर्ते (टेंडर दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि 10-10-2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या https://www.auctiontiger.in पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा (और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि 13-10-2025 को https://www.auctiontiger.in पर दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक है। 3 हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएचएफएल) ऊपर उल्लिखित संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारियों के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी "जहां है जैसी है" "जो है जैसा है" और "जो कुछ भी है वह है" के आधार पर की जाएगी। 4. डिमांड ड्राफ्ट केवल हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। 5. नीलामी/बोली केवल "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली" के माध्यम से वेबसाइट https://www.auctiontiger.in के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें। 6. इच्छुक बोलीदाताओं को M/s e-Procurement Technologies Pvt. Ltd. (Auction Tiger) लिंक https://sarfaesi.auctiontiger.net, Listing Portal : www.auctiontiger.in के माध्यम से पोर्टल https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए और अपना यूज़र आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट: https://www.auctiontiger.in के माध्यम से सेवा प्रदाता M/s e-Procurement Technologies Pvt. Ltd. (Auction Tiger) से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।7. अधिक जानकारी के लिए हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी Mr. Vaibhav Shrivastava, Mo. No. 7987969803, Mr. Rajesh Chokotiya Mo. No. 84355 71111, Gourav Naik - 75877 48188, Sameer Singh- 958420575, Ashish Singh - 9981998190, Pankaj Joshi - 96445 23578 या सेवा प्रदाता M/s e-Procurement Technologies Pvt. Ltd. (Auction Tiger) Head Office : B-705, Wall Street II, Opp. Orient Club, Near Gujarat College, Ellis Bridge, Ahmedabad – 380 006, Gujarat (India) Support Help Desk Numbers : 9265562819 / 9265562821, Email – support@auctiontiger.net, ramprasad@auctiontiger.net, Mr. Ram Sharma, Mob. +91 8000023297. Email : support@auctiontiger.net आज की तारीख तक, HHFL के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों / सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, अलग करने और / या निपटाने से रोकने और / या अदालत के निषेधाज्ञा का कोई आदेश नहीं है। 8. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया लिंक वेबसाइट यानी https://www.auctiontiger.in देखें।

Date- 10.09.2025 — Authorised Officer

## चिंतन

# आंदोलन के पीछे केवल सोशल मीडिया बैन नहीं

नेपाल में जो हो रहा है, उसे किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। सोशल मीडिया बैन के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन ने पूरी सरकार को ही खदेड़ दिया है। संसद भवन के साथ पीएम, राष्ट्रपति और गृहमंत्री के आवास में तोड़फोड़ और आगजनी हुई। राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पीएम केपी ओली इस्तीफा देकर हेलिकॉप्टर से भागते दिखे। इस सीन ने पिछले साल बांग्लादेश में हुए तख्तापलट की याद दिला दी। जब शेख हसीना को हेलिकॉप्टर से भागना पड़ा था। उससे पहले श्रीलंका में भी ऐसे ही तख्तापलट हुआ था। आंदोलन का कारण 4 सितंबर को नेपाल सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर बैन के आदेश को बताया जा रहा है। इसके बाद हामी नेपाल नाम का एनलीओ चलाने वाले सुदान गुरंग ने इंस्टाग्राम पर युवाओं से स्कूल यूनिफॉर्म और स्कूली बैग लेकर सड़क पर उतरने को कहा। 8 सितंबर को नेपाल की संसद के सामने प्रोटेस्ट शुरू हुआ। ये आंदोलन सिर्फ सोशल मीडिया बैन के खिलाफ नहीं था। हामी नेपाल ने इसका आह्वान करते हुए पोस्ट में लिखा, लंबे अरसे से करप्शन ने हमारे सपने, हमारा फ्यूचर और देश की गरिमा को खत्म किया है। हम देख रहे हैं कि नेता अमीर होते जा रहे हैं और आम लोगों को जीने के लिए तक संघर्ष करना पड़ रहा है, लेकिन अब और नहीं। बस देखते ही देखते आंदोलन ने हिसंक रूप ले लिया। गड़बड़ तब हुई जब सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए गोली चलाने के आदेश दे दिए। जिसमें अब तक 22 लोग मारे गए। बच्चों पर गोली चलवाने की खबर फैलते ही आंदोलन और भी ज्यादा हिंसक हो गया। युवाओं के साथ-साथ आम जनमानस भी आंदोलन से जुड़ गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी। पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा को घर में घुसकर पीटा। वित्त मंत्री विष्णु पोडौल को काठमांडू में उनके घर के नजदीक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, शेर बहादुर देउबा और संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के निजी आवासों को भी आग के हवाले कर दिया। प्रधानमंत्री केपी ओली के अलावा सरकार में शामिल 4 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। असल में 90 के दशक से ही नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल रही है। पहले राजशाही, फिर संवैधानिक राजशाही आई और फिर लोकतांत्रिक सरकार आई, लेकिन नेपाल का करप्शन खत्म होना तो दूर बढ़ता चला गया। जिससे आम जनता में रोष बढ़ रहा था। इससे पहले जब एक सरकार के खिलाफ विरोध का माहौल बनता था तो दूसरे नेता आगे आ जाते थे और देश में चुनाव करवाकर केपी ओली, शेर बहादुर देउबा और प्रचंड के बीच सरकार का ट्रांसफर होता रहता था। इस बार गुस्सा इन सभी सीनियर नेताओं को लेकर है। इनमें से कोई भी जनता को भरोसे में नहीं ले पा रहा। ऐसे में अभी यह नहीं कहा जा सकता कि आगे नेपाल की सत्ता कौन चलाएगा। क्या फौज काबिज होगी, कोई अंतरिम सरकार बनेगी या दोबारा चुनाव होंगे, अभी इस पर कुछ भी कह पाना मुश्किल है। हां यह सही है कि सत्ता कैसी भी, किसी की भी हो, युवाओं की अनदेखी नहीं कर पाएगी। यह आंदोलन नेपाली नेताओं के लिए सबक भी है।



फिलहाल
संतोष कुमार भार्गव

# धीरे-धीरे नरम पड़ेंगे ट्रंप के तेवर

> ट्रंप ने भारत से संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है।

भा अमेरिकी राष्ट्रेपति डोनाल्डह ट्रंप के तेवर नरम पड़ गए हैं। उन्हें एहसास हो गया है कि भारत किसी भी देश के सामने झुकने वाला नहीं है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने ट्रंप के पोस्टक और उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया का मतलब समझाया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप को अब समझ आ रहा है कि उनकी आक्रामक व्यापारिक धमकियां नाकाम साबित हो रही हैं। हाल में ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को 'बहुत-बहुत खास' बताया था। फैबियन ने जोर देकर कहा कि भारत, भारत है। यह एक सभ्यता वाला देश है। भारत किसी भी देश का पिछलग्गू नहीं बन सकता। भारत सबके साथ दोस्ती चाहता है। व्यापार करना चाहता है। लेकिन, भारत किसी की तानाशाही नहीं मानेगा।

यह बात ट्रंप की ओर से भारत-अमेरिका संबंधों पर नरम रुख अपनाने के बाद आई है। ट्रंप ने इन संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है। दोनों ही नेताओं के ताजा बयान इस बात के संकेत दे रहे हैं कि दोनों देशों के बीच बिगड़े रिश्ते धीरे-धीरे सामान्य हो सकते हैं। आपको बता दें कि फिलहाल अमेरिका के द्वारा भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैक्स जारी है।

वर्तमान में विश्व के तमाम देशों से व्यापार और राजनीतिक संबंध रखना सबके लिए जरूर है। बात अगर भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों की कि जाए तो 'एप्पल' ने भारत से 67,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'अमेजन' ने 40,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'गूगल' ने 22-23,000 करोड़ रुपये बनाए हैं और 'मेटा' ने भी लगभग इतनी ही कमाई की है। ये सभी अमरीकी कंपनियां हैं और भारत उनका सबसे बड़ा बाजार है। भारत में इनके प्लांट भी सक्रिय होंगे अथवा स्थापित होने की प्रक्रिया में होंगे! ऐसी कई और अमरीकी कंपनियां होंगी, जो भारत में व्यापार कर रही हैं और मोटा मुनाफा कूट रही हैं। इन कंपनियों के सबसे अधिक ग्राहक और उपयोगकर्ता भी भारत में हैं। यह मुनाफा अमरीका में ही जा रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप अब भारत के बारे में क्या सोच रहे हैं? चूंकि अमरीकी कंपनियां भारत में उत्पादन कर रही हैं और माल अमरीकी बाजार में जा रहा है, क्या राष्ट्रपति ट्रंप इन उत्पादों पर भी 50 फीसदी टैरिफ थोपेंगे? बल्कि ट्रंप हररोज टैरिफ पर सफाई दे रहे हैं। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप 100 दिनों के अंतराल में टैरिफ पर पुनर्विचार कर अपने फैसले को वापस ले सकते हैं, लिहाजा उन्होंने सर्वोच्च अदालत से आग्रह किया है कि वह टैरिफ मामले पर यथाशीघ्र सुनवाई कर उसे 'वैध' करार दे। अदालत नवंबर माह में सुनवाई शुरू करेगी, यह पहले से ही तय है।



राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि दुनिया दो ध्रुवों के बीच बंटती जा रही है और अमरीका को 'शीत युद्ध' एक बार फिर शुरू होने की आशंका है। अमरीका की ताकत भी बंटती जा रही है। अब देश अमरीका की 'दादागीरी' मानते रहने को तैयार नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीकी मंत्री अब भी भारत को अपना 'परम मित्र' मानते हैं। अमरीकी विशेषज्ञ भी मानते हैं कि देश के राष्ट्रपतियों ने दशकों की मेहनत, कूटनीति, दूरदर्शिता और देशों की लामबंदी के जरिए जो ताकत अर्जित की थी और अमरीका को सबसे बड़ी 25 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया था, राष्ट्रपति ट्रंप उस पर पानी फेर रहे हैं। भारत को 50 फीसदी टैरिफ से अमरीका ने दबाव में लाने की रणनीति बनाई, लेकिन भारत दूसरे ध्रुव पर रूस और चीन के साथ मिल गया।

उसके समर्थन में 50 अन्य देश, ब्रिक्स और एससीओ के देश आ खड़े हुए। भारत के वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि भारत का ऑस्ट्रेलिया और ओमान के साथ व्यापार का करार शीघ्र ही होने जा रहा है। भारत की 50 अन्य देशों के साथ भी निर्यात की संभावनाओं पर बातचीत जारी है। अमरीका के साथ भी नवंबर तक व्यापार-समझौता होना लगभग तय है। भारत आगामी दो सालों के भीतर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। सवाल यह है कि ट्रंप को भारत से दिक्कत है अथवा रूस और चीन से?

भारत ने पलट कर अमरीका पर कोई टैरिफ नहीं थोपा है। अमरीकी कंपनियां भारत की सार्वजनिक और निजी कंपनियों से अरबों डॉलर के करार कर रही हैं। अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे अधिकारी ने अमरीका में मंदी की संभावनाओं को लेकर राष्ट्रपति को सचेत किया है। ऐसे भी विश्लेषण सामने आए हैं कि एक-तिहाई उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ऐसे में भारत के साथ कारोबार कम क्यों किया जा रहा है? टैरिफ का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि रूस के साथ भारत, चीन के अलावा अमरीका और यूरोपीय देश भी तेल और गैस का धंधा कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप को आरोप लगाने की अपनी आदत को सुधारना चाहिए। उन्होंने अब चीन पर आरोप चस्पां किया है कि वह अमरीका के खिलाफ साजिश रच रहा है। दरअसल बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमरीका अकेला पड़ता जा रहा है। अच्छे संबंधों को सिर्फ टैरिफ तक सीमित कर देखना ट्रंप और अमरीका के लिए नुकसानदायक होगा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब शीत युद्ध शुरू हुआ था, तब भी भारत दोनों ध्रुवों से अलग, अपनी गुटनिरपेक्षता के लिए, मजबूती से खड़ा था। बहरहाल जो भी निर्णय लेना है, राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीका को लेना है।

अब सवाल है कि भारत को क्या करना चाहिए? अगर ट्रंप नरम पड़ रहे हैं, तो यह नरमी अभी नीतिगत नहीं है। यह तभी वास्तविक होगी जब शर्तों पर बातचीत होगी और टैरिफ राहत पर कागजी कार्रवाई पूरी हो जाएगी। जीजीआई की ओर बहुत अधिक झुकाव अमेरिकी दबाव से राहत पाने में रुकावट का जोखिम पैदा कर सकता है। हालांकि, वाशिंगटन की ओर बहुत अधिक झुकाव, बदले में, भारत के प्रभाव को कम कर देगा। भारत को इस नरमी को खुले मानकों के लिए एक सहारा के रूप में देखना चाहिए, न कि वैश्विक निवेश साझेदारी यानी जीजीआई के दायरे को बंद करने वाले संरेखण के रूप में। दोनों रास्तों में संतुलन बनाकर ही भारत के आगे के विकल्प तय होने चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष

डॉ. जयपाल मेहरा



# जिंदगी के लूप में कहीं खो न जाए इंसानियत का जुड़ाव

सुबह उठे, अलार्म बंद किया, मोबाइल पर दस नोटिफिकेशन... फोन उठाया, बाथरूम गए, नहाते-नहाते रील्स देखीं, नाश्ता किया और ऑफिस निकल गए। ऑफिस पहुंचे, कंप्यूटर ऑन किया, चार ईमेल, पांच मीटिंग्स... दोपहर हो गई। लंच टाइम में फोन स्क्रॉल किया, दोस्तों की शादी की तस्वीरें देखीं, किसी के बच्चे का वीडियो देखा... 'लाइक' कर दिया। शाम हुई, घर आए, खाना खाया और सोने से पहले फिर वही मोबाइल... और फिर सो गए। कल फिर यही दोहराना है। जिंदगी का लूप चल रहा है। एक दिन अचानक दिमाग में ख्याल आता है कि ये सब क्यों? अगर मैं आज नौकरी छोड़ दूं, तो कल सुबह मेरी जगह कोई और बैठा होगा। मेरा कंप्यूटर पासवर्ड तक भी कंपनी भूल जाएगी। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह एक ही गाना बजाए जा रही है, और आप उसके बोल याद करके थक चुके हैं। ये कोई नई हैरान करने वाली बात नहीं लिखी है मैंने, हर दस में से आठ लोगों कि यही कहानी है। बुजुर्गों को लगता है कि उनको कोई सुनता नहीं है, युवाओं को लगता है कि उनको कोई समझता नहीं है। यही फीलिंग, यही अकेलापन, धीरे-धीरे अंदर ही अंदर इंसान को खोखला कर देता है। इस टेक्नोलॉजी के इस युग में हमने भावनात्मक संबंधों को कहीं खो दिया है। अंग्रेजी में क्या कहते है उसको, इमोशनल कनेक्शन..हां वहीं।

आजकल हमारे पास 500 फ्रेंड्स हैं फेसबुक पर और 200 कॉन्टैक्ट्स व्हॉट्स ऐप पर, लेकिन क्या कोई है जिसे हम रात 2 बजे बिना सोचे मैसेज कर सकें? हमने डिजिटल दुनिया में सैकड़ों कनेक्शन बना लिए, लेकिन असली दुनिया में उस एक इंसान को खो दिया जिसके साथ दो कप चाय पर दिल की हर बात कह सके। हमारी सबसे बड़ी समस्या यही है कि हम उस कल के लिए टेंशन में हैं जिस कल में शायद हम है ही नहीं। अब क्या पता ऊपर वाले ने हमारी टिकट पहले ही एडवांस बुक कर रखी हो। क्या पता कब, कहां और क्या आखिरी हो। इसलिए आज को जीना सीखो। शाररुख खान की 2003 में आई फिल्म के वो बोल, हर पल यहां..जी भर जीयो... जो है समां.. कल हो ना हो एकदम सटीक बैठते हैं। दुनिया में 800 करोड़ से ज्यादा लोग हैं और इसमें से आपको यह समझाना कि आपके लिए कोई नहीं है... ये गणित के नियमों के भी खिलाफ है! उस एक इंसान को ढूंढिए जो कंधे पर हाथ रखकर कहे कि सब ठीक हो जाएगा यार, एक ऐसी हंसी जो बिना किसी फिल्टर के सुनाई दे और एक ऐसा कान जो बिना हमें जज किए बस सुन ले कि क्या भसड़ मची है और इसे ही कहते हैं इमोशनल कनेक्शन। वो खास इंसान कोई भी हो सकता है जैसे बेस्ट फ्रेंड, पार्टनर, मां-बाप, या कोई आपका अच्छा सहकर्मी। पर इस लूप से भी बड़ा एक सदमा है जो हमारे युवाओं को झेलना पड़ रहा है। कितनी ही बार एक छात्र ये सोचकर हार मान लेता है कि उसका आने वाला कल सिर्फ एक कागज़ के टुकड़े पर निर्भर है। वो सब कुछ अंदर ही अंदर घुटता रहता है, और एक दिन... एक गलत फैसला कर बैठता है। क्या उसके सपनों, उसकी कला, उसकी मेहनत की कीमत सिर्फ 90% है? बिल्कुल नहीं! माँ-बाप को भी चाहिए कि बातचीत को एक रिपोर्ट कार्ड में समेटने और फोन पर.. बेटा टेस्ट में कितनी रैंक आई? याद रखो, बहुत पैसा लगा रहे हैं तुम पर, कुछ बनकर ही घर लौटना कहने कि बजाए बस पूछ लीजिए कि कोई दिक्कत तो नहीं नए शहर में ... कोई बात हो... तो बस इतना याद रखना, हम हैं तुम्हारे साथ, हमेशा। ये बात नहीं है कि पढ़ाई और करियर जरूरी नहीं। बिल्कुल हैं, पर उससे भी ज्यादा जरूरी है आपका बच्चा और उसका मानसिक स्वास्थ्य। कभी - कभी यूं ही बेवजह अपने बच्चों को गले लगा लिया करो क्योंकि इतिहास गवाह है कि बेटों को जीवन में एक बार ही पिता के गले लगने का मौका मिलता है जब वो कामयाब हो जाते हैं और बेटियों को, जब वो विदा होती हैं। तो जब अगली बार फोन लगे तो पहला सवाल नंबरों के बारे में नहीं, उसके बारे में हो। यही वह भावनात्मक जुड़ाव है जो हमें इंसान बनाता है। जब यह टूटता है, तो इंसान टूट जाता है। आत्महत्या के आंकड़े इसी अकेलेपन की चीख हैं। जिंदगी जीने के लिए बहुत छोटी है, लेकिन शिकायत लेकर मरने के लिए बहुत लंबी। हमारी असफलता अंत नहीं है, बल्कि एक नई शुरुआत का संकेत है। हर किसी की एक कहानी होती है। कुछ कहानियां इतिहास बन जाती हैं और कुछ दर्द की मारी, इंसान के साथ ही दफन हो जाती हैं। खुद के साथ ऐसा ना होने दें, दूसरों की सुने और खुद की सुनाएं और परफेक्शन से ज्यादा कनेक्शन बनाएं।

( लेखक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। )

## प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
**दर्शन**

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

## पैसा, सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गईं। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## सटाका




## आज की पाती

### हानिकारक खरपतवार, गाजर घास

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है।

*- मदन यादव, भाटापारा*

## ट्रेंड

### दौरा किया



बाढ़ और भूस्खलन के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज हिमाचल प्रदेश और पंजाब का दौरा किया और प्रभावित लोगों से बातचीत की। भारत सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### लोकतंत्र की शक्ति



उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 में मतदान के लिए सभी माननीय सांसदों का धन्यवाद। अब हम मतगणना और परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सदस्यों की सामूहिक इच्छाशक्ति हमारे संसदीय लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है। यही हमारे लोकतंत्र की शक्ति है।

- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### विशेष महसूस कर रहा



धैर्य से लाइन में लगे, 3 घंटे की तपस्या हुई, परन्तु मतदान करने के बाद बहुत ही विशेष महसूस कर रहा हूं। आज लोकतंत्र के इस महान पर्व पर संसद भवन में भारत के उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना मतदान किया।

- मनोज तिवारी, भाजपा सांसद

### पैरों पर खड़ा करना




हमें पंजाब को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना है। हम जानवरों के लिए चारा, सैनिटरी पैड, गद्दे, तिरपाल, ये सभी चीजें बांट रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह यहां आ रहे हैं।

- सोनू सूद, अभिनेता

## करंट अफेयर


### किम ने नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरान की



उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए डिजाइन किए गए एक नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरानी की। आईसीबीएम एक ऐसी मिसाइल होती है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक मार कर सकती है। इसे लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल कहा जाता है। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने अपनी खबर में बताया कि ठोस ईंधन चलित रॉकेट इंजन का नौवां और अंतिम जमीनी परीक्षण सोमवार को किया गया। यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है और 1,971 किलोन्यूटन की ताकत पैदा कर सकता है, जो पहले के मॉडलों की तुलना में अधिक शक्तिशाली है। किम ने एक सप्ताह पहले उस शोध संस्थान का निरीक्षण किया था, जिसने यह इंजन विकसित किया है। इसके बाद ही परीक्षण की यह खबर सामने आई है। उस समय किम के निरीक्षण के दौरान उत्तर कोरिया ने कहा था कि यह इंजन भविष्य में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए इस्तेमाल होगा, जिसमें 'ह्वासोंग-20' नामक प्रणाली भी शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तर कोरिया ने कई तरह की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है।


## ऑफ बीट

### संरक्षित सब्जियां क्यों बन सकती हैं जानलेवा



दक्षिणी इटली के एक फूड ट्रक से जुड़ी खाद्य जनित बीमारी हाल ही में दो लोगों की मौत और दर्जनों को अस्पताल पहुंचाने का कारण बनी। इसका कारण संरक्षित सब्जियों में मौजूद क्लॉस्ट्रिडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया था, जो बोटुलिज़्म नामक एक घातक बीमारी के लिए जिम्मेदार है। ब्रोकली के एक विशेष खेप को लेकर ब्रिटेन की फूड स्टैंडर्ड्स एजेंसी ने भी हाल ही में चेतावनी जारी की है। आशंका जताई जा रही है कि उसमें भी बोटुलिनम विषाणु हो सकता है। कैसे बनता है यह ज़हर : कैनिंग प्रक्रिया के दौरान भोजन से हवा निकाल दी जाती है और उसे कसकर बंद कर दिया जाता है, जिससे एक ऑक्सीजन-रहित (एनेरोबिक) वातावरण बन जाता है। आमतौर पर यह प्रक्रिया भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखती है, लेकिन यह वातावरण क्लॉस्ट्रिडियम बोटुलिनम के लिए आदर्श स्थितियां भी पैदा कर सकता है। इस बैक्टीरिया के बीजाणु यानी स्पोर आम तौर पर मिट्टी में पाए जाते हैं और यह उच्च तापमान पर पकाने के बावजूद जीवित रह सकते हैं। खासकर ब्रोकली, हरी फलियां, मक्का, चुकंदर और मटर जैसे कम अम्लीय खाद्य पदार्थों में, यदि कैनिंग प्रक्रिया पर्याप्त गर्म या लंबी नहीं हुई हो, तो ये बीजाणु सक्रिय होकर ज़हर पैदा कर सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## नेपाल में गहराया असंतोष पीएम का इस्तीफा

# केपी ओली से सभी देशों ने बनाई दूरी भारत विरोधी और चीन समर्थक रहे

भारत समेत इन देशों ने ओली सरकार के प्रति किसी तरह की सहानुभूति नहीं दिखाई गई। उल्टा इन देशों ने शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन का समर्थन करने की तरफ संकेत दिया। घरेलू वजहों के साथ ही किसी भी प्रमुख देश की तरफ से समर्थन नहीं मिलने के बाद ओली सरकार के पास विकल्प सीमित हो गए थे

» नेपाल में लोकतंत्र होने के बजाए राजनीतिक स्थिरता दूर की कौड़ी

» बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व जातिगत असमानता से फैल गया असंतोष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू हुए डेढ़ दशक से अधिक समय हो चुका है, लेकिन राजनीतिक स्थिरता दूर की कौड़ी बनी हुई है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व जातिगत असमानता से फैले असंतोष से देश छात्र आंदोलन की चपेट में है। नेपाल में छात्रों व युवाओं के हिंसक आंदोलन जिसे जेन-जेड प्रोटेस्ट नाम दिया गया, उसके दूसरे दिन ही पीएम केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा है।



कूटनीतिक सूत्रों ने पिछले 12 घंटों के दौरान भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया ने जिस तरह की प्रतिक्रिया दी, उसने भी पीएम ओली पर दबाव बनाने में काफी अहम भूमिका निभाई है। भारत समेत इन देशों ने ओली सरकार के प्रति किसी तरह की सहानुभूति नहीं दिखाई गई। उल्टा इन देशों ने शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन का समर्थन करने की तरफ संकेत दिया।

जानकारों की मानें तो घरेलू वजहों के साथ ही किसी भी प्रमुख देश की तरफ से समर्थन नहीं मिलने के बाद ओली सरकार के पास विकल्प सीमित हो गए थे।

### मौलिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करें

*आस्ट्रेलिया, फिनलैंड, फ्रांस, जापान, कोरिया गणराज्य, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेपाल में स्थित दूतावासों की तरफ से जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि हम काठमांडू और नेपाल के अन्य क्षेत्रों में देखी गई हिंसा से गहरा दुखी हैं, जिसमें प्रदर्शनों के दौरान हुई जान की दुखद हानि और चोटें शामिल हैं। हम पीड़ितों के परिवारों, सभी प्रभावित लोगों और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हुए अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारी सरकारें शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सार्वभौमिक अधिकारों के प्रति अपनी दृढ़ समर्थन को पुनः दोहराती हैं।*

### चीन के साथ किया ट्रांजिट समझौता

*दरअसल, ओली कुल मिला कर तीन बार नेपाल के पीएम बने लेकिन भारत के साथ वह कभी भी विश्वसनीय द्विपक्षीय संबंध स्थापित नहीं कर पाए। पहली बार वह 11 अक्टूबर, 2015 को नेपाल के पीएम का कार्यभार संभाला था। तब उनकी छवि पूरी तरह से भारत विरोधी और चीन के समर्थन वाली थी। अपने पहले कार्यकाल (2015-2016) में ओली ने चीन के साथ एक ट्रांजिट और परिवहन समझौता किया। इससे भारत का नेपाल के विदेशी व्यापार पर एकाधिकार समाप्त हो गया। यह कदम भारत की पारंपरिक भूमिका को कमजोर करने के लिए देखा गया, क्योंकि नेपाल भौगोलिक रूप से भारत पर निर्भर रहा है।*

### महंगाई और घोटालों से जनता में आक्रोश

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रैंकिंग में नेपाल लगातार दक्षिण एशिया के सबसे भ्रष्ट देशों में गिना जाता है। नेता, अफसर, बिचौलिए और मुनाफाखोर मालामाल हैं। जनता का गुस्सा बार-बार इस बात पर फूटा कि लोकतंत्र ने अभिव्यक्ति का मंच तो दिया, पर भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाया गया। यही वजह है कि हाल में महंगाई, ईंधन संकट और घोटालों के खिलाफ छात्र संगठनों और नागरिक समूहों ने देशव्यापी प्रदर्शन किए।

### रोजगार सृजन की गति धीमी

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और विश्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि नेपाल की बेरोजगारी दर 2024 में लगभग 11-12% है। लेकिन अनौपचारिक श्रम और मौसमी कामकाज के चलते वास्तविक स्थिति कहीं अधिक गंभीर है। लोकतंत्र आने के बाद शिक्षा का प्रसार हुआ, मगर रोजगार सृजन की गति धीमी रही। परिणामस्वरूप लाखों युवाओं को खाड़ी देशों, मलेशिया और भारत की ओर पलायन करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### रूस का यूक्रेन के गांव पर हमला, 21 की मौत

**कीव।** रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है। मंगलवार को रूस द्वारा



पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गाँव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज़्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के यारोवा गांव में गिरा।

### हिमाचल में भूस्खलन एक महिला की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के निरमंड इलाके में भूस्खलन में एक महिला की मौत हो गई,




जबकि उसके परिवार के चार अन्य सदस्यों के मलबे में दबे होने की आशंका है। जिले की घाटू पंचायत के शरमानी गांव में सोमवार रात लगभग डेढ़ बजे भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिसमें दो घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मंगलवार को बताया कि एक शव बरामद कर लिया गया है और चार लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है।

## डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो का ब्रिक्स देशों पर करारा हमला

# वे 'वैम्पायर', हमारा खून चूस रहे अर्थव्यवस्था को पहुंचा रहे नुकसान

*इनमें पहले से ही आपसी तनाव*

पीटर नवारो ने एक इंटरव्यू में कहा कि ब्रिक्स देशों का अस्तित्व तभी तक है जब तक वे अमेरिका को सामान बेचते हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों में से कोई भी अमेरिका को अपने उत्पाद बेचे बिना जीवित नहीं रह सकता



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने ब्रिक्स देशों पर निशाना साधते हुए उन्हें 'वैम्पायर' यानी खून चूसने वाले करार दिया। उनका आरोप है कि ये देश अनुचित व्यापारिक नीतियों के जरिए अमेरिका की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पीटर नवारो ने एक इंटरव्यू में कहा कि ब्रिक्स देशों का अस्तित्व तभी तक है जब तक वे अमेरिका को सामान बेचते हैं।

उन्होंने कहा कि इन देशों में से कोई भी अमेरिका को अपने उत्पाद बेचे बिना जीवित नहीं रह सकता। लेकिन जब ये हमें सामान बेचते हैं तो ये वैम्पायर की तरह हमारे खून को चूसते हैं।

पीटर नवारो की यह टिप्पणी उस समय आई है जब ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स की वर्चुअल बैठक हुई। नवारो ने तंज कसते हुए कहा कि अब देखना होगा कि ये गठबंधन कितने दिन चलता है।

**ब्रिक्स देश** आपस में ही लड़ते-भिड़ते रहते हैं

**इन देशों** ने अनुचित व्यापार नीतियां अपनाई

### भारत को फिर दी चेतावनी

*नवारो ने चेतावनी दी कि भारत को किसी न किसी समय अमेरिका के साथ व्यापार वार्ताओं पर 'सहमत होना ही पड़ेगा'। अगर ऐसा नहीं होता है, तो नई दिल्ली रूस और चीन के साथ खड़ी नजर आएगी और यह भारत के लिए 'अच्छा' नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस बात से आहत हुई है कि उन्होंने भारत को शुल्क (टैरिफ) का 'महाराजा' कहा था। लेकिन यह बिल्कुल सच है। अमेरिका के खिलाफ दुनिया के किसी भी बड़े देश में सबसे ऊंचे शुल्क भारत ही लगाता है। हमें इससे निपटना होगा।*

### ये देश एक दूसरे से नफरत करते

नवारो ने दावा किया कि ब्रिक्स देशों के बीच आपसी अविश्वास और तनाव है। इतिहास गवाह है कि ये देश एक-दूसरे से नफरत करते हैं और लड़ते-भिड़ते रहते हैं। नवारो ने उदाहरण देते हुए कहा कि रूस और चीन के बीच भरोसा नहीं है। चीन, रूस के व्लादिवोस्तोक पोर्ट पर अपना दावा करता है और अवैध आव्रजन के जरिए साइबेरिया में अपनी पकड़ बढ़ा रहा है। भारत और चीन के बीच दशकों से सीमा विवाद और तनाव है। चीन ने पाकिस्तान को परमाणु हथियार दिए, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएं और बढ़ीं।

### ब्रिक्स में 11 देश शामिल

*ब्रिक्स में मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे, लेकिन इसका 2024 में विस्तार करके इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया तथा 2025 में इंडोनेशिया भी इसमें शामिल हो गया। वर्तमान में ब्रिक्स में 11 देश शामिल हैं- ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, यूएई, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान। यह समूह मुख्य रूप से ग्लोबल साउथ देशों के बीच राजनीतिक और आर्थिक समन्वय का मंच है।*

### ब्राजील के राष्ट्रपति पर कसा तंज

*ब्राजील को लेकर नवारो ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की समाजवादी नीतियों के कारण गर्त में जा रही है, जबकि वे उस देश के असली नेता को जेल में रखे हुए हैं। उनका इशारा पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो की ओर था, जो फिलहाल नजरबंद हैं और 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद कथित तख़्तापलट की साजिश रचने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे हैं।*

## 12 हजार फीट ऊंचाई में हिमस्खलन

# सियाचिन में सेना के 3 जवान शहीद, बचाव दल काम पर जुटा


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ लेह

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में हिमस्खलन होने के कारण तीन जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रविवार को 12,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन आधार शिविर क्षेत्र में हिमस्खलन हुआ, जिसमें दो अग्निवीर सहित तीन सैनिक फंस गए।

अधिकारियों ने बताया कि तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया और फंसे हुए सैनिकों के शव निकाल लिए गए। हिमस्खलन ने सेना के एक पोस्ट को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे यह दुखद घटना हुई। सेना की बचाव टीमें तुरंत काम पर लग गई हैं, जो लेह और उधमपुर से मदद ले रही हैं। सेना ने अन्य जवानों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है।

### सियाचिन सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र

सियाचिन ग्लेशियर, जो कराकोरम पर्वत श्रृंखला में 20,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। सियाचिन को दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र कहा जाता है। यहां तापमान -60 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। तेज हवाएं, बर्फीले तूफान और हिमस्खलन आम हैं। यह हिमस्खलन उत्तरी ग्लेशियर क्षेत्र में हुआ, जहां ऊंचाई 18,000 से 20,000 फीट है। इस इलाके में सैनिकों को न सिर्फ दुश्मन से, बल्कि प्रकृति की मार से भी लड़ना पड़ता है। सियाचिन में हिमस्खलन सर्दियों में आम हैं। 1984 में शुरू हुए ऑपरेशन मेघदूत के बाद से भारत ने सियाचिन पर कब्जा बनाए रखा है, लेकिन मौसम की वजह से 1,000 से ज्यादा जवान शहीद हो चुके हैं।

### रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र

सियाचिन ग्लेशियर का क्षेत्र पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), अक्साई चिन और शक्सगाम घाटी से सटा हुआ है, जिसे पाकिस्तान ने 1963 में चीन को सौंप दिया था। यह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण इलाका है क्योंकि इससे दुश्मन की हरकतों पर नजर रखी जा सकती है। इसके साथ ही यह स्थान लेह से गिलगित आने-जाने वाले रास्तों को भी नियंत्रित करता है, जिससे इसकी सैन्य और रणनीतिक अहमियत और बढ़ जाती है।

## कुलगाम के गुडर वन में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

# पहलगाम हमले के बाद चिन्हित 14 स्थानीय आतंकियों में से एक और ढेर, अब 6 बचे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कुलगाम के गुडर वन क्षेत्र में 12 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकियों में एक दरमडोरा शोपियां का आमिर अहमद डार है। इसका नाम


आमिर रहमान

पहलगाम हमले के बाद जारी की गई 14 स्थानीय आतंकियों की सूची में शामिल था।

वे घाटी में सक्रिय थे और पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ आतंक फैला रहा था। अब सूची में शामिल 8 आतंकी ढेर हुए चुके हैं। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आमिर 'सी केटेगरी' का आतंकी था। आमिर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था।

### बचे आतंकियों की तलाश जारी

अब 6 बचे आतंकियों की तलाश जारी है। उनमें हिजबुल और लश्कर के 3-3 आतंकी हैं। हिजबुल का ए+ कैटेगरी का चीफ ऑपरेशनल कमांडर जुबैर अहमद वानी उर्फ अबू उबैदा, लश्कर का ए+ कैटेगरी का डिस्ट्रिक्ट कमांडर सोपोर आदिल रेहमान, हिजबुल का ए+ कैटेगरी का आसिफ अहमद, लश्कर का सी कैटेगरी का नसीर अहमद, हिजबुल का हारुन रशीद, लश्कर का जाकिर अहमद शामिल हैं।

### 8 आतंकी मारे जा चुके

बता दें, पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची तैयार की थी। पहचाने गए ये आतंकी पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं।

## ई-मेल भेजने वाले ने पाक नारे लगाए

# पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब को बम से उड़ाने की फिर धमकी

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल के जरिए बदमाशों गुरुद्वारा प्रबंधन को धमकी भेजी। इसमें लिखा था कि गुरु लंगर कक्षों में आईईडी लगे हुए हैं। जल्द ही विस्फोट होने वाला है।

इस सूचना के बाद गुरुद्वारे में हड़कंप मच गया। फौरन पटना पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंची और जांच में जुट गई। टीम ने गुरुद्वारे के चप्पे-चप्पे को खंगाला लेकिन बम या कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।



इसके बाद पटना पुलिस टीम हाई अलर्ट पर है। धमकी देने वाले ने मेल में खुद को 'वनियार पुंडई रामदास' बताते हुए कई सनसनीखेज बातें लिखी हैं। मेल में कहा गया है कि आईईडी विस्फोट से पहले तुरंत गुरुद्वारा के सभी कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को बाहर निकाल लिया जाए।

## अटल कार्यकर्ता सम्मान

# व्यास कोठी में फिर गूंजे भारत माता के जयकारे

**शिवपुरी।** अभिनव अभियान को आगे बढ़ाते हुए धीरज पटैरिया ने चंबल क्षेत्र के प्रवास के दौरान यहां बैराड में अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम में जनसंघ से भाजपा तक निरंतर सक्रिय रहते हुए समाज एवं संगठन के लिए समर्पित योगदान देने वाले शिवपुरी जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण व्यास और अशोक शर्मा को शाल श्रीफल एवं ताम्रपात्र से सम्मानित किया। इस अनुभव से कार्यकर्ताओं एवं युवा पीढ़ी को नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी। इस अवसर पर बाबूलाल मेवरा (पूर्व राज्यमंत्री एव पूर्व विधायक विजयपुर), सुरेश राठखेडा (पूर्व मंत्री म.प्र.शासन) पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धैर्यवर्धन शर्मा, तुलाराम यादव, विवेक पालीवाल, विक्की मंगल, धीरज विकास मंडल अध्यक्ष, आशुतोष शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे पीड़ित परिवार, बरी करने वाले फैसले को चुनौती

**एजेंसी:मुंबई** मालेगांव ब्लास्ट मामले में मृतकों के छह परिजनों ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन परिवारों ने विशेष एनआईए अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया गया था। यह अपील सोमवार को निसार अहमद सैयद बिलाल और अन्य ने अपने वकील मतीन शेख के जरिए दाखिल की। 29 सितंबर 2008 को मालेगांव की एक मस्जिद के पास खड़ी मोटरसाइकिल पर बंधा विस्फोटक फट गया था। यह घटना नासिक जिले के साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाके में हुई थी। धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी,

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी बोले

# भारत के संदर्भ में जमीन पर मजबूती ही सदैव 'जीत' की कुंजी बनी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को किसी भी युद्धक्षेत्र में थल सेना की प्रधानता पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत के संदर्भ में जमीन पर मजबूत पकड़ सदैव जीत की कुंजी रहेगी।



यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने किसी भी युद्ध में थल सेना के महत्व पर ज़ोर दिया और पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन संघर्ष पर हुई शिखर वार्ता का ज़िक्र किया।

द्विवेदी ने कहा कि जब आप दोनों राष्ट्रपतियों के बीच हुए अलास्का सम्मेलन पर गौर करते हैं, तो उन्होंने सिर्फ इस बात पर चर्चा की थी कि कितनी ज़मीन का आदान-प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत में, चूंकि हमारे सामने ढाई मोर्चों पर खतरा है, इसलिए जमीन पर मजबूती ही जीत की कुंजी बनी रहेगी। सेना प्रमुख की यह टिप्पणी एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के उस बयान के दो सप्ताह बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर वायु सेना की शक्ति की 'प्रधानता' स्थापित कर दी है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर इसरो प्रमुख वी. नारायणन का बड़ा खुलासा

# निगरानी और संचार उपग्रहों के माध्यम से सेना को मदद पहुंचाई

*400 से अधिक वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया, संघर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सहायता प्रदान करने के लिए 400 से अधिक वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया। सैन्य अभियान के समय पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों के माध्यम से मदद मुहैया कराई जा रही थी। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के 52वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करते हुए वी. नारायणन ने कहा कि इसरो ने राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए उपग्रह डेटा उपलब्ध कराया। बता दें, जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने आम सैलानियों को निशाना बनाया था और 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई की और 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की गई। इसके तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान के क्षेत्र में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया था।



फाइल फोटो

### भारतीय उपग्रह 24 घंटे सक्रिय थे


नारायणन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी उपग्रह चौबीसों घंटे सक्रिय थे और सभी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे थे। 400 से अधिक वैज्ञानिक दिन-रात, पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे थे और मिशन के दौरान सभी पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रह पूरी तरह से सक्रिय थे।

### गगनयान मिशन के 7,700 से अधिक परीक्षण पूरे

इसरो प्रमुख ने बताया कि मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान परियोजना के तहत अब तक 7,700 से अधिक जमीनी परीक्षण पूरे किए जा चुके हैं और आगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान से पहले 2,300 परीक्षण और किए जाएंगे। गगनयान मिशन के तहत इसरो बिना चालक दल वाले तीन मिशन संचालित करेगा, जिनमें पहला मिशन इस वर्ष दिसंबर में अपेक्षित है। इसके बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे। गगनयान परियोजना के तहत दो मानवयुक्त मिशनों के संचालन के लिए भी अनुमोदन मिल चुका है। नारायणन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने इसरो को 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर उतारने का लक्ष्य सौंपा है।

## खबर संक्षेप

### जन्म जन्मान्तरों के पुण्यों से श्रवण करने मिलती है श्रीमद् भागवत कथा



### पुरानी जगदम्बा कालोनी में भागवत कथा प्रारंभ, व्यासपीठ से सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री के उद्गार

**हरिभूमि, जबलपुर।** भगवान की लीलाओं का श्रवण करने से जीव का कल्याण होता है। श्रीमद् भागवत कथा परम कल्याणकारी है जिसका श्रवण करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान श्री कृष्ण की वांगमई मूर्ति है। भागवत कथा का रस पान करने के लिए देवता भी लालायित रहते हैं। लेकिन जिसके जन्म जन्मान्तरों के पुण्यों का उदय हो जाता है उसे सहज रूप से भगवान की कथा सुनने का अवसर मिल जाता है। उक्त उद्गार भागवत कथा प्रवक्ता शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने पुरानी जगदम्बा कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस व्यासपीठ से व्यक्त किए। कथा के पूर्व देवी देवताओं का पूजन अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय, संजय उपाध्याय ने संपन्न कराया। वाय के शर्मा की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ का पूजन सरला शर्मा तथा रश्मि शर्मा ने किया। इस दौरान शरद शर्मा, अभय शर्मा, प्रभव, शांतनु, शिवा विश्वकर्मा, शिवम, रिया, प्रिंसी सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

### अतिवृष्टि से सोयाबीन की फसल चौपट किसान गहरे संकट में

**जबलपुर।** इडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर पुरूषोतम तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा सोयाबीन उत्पादक राज्य है। वर्ष 2023-24 में प्रदेश ने लगभग 54.7 लाख टन (5.47 मिलियन टन) सोयाबीन उत्पादन किया था, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 42% है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था और किसानों की आजीविका का मुख्य आधार सोयाबीन है। लेकिन इस वर्ष हुई अतिवृष्टि और जलभराव के कारण लाखों हेक्टेयर में खड़ी सोयाबीन की फसल चौपट हो गई है। खेतों में पौधे सड़कर नष्ट हो रहे हैं और किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है।लगातार बारिश और जलभराव से खेतों की फसल पूरी तरह चौपट।किसानों की आय और आजीविका पर गहरा संकट। कर्ज़ का बोझ और बढ़ गया।अगली बुवाई पर भी खतरा।इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की माँगें प्रभावित जिलों का तात्कालिक सर्वे किया ।

# घर-घर हो रहा पितरों का तर्पण

## श्राद्ध में बरसती है पूर्वजों की कृपा

**जबलपुर।**

पितृपक्ष प्रारंभ होते ही नर्मदा के विभिन्न तटों, शहरों के जलाशयों और घर-घर लोग अपने दिवंगत परिजनों को श्रद्धाभाव और आदर के साथ जलांजलि देकर उनका पुण्य स्मरण कर रहे हैं। विष्णु पुराण में कहा गया है कि पितृपक्ष में हमारे पूर्वज पृथ्वी लोक में विचरण करते हैं, उनके परिवार के लोग जो उन्हें आदर और सम्मान देते हैं, उन्हें वे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देकर पृथ्वीलोक से अपने धाम वापस चले जाते हैं। 15 दिवसीय पितृपक्ष की मंगलवार को तृतीया तिथि थी इस दिन उन दिवंगत परिजन का श्राद्ध कर्म किया गया, जो इस तिथि में दिवंगत हुए थे। पितृपक्ष की आज चतुर्थी तिथि है।



### पिंडदान से मिलता है पितरों का आशीर्वाद

गरूड़ पुराण में कहा गया है कि पितृपक्ष में पिंडदान अवश्य करना चाहिए ताकि देवों और पितरों का आशीर्वाद मिल सके। पितृपक्ष में अपने पितरों का पसंदीदा भोजन बनाना अच्छा माना जाता है। पितृपक्ष में अपने पूर्वजों के लिए कद्दू की सब्जी, दाल, भात, पूरी व खीर बनाना शुभ माना जाता है। पूजा के बाद पूरी व खीर सहित अन्य सब्जियां एक थाली में सजाकर गाय, कुत्ते, कौवे और चीटियों को देना अति आवश्यक माना जाता है। कहा जाता है कि कौवे व अन्य पक्षियों द्वारा भोजन ग्रहण करने पर ही पितरों को सही मायने में भोजन प्राप्त होता है क्योंकि पक्षियों को पितरों का दूत व विशेष रूप से कौवे को उनका प्रतिनिधि माना जाता है। पीपल के पेड़ के नीचे शुद्ध घी का दीपक जलाकर गंगा जल, दूध, घी, अक्षत व पुष्प चढ़ाने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है।

## खारी विसर्जन करने आया युवक डूबा

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थानान्तर्गत खारीघाट लम्हेटाघाट में मझौली के ग्राम कोला से खारी विसर्जन करने परिवार के साथ आया युवक नर्मदा में नहाने के दौरान ज्यादा गहरायी में चले जाने से नदी में डूब गया। दूसरे दिन युवक का शव लम्हेटाघाट में उतराता मिला। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि ग्राम कोला मझौली निवासी सुनील झारिया गत 7 सितम्बर को बहन सुनीता बाई की सास की खारी विसर्जन करने खारी घाट लम्हेटा घाट आया था जहां खारी विसर्जन कर सभी नहाने के बाद घाट में पहुंचे तो भतीजा सारांश झारिया नहीं दिखायी दिया आसपास तलाशने पर भी सारांश का कोई पता नहीं चला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुम इंसान कायम कर जांच में लिया। कल सुबह सारांश झारिया का शव लम्हेटाघाट के समीप नर्मदानदी में उतराता मिला जिसकी डूबने से मौत हो गई थी।



## बम्हनी में शुरु हुआ पुल निर्माण कार्य

**जबलपुर।** आज का दिन हमारे गांव की प्रगति और सपनों को नई दिशा देने वाला है। ग्राम पंचायत बम्हनी में पनागर विधानसभा के विधायक सुशील इंदु तिवारी द्वारा दो करोड़ 44 लाख की लागत से पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पनागर विधानसभा के विधायक सुशील इंदु तिवारी, मंडल अध्यक्ष गोलू जैन, बरेला नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, सरपंच वर्षा नीलकमल झरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर पहलाद पटेल, रामेश्वर साहू, प्रवेश पटेल एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मेहरा समाज ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त कर किया सम्मानित



**जबलपुर।** दिनांक 05 सितंबर 2025 को मेहरा समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियो एवं समाजसेवियों ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से सिविल लाइन स्थित गृह निवास पर सप्रेम भेंट कर चर्चा की और संस्कारधानी जबलपुरवासियों को आधुनिक यातायात सुविधा प्रदान करने, मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर (वीरांगना रानी दुर्गावती फ्लाईओवर) की ऐतिहासिक सौगात मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए शाल- श्रीफल एवं फूलमालाओ से सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी तेजीलाल झारिया, जमना प्रसाद मेहरा, डी.सी. खंडेलकर, इंजी. भूपेंद्र मेहरा (राष्ट्रीय सचिव), अमित मेहरा (राष्ट्रीय अध्यक्ष- युवा प्रकोष्ठ), हरि मेहरा (मीडिया प्रभारी), देवा मेहरा, अजय झारिया (पत्रकार), नीलकमल झारिया, एड. अखिलेश झारिया, राजेश झारिया इत्यादि उपस्थित रहे।



## भारतीय सिंधु सभा की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित

**जबलपुर।** कन्वेंशन हॉल में भारतीय सिंधु सभा की प्रदेश स्त्रीय बैठक का आयोजन किया गया इसमें कैंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी प्रदेश अध्यक्ष गुलाब ठाकुर राष्ट्रीय संरक्षण भगवान दास सबनानी एवं महेश ठवानी की उपस्थिति प्रदेश से लगभग 200 प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति बैठक में दी संभाग के प्रभारी सोनू बछवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश परवानी ने बताया कि भारतीय सिंधु सभा सदैव राष्ट्रीय और समाज हित में कार्य करती है बैठक में समाज के भविष्य की दिशा देश के उत्थान और भारत को विश्व गुरु बनावाने हेतु किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा हुई कार्यक्रम के समापन में कैबिनेट मंत्री विधायक राकेश सिंह बीजेपी नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर रहेंगे बैठक भारतीय सिंधु सभा के कार्यकारिणी सदस्य तारु खत्री सुधीर भागचंदानी ,गोल्डी लालवानी, महेश सवानि, राजकुमार कंधारी, मोहित रामचंदानी विक्रम एवं अमित गुणवान का विशेष योगदान रहा।



## मांगा स्थानीय अवकाश: 1 अक्टूबर मिल गया व्यक्त किया कलेक्टर जबलपुर का आभार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि संघ द्वारा 4 सितंबर को ज्ञापन देकर स्थानीय अवकाश 1/10/2025 बुधवार को देने की मांग की गई थी, कलेक्टर जबलपुर द्वारा आज आदेश क्रमांक 3631/ दिनांक 9/9/2025 जारी कर मांग पर 1/10/2025 बुधवार का स्थानीय अवकाश घोषित कर दिया। पहले गणेश चतुर्थी (गणेशोत्सव प्रारम्भ) दिनांक 27/08/2025 का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। परंतु इस दिन मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक 03/06/2024/चार/4 संपूर्ण मध्यप्रदेश में सामान्य अवकाश घोषित कर दिया गया था। इसलिए कलेक्टर जबलपुर द्वारा घोषित तीन अवकाश में एक अवकाश घोषित करना अभी शेष था। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को अपर कलेक्टर नाथूराम गौड़ को मांगपत्र कलेक्टर जबलपुर से चर्चा कर कार्यवाही का आश्वासन दिया था। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, रजनीश पांडेय,नरेश शुक्ला, प्रशांत सोंधिया, सतीश उपाध्याय, बृजेश मिश्रा, आकाश गुप्ता, अर्जुन सोमवंशी, योगेंद्र मिश्रा, विनय नामदेव,बीरेंद्र तिवारी, अजय दुबे, के जी पाठक ने कलेक्टर जबलपुर का आभार व्यक्त किया है।

# निषाद समाज का पर्सनल लॉ बनाने पर जोर

## निषाद अधिवेशन में उठी मांग

**जबलपुर।** निषाद समाज की देश भर में हो रही उपेक्षा को देखते हुए समाज की स्थिति पर चिंतन कर समाज के लिए पर्सनल लॉ बनाने की जरूरत है। उक्ताशय के उद्गार निषाद समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरूधाम आश्रम ग्वारीघाट में आयोजित निषाद समाज के राष्ट्रीय प्रवर्तन समिति के अधिवेशन में अतिथियों ने व्यक्त किए। अधिवेशन में निषाद पर्सनल लॉ से सम्बद्ध निषाद स्वालम्बन, निषाद संस्कृति संरक्षण संवर्धन, संवैधानिक, मौलिक कर्तव्य एवं हक अधिकार आदि पर प्रकाश डाला गया। निषाद पर्सनल लॉ की गठित राष्ट्रीय प्रर्वतन समिति का दायित्व स्वरूप अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह केवट जबलपुर को मनोनीत करते हुए अन्य विविध दायित्वों पर भी समर्पित समाजसेवियों को नियुक्त कर स्वीकृति सूची हस्ताक्षरित कराई गई। प्रथम सत्र की अध्यक्षता जबलपुर से आचार्य राजकुमार बर्मन एवं मुख्य वक्ता संजीव नागर जौनपुर उत्तर प्रदेश एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता शोभाराम नाविक तथा मुख्य वक्ता भूपेन्द्र निषाद उत्तर प्रदेश रहे। साथ ही प्रो. आशा निषाद, चंद्रपुर, ज्योति बर्मन, कटनी राजेन्द्र सिंह केवट जबलपुर नीलम केवट, मीरा नाविक, सुनील कहार आदि ने भी अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता के लिए निषाद पर्सनल लॉ को प्रशंसा करते हुए समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट केन्द्रीय अध्यक्ष संजीव नागर, भूपेन्द्र नागर, आरआर नाविक, नत्थुलाल सौंधिया, राजेन्द्र सिंह केवट, प्रोफेसर श्रीमती निषाद आशा केवट, अशोक सौंधिया, श्रीमती मीरा नाविक, श्रीमती नीलम केवट, श्रीमती ज्योति बर्मन, शरद बाथव मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार अशोक सौंधिया एवं समापन की घोषणा सुश्री निषाद रेखा केवट द्वारा किया गया।

## कलेक्टर को ज्ञापन की जांच की मांग

# रमखिरिया सरपंच सचिव के भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीण जन हुए लामबंद

**जबलपुर।**

जबलपुर के कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम पंचायत रमखीरिया तहसील शाहपुरा के रहवासीयो जिन्होंने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत ग्राम रमखिरिया में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर ज्ञापन दिया तथा पत्रकारों को बताया कि जिस प्रकार से ग्राम पंचायत रमखिरिया के सरपंच प्रकाश कोल एवं सचिव की कार्य प्रणाली तानाशाही से विगत 3 वर्षों से पंचायत में जो भी कार्य हुए हैं वह संतोषजनक नहीं है सभी कार्यों में भारी भ्रष्टाचार एवं घूसखोरी किया गया है जिसको




लेकर समस्त ग्रामीणों ने कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को जांच के संबंध में साक्ष के साथ ज्ञापन दिए परंतु आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की जांच एवं कार्रवाई उक्त सरपंच एवं सचिव पर नहीं हुई है सरपंच प्रकाश कोल जो की विगत 15 अगस्त को भी सरपंच राष्ट्रीय ध्वज फहराने तक नहीं आए तो जिनकी तानाशाही पूर्ण रवैया से पूरा ग्राम पंचायत परेशान है जो भी इनकी शिकायत करने के लिए आगे बढ़ता है वह सीधे जातिगत रूप से फसाने की धमकी देते हैं आज ज्ञापन देने पहुंचे ग्राम वासी जिनमे बाबू सिंह, निरंजन सिंह, त्रिलोक सिंह, शिवम सिंह, सत्यम सिंह ,अंकित सिंह, अनिल लाल चौधरी एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी ने पेंशनर्स के लिए बनाई नई व्यवस्था

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना में शामिल होने के इच्छुक एमपी पावर मैनेजमेंट के पेंशनर्स व परिवार पेंशनर्स के लिए उनके विकल्प फार्म जमा करने के लिए नई व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत विद्युत मण्डल एवं उसकी उत्तरवर्ती विद्युत कंपनियों से सेवानिवृत्ति के उपरांत एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी से पेंशन व परिवार पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स योजना में शामिल होने के लिए निर्धारित प्रपत्र व विकल्प शक्तिभवन ब्लॉक नंबर 14 में स्थित पावर मैनेजमेंट कंपनी के लेखाधिकारी वेतन व पेंशन कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पावर मैनेजमेंट कंपनी के माध्यम से वर्तमान में 2056 पेंशनर्स व परिवार पेंशनर्स प्रतिमाह पेंशन प्राप्त करते हैं। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने जानकारी दी है कि समस्त विद्युत कंपनियों के सभी नियमित, संविदा कार्मिकों व पेंशनर्स और उनके पात्र आश्रितों हेतु प्रस्तावित है। इस योजना के अंतर्गत इम्पलीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी (आईएसए) नियुक्त करने की प्रक्रिया वर्तमान में चालू है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्मिकों व पेंशनर्स से उनके विकल्प एकत्रित किया जाना है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **RAHUL KUMAR** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **RAHUL KUMAR PATEL** S/O RAM NARAYAN RESIDENT OF SALAIYA, PADWAR, JABALPUR (M. P.) 483001.

**नाम सुधार सूचना**

मैं मुकेश कुमार व्यास पिता स्व. श्री राम मिलन व्यास निवासी-344 त्रिमूर्ती नगर,सरस्वती स्कूल के पास, दीन दयाल वार्ड, जिला जबलपुर म.प्र., शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ आधार कार्ड में मेरा नाम मुकेश कुमार व्यास (Mukesh Kumar Vyas) दर्ज है एवं मेरे पुत्र अथर्व व्यास के स्कूल के दस्तावेजों में मेरा नाम मुकेश व्यास (Mukesh Vyas) दर्ज है, उक्त दोनों नाम मुकेश कुमार व्यास (Mukesh Kumar Vyas)/ मुकेश व्यास (Mukesh Vyas) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम है एवं मुझे उक्त दोनों ही नामों से जाना तथा पहचाना पढा लिखा जाता है। मेरे पुत्र के स्कूल के दस्तावेजों में सुधार कर पिता का नाम मुकेश कुमार व्यास (Mukesh Kumar Vyas) दर्ज किया जाए जिसमें मेरी एवं मेरे पुत्र की पूर्ण सहमति है एवं किसी को कोई आपत्ति नहीं है। अतः उक्त वास्ते यह शपथ पत्र आपके समक्ष पेश कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र. क्र./950/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति भूरी बाई पति रमेश कुमार निवासी 319, वाटर वर्क्स रोड, ग्राम टेमर, जिला-जबलपुर द्वारा ग्राम टेमर प.ह.नं. 52, नं. ब. 250 ख.नं. 165/2 मे से रकबा 0.262 वर्गफुट/हेक्टेयर रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/वसीयतनामा/सहमति पत्र के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति तहसील रांझी के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनाँक 04/09/25 को जारी ।
जारी दिनांक 04/09/2025
पेशी दिनांक 19/09/2015

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् सम्भाग जबलपुर का आयोजन

# महर्षि अरविंद का जीवन हमेशा राष्ट्र चेतना का प्रवाह करेगा

**जबलपुर।** जीवन को मानव उत्थान के लिए समर्पित करने वाले महर्षि अरविंद का जीवन हमेशा राष्ट्र चेतना का प्रवाह करेगा : परम पूज्य श्रीमद् जगद्गुरु नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद संभाग जबलपुर के आवाहन पर समन्वय सेवा केंद्र में आयोजित महर्षि अरविंद जी की 152 वी जयंती पर दीप प्रज्वलन एवम स्वागत गीत के साथ व्याख्यान माला का शुभारंभ हुआ श्री मद जगतगुरु डा. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि वास्तव में सरकार और समाज के रूप में जो जीवन माध्यक है वो है जन अभियान परिषद महाराज श्री ने कहा कि महर्षि अरविंद का जीवन चिंतन कवि दार्शनिक चेतना और मां भारती के उपासक रहे उनका जीवन समाज को दिशा प्रदान करता रहेगा कार्यक्रम के



मुख्य वक्ता जबलपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक और परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र जामदार ने कहा कि पाश्चात्य माहोल में भी राष्ट्रबोध का भाव जाग्रत होने में महर्षि अरविंद को कोई रोक नहीं सका दुनिया की 12 भाषाओं का ज्ञान प्राप्त कर भारतीय जन मानस में राष्ट्रवाद का बीज जगाने स्तंभ की तरह भारत की आजादी का बीज जगाया परिषद के प्रदेश निदेशक सेल वीरेन्द्र व्यास ने कहा ऋषि और कृषि भारतीय संस्कृति की मूल वाहक पताका है महर्षि अरविंद ने जीवन को राष्ट्र के लिए आत्मोसर्ग केसे किया जाए इसके लिए जीवन पर्यंत राष्ट्र कार्य किया परिषद के राज्य सलाहकार श्री शिवनारायण जी ने कहा कि महर्षि अरविंद का लेखन इतना उग्र राष्ट्रवादी रहा की एक नई चेतना भारतीय जन मानस में जागी उन्होंने जेल को योग का प्रयोग कहा योग अध्यात्म चिंतन दर्शन के प्रखर हस्ताक्षर थे महर्षि अरविंद कार्यक्रम में मुख्य रूप से परिषद के साशी निकाय के सदस्य सरदार श्री अजीत सिंह सीटू भैया उपस्थित रहे एवं प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर एसोसिएशन से डॉ मकसूद चिश्ती उपस्थित रहे। समारोह में आभार संभाग समन्वयक श्री रवि बर्मन ने प्रकट किया जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया विकास खण्ड समन्वयक श्री विवेक मिश्रा प्रदीप तिवारी विनायक राव श्री भारत महरोलिया मति नूपुर खरे तृप्ति मिश्रा श्रीमति सोनिया सिंह सहित नवांकुर संस्था मेंटर ग्राम समिति एवम बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/116
दिनांक :- 09/09/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार बाधवा पिता स्व. श्री हरवंश लाल बाधवा ने मकान नं. खुशी प्लाजा वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 700 व.फु., प्रथम तल 700 व.फु. विक्रय पत्र/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/114
दिनांक :- 09/09/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद फहद खान पिता श्री अब्दुल समद खान ने मकान नं. 1516/16 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 1350 व.फु., प्रथम तल 1350 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाण पत्र/वसीयतनामा/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/115
दिनांक :- 09/09/2025


**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तबस्सुम बानो पिता श्री हुसैन अहमद ने मकान नं. 980ए वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 785 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## फॉर्म में देरी और तकनीकी दिक्कतों के कारण अब उठी मांग

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने की वित्त मंत्रालय से आईटीआर रिटर्न दाखिल करने की तारीख बढ़ाने की अपील


सीए राजेश जैन


मृदुल आर्य

**आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2025 अब केवल 5 दिन दूर है।**




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का मानना है कि आम तौर पर करदाताओं के पास अपना रिटर्न तैयार करने और दाखिल करने के लिए लगभग 122 दिन (1 अप्रैल से 31 जुलाई) का समय होता है, लेकिन इस साल यूटीलिटी फॉर्म्स काफी देर से जारी किए गए, इससे रिटर्न दाखिल करने के समय में कमी आ गई है। दूसरी ओर लोगों को तकनीकी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2025 अब केवल एक हफ्ते दूर है। इस बीच कई संगठनों ने वित्त मंत्रालय से आईटीआर रिटर्न दाखिल करने की तारीख बढ़ाने की अपील की है। कारण है देरी से फॉर्म जारी किया जाना और फिर इसके बाद रिटर्न फाइल होने होने में बार-बार आ रही परेशानी। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई ) की भोपाल शाखा के सीए राजेश जैन और टैक्स लॉ बार एसोसिएशन अध्यक्ष मृदुल आर्य ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को पत्र लिखकर समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। संगठन में कर विशेषज्ञ, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव, अधिवक्ता और सलाहकार शामिल हैं।

### अब रिटर्न सही ढंग से तैयार करने और दाखिल करने के लिए कम समय बचा है

संगठन ने बताया कैसे करदाता और पेशेवर इस वर्ष यूटीलिटीज के देरी से जारी होने, आईटीआर पोर्टल पर चल रही तकनीकी समस्याओं और अतिरिक्त अनुपालन चरणों के कारण रिटर्न दाखिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने अनुरोध किया है कि आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी जाए, क्योंकि अब रिटर्न सही ढंग से तैयार करने और दाखिल करने के लिए कम समय बचा है। दूसरी ओर तकनीकी दिक्कतों के कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री से सोयाबीन के लिए भावांतर योजना शुरू करने का आग्रह

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल



केन्द्रीय कृषि मंत्री ने 2025-26 के मार्केटिंग सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में सोयाबीन के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के बजाए भावांतर भुगतान योजना आरंभ करने का आग्रह किया जा रहा है। सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को भेजे एक पत्र में कहा गया है कि 2024-25 के मार्केटिंग सीजन हेतु सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 4892 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था मगर इसका थोक मंडी भाव उससे काफी नीचे रहने के कारण सरकारी एजेंसियों को लगभग 20 लाख टन सोयाबीन की खरीद एमएसपी पर करनी पड़ी।इसके ऊपर प्रशासनिक खर्च, भंडारण एवं परिवहन खर्च, बर्बादी, नमी नुकसान तथा कमीशन आदि को जोड़ने पर वास्तविक लागत काफी अधिक हो गई।अब नैफेड तथा एनसीसीएफ जैसी सरकारी एजेंसियों को लागत खर्च के मुकाबले करीब 10,000 रुपए प्रति टन की रियायत (छूट) के साथ सोयाबीन के अपने स्टॉक की बिक्री खुले बाजार में करनी पड़ रही है जिससे सरकार को तकरीबन 2000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। सोपा के पत्र के अनुसार 2025-26 सीजन के लिए सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 5328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है लेकिन मंडियों की हालत पहले जैसी ही रह सकती है।सीमा शुल्क में कटौती के कारण सोया तेल तथा डीडीजीएस की तेजी से बढ़ती मांग की वजह से सोया डीओसी का भाव नरम चल रहा है। यदि यही स्थिति रही तो 2025-26 के सीजन में सरकार को 2024-25 सीजन के मुकाबले करीब दोगुनी मात्रा में एमएसपी पर किसानों से सोयाबीन खरीदने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है।इससे सरकार का नुकसान बढ़कर 5000 करोड़ रुपए के आसपास पहुंच सकता है। इसे देखते हुए सरकार को सीधे मंडी खरीद के बजाए सोयाबीन के लिए भावान्तर भुगतान योजना लागू करना चाहिए। इससे किसानों के बैंक खाते में बाजार भाव तथा एमएसपी के अंतर की राशि पहुंचेगी और उन्हें तुरंत राहत मिलेगी। दूसरी ओर सरकार का खर्च भी करीब 50 प्रतिशत घट जाएगा केवल वास्तविक किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए योजना तैयार की जानी चाहिए।

## टाटा मोटर्स ने लांच किया ऑल-न्यू एपीटी812



**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने हाल ही में अपना ऑल-न्यू टाटा एलपीटी 812 लांच किया है, जो 5-टन पेलोड क्षमता के साथ भारत का पहला 4-टायर ट्रक है। यह ट्रक खास तौर पर शहरी ढुलाई के लिए बनाया गया है और कम लागत में अधिक मुनाफ़ा देने का दावा करता है। इसमें 125एचपी का दमदार इंजन और 360एनएमका टॉर्क है। राजेश कौल, वाइस प्रेसिडेंट और ट्रक बिज़नेस हेड टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, ने कहा कि टाटा एलपीटी 812 का लांच इस सेगमेंट में ग्राहकों की लाभप्रदता के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। यह अनूठा ट्रक न केवल बढ़ती उत्पादकता की जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि बेहतर ईंधन दक्षता, संचालन में सहजता और अधिकतम अपटाइम भी प्रदान करता है।

### मप्र-छग के सड़क और रेलवे रूट पर रिलायंस जियो की अपलोड- डाउनलोड स्पीड सर्वाधिक : ट्राई

# शहडोल से कोरबा और राजनांदगांव तक स्थापित किया डेटा स्पीड का नया मानक

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल




टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई ) द्वारा जुलाई 2025 में आयोजित स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी ) के अनुसार रिलायंस जियो ने मध्यप्रदेश के शहडोल से लेकर छत्तीसगढ़ के कोरबा और राजनांदगांव तक सड़क और रेलवे मार्ग पर पर कॉल कनेक्टीवी के साथ डेटा अपलोड और डाउनलोड स्पीड में सभी प्रतिस्पर्धी टेलीकॉम कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है।

ट्राई के आंकड़ो के मुताबिक रिलायंस जियो ने शहडोल से कोरबा और राजनांदगांव के बीच सड़क और रेलवे रूट पर पर सबसे ज्यादा औसतन 21.28 एमबीपीएस अपलोड स्पीड प्रदान की। वहीं,एयरटेल की 15.57,बीएसएनएल की 3.30 और वोडाफोन आइडिया की 15.43 एमबीपीएस अपलोड स्पीड रही। इसी तरह डाउनलोड स्पीड में भी जियो 228.09 एमबीपीएस के साथ नंबर वन पर रहा जबकि एयरटेल की 82.67, बीएसएनएल की 1.34, और वोडाफोन आईडिया की 29.78 एमबीपीएस डाउनलोड स्पीड रही। जियो की नेटवर्क लेटेंसी बेहद कम है, जो वीडियो कॉल, वर्चुअल मीटिंग्स और ऑनलाइन गेमिंग जैसे रियल-टाइम एप्लिकेशनों के लिए महत्वपूर्ण है। इसी तरह जियो की कॉल सेटअप सफलता दर सबसे ज्यादा 99.13 फिसदी रही जबकि समान अवधि में एयरटेल की 94.73,बीएसएनएल 85 और वोडाफोन आइडिया की दर 96.91 प्रतिशत रही।

जियो का कॉल सेट अप टाइम भी सबसे बेहतर रहा, जियो का काल सेटअप टाइम 0.66 सैकंड रहा जबकि एयरटेल का 1.27, बीएसएनएल 3.56 और वोडाफोन आइडिया का 0.88 सैकंड रहा। जियो का कॉल ड्रॉप्स 0.20 प्रतिशत और म्यूट कॉल दर 0.15 फिसदी रही है। ट्राई ने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट 7 से 11 जुलाई 2025 के बीच मध्यप्रदेश के शहडोल छत्तीसगढ़ के कोरबा और राजनांदगांव तक किया है। इस दौरान शहडोल और कोरबा में 392.8 किलोमीटर का सिटी ड्राइव और 8.2 किलोमीटर पैदल चलकर टेस्ट किया गया। शहडोल और कोरबा के बीच 153.6 किमी पर और कोरबा से राजनांदगांव के बीच 268.9 किलोमीटर के रेलवे रूट पर स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट के जरिए टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क क्षमता को मापा गया।

#### *महीने भर चलने वाला सेलिब्रेशन प्लान*

*यह 349 रुपए, से अधिक के प्लान वाले ग्राहकों के लिए है। 5 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच में 2जीबी/प्रतिदिन और उससे ज़्यादा के लॉन्ग-टर्म प्लान पर जियो यूजर्स को मिलेगा अनलिमिटेड 5जी डेटा। जियो फ़ाइनेंस द्वारा जियो गोल्ड पर 2 फीसदी अतिरिक्त डिजिटल गोल्ड साथ ही 3,000 रुपए के सेलिब्रेशन वाउचर इसमें शामिल होंगे। जियो हॉटस्टार और जियो सावन प्रो का 1 महीने का सब्सक्रिप्शन भी मिलेगा। प्लान के तहत जोमैटो गोल्ड का 3 महीने का तो नेटमेड्स फ़र्स्ट 6 महीने का सब्सक्रिप्शन भी साथ आएगा। ग्राहक जियो होम का 2 महीने के मुफ़्त ट्रायल का फायदा भी उठा सकेंगे।*

#### *जियो की नए होम यूजर्स के लिए भी ऑफर्स की सौगात*

*जियो ने नए होम यूजर्स के लिए भी ऑफर्स की सौगात लेकर आया है 5 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच केवल 1200 रुपए में 2 महीने का नया जियो होम कनेक्शन ऑफर किया जा रहा है। जियो होम सर्विस के तहत 1000+ टीवी चैनल, 30 एमबीपीएस अनलिमिटेड डेटा, 12+ ओटीटी ऐप्स (जियो हॉटस्टार + अन्य) का सब्सक्रिप्शन, वाई-फाई-6 राउटर और 4के स्मार्ट सेट टॉप बॉक्स के साथ अमेजन प्राइम लाइट 2 के महीने मुफ्त, जियो फाइनेंस द्वारा जियो गोल्ड पर 2 फीसदी अतिरिक्त डिजिटल गोल्ड और 3,000 रुपए मूल्य के बराबर सेलिब्रेशन वाउचर भी मिलेंगे*

## यूकेबी ने 800 करोड़ के आईपीओ के लिए दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** यूकेबी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है। कंपनी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के जरिए 8000 मिलियन (800 करोड़ रुपए) तक के इक्विटी शेयर बेचकर पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। यह ऑफर 4000 मिलियन तक के नए इक्विटी शेयरों का है। 4000 मिलियन तक के सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा बिक्री के लिए ऑफर है।

## लीगेसी ने पेश किया 'द बडी पैक'

**नई दिल्ली।** बकार्डी की पहली प्रीमियम व्हिस्की लीगेसी ने उपभोक्ताओं के लिए 'द बडी पैक' लांच की है। 180 मिली का यह सिंगल-सर्व पैक उन खास पलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्कॉटिश और परिपक्व भारतीय माल्ट्स के साथ भारतीय अनाजों के बेहतरीन मिश्रण से तैयार, यह पैक वही स्मूद और बैलेंस्ड टेस्ट देता है, जिसके लिए लीगेसी जानी जाती है। कंपनी के श्रीकांत दाश ने कहाकि यह पैक अभी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के चुनिंदा हिस्सों में उपलब्ध है।

# कच्चे माल को जीएसटी मुक्त करें या फिर बीजों को न्यूनतम जीएसटी स्लैब में लाए सरकार

- **इससे उत्पादन लागत घटेगी, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को सस्ते दाम पर बीज मिल सकेंगे।**
- **बीज क्षेत्र के लिए भी ऐसी ही राहत की मांग की**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश कृषि आदान विक्रेता संघ के प्रदेश अध्यक्ष और राजपूत कृषि सेवा केंद्र के प्रोपराइटर मान सिंह राजपूत ने किसानों के लिए कृषि से जुड़े समानों पर से जीएसटी दरों में कटौती के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सरकार से बीज क्षेत्र के लिए भी ऐसी ही राहत की मांग की है, ताकि बीज की उत्पादन लागत घटाई जा सकें और किसानों को किफायती दरों पर बीज मिल सकें। संगठन के अध्यक्ष राजपूत ने कहा कि उर्वरक के कच्चे माल, जैविक कीटनाशकों, सूक्ष्म पोषक तत्वों और कृषि उपकरणों पर जीएसटी में कटौती का यह कदम कच्चे माल की लागत को काफी हद तक कम करेगा और आर्थिक गति पैदा करेगा। ' सरकार ने सीधे किसानों को सशक्त किया है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। उन्होंने कि कहा कि बीज क्षेत्र में भी इसी तरह के सुधार की आवश्यकता है। वर्तमान में बीजों पर जीएसटी छूट होने के कारण, उद्योग को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ नहीं मिल पाता। बीजों के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रासायनिक उपचार जैसी सेवाओं पर जीएसटी लगता है, जिससे बीजों की तुलना में अन्य कृषि में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल सस्ते पड़ते हैं जिन पर रियायती दरें लागू हैं। मानसिंह राजपूत ने सरकार से आग्रह किया कि या तो बीज उत्पादन में लगने वाले सभी कच्चे माल को पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त किया जाए या फिर बीजों को न्यूनतम जीएसटी स्लैब में लाया जाए। इससे उत्पादन लागत घटेगी, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को सस्ते दाम पर बीज मिल सकेंगे। यह सुधार सभी क्षेत्रों में खपत को बढ़ावा देगा।

### सैमसंग टैब एस11 सीरीज एआई फीचर्स के साथ लांच

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने गैलेक्सी एस25 एफई स्मार्टफोन के साथ अपने गैलेक्सी इवेंट में सैमसंग गैलेक्सी टैब 11 सीरीज को भी लांच किया है। नए टैबलेट काफी पतले और आकर्षक डिजाइन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) फीचर्स के साथ पेश किए गए हैं। यह सीरीज टैब एस11 और टैब एस11 अल्ट्रा में आती है, जिसमें नया एस पेन शामिल है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

### इम्पैक्ट उत्सव में 4 हजार से अधिक हैंडमेड रग्स का अद्भुत संग्रह

**नई दिल्ली।** शिल्प और सामाजिक उद्यमिता का प्रतीक बन चुका जयपुर रग्स अपने रग उत्सव को लेकर आ रहा हे। यह क्रिएटिविटी, कल्चर और इम्पैक्ट का भव्य शुरुआत हो चुका है। । इस साल का एडिशन अब तक के सभी आयोजनों से अलग है, जिसमें 14 हजार से अधिक हैंडमेड रग्स का अद्भुत संग्रह शामिल है, जो भारत की बुनाई परंपराओं की आत्मा को डिजाइन के साथ खूबसूरती से जोड़ता है। फेस्टिवल की सबसे खास झलक है अवॉर्ड-विनिंग मनचाहा कलेक्शन के करीब 200 अनोखे रग्स जो सीधे ग्रामीण कारीगरों की कल्पनाओं से बुने गए हैं और हर एक रग एक व्यक्तिगत और गहरी कहानी कहता है।

# त्यौहारी मांग से खाद्य तेलों का भाव ऊंचा रहने की संभावना

- **बंदरगाहों पर 31 अगस्त को कुल 8,43,772 टन खाद्य तेलों का स्टॉक मौजूद था**

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

त्योहारी सीजन की वजह से भारत में विदेशों से खाद्य तेलों का भारी आयात होने लगा है जिससे इसके स्टॉक में बढ़ोत्तरी हो रही है ,लेकिन ज्यादा आयात के बावजूद खाद्य तेल की कीमतों में नरमी आना मुश्किल लगता है क्योंकि इसका अंतर्राष्ट्रीय बाजार भाव ऊंचे स्तर पर बरकरार है। बाजार जानकारों के अनुसार पिछले दो-तीन महीने से खाद्य तेलों के आयात में भारी वृद्धि देखी जा रही है जबकि उससे पूर्व जनवरी से मई तक आयात काफी कम हुआ था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारतीय बंदरगाहों पर 31 अगस्त 2025 को कुल 8,43,772 टन खाद्य तेलों का स्टॉक मौजूद था जबकि इससे पूर्व 15 अगस्त को इसकी मात्रा 8,64,970 लाख टन तथा 31 जुलाई को 9,33,383 टन दर्ज की गई थी। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारतीय बंदरगाहों पर 31 मार्च को 8,10,160 टन, 30 अप्रैल को 7,39,768 टन, 31 मई को 6,83 टन तथा 30 जून को 7,22,918 टन खाद्य तेलों का स्टॉक उपलब्ध था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारतीय बंदरगाहों पर 31 अगस्त 2025 को क्रूड पाम तेल (सीपीओ) का कुल स्टॉक 4,17,509 टन था जो 15 अगस्त को स्टॉक 4,05,737 टन से कुछ अधिक रहा। लेकिन आरबीडी पामोलीन का स्टॉक 39,536 टन से घटकर 29,224 टन और क्रूड पाम कर्नेल तेल का स्टॉक 3709 से गिरकर 2200 टन रह गया।

### विंजो ने की टॉप संस्थानों के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** विंजो जिसके 250 मिलियन से अधिक यूज़र और तेजी से विकसित होता ग्लोबल फुटप्रिंट है, ने देश के प्रमुख बिजनेस स्कूलों- आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, आईआईएम लखनऊ तथा फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज दिल्ली के सहयोग से आयोजित मुख्य पहल 'बैटल ऑफ सुपर स्कॉलर्स- बॉस' के पांचवे सीजन का सफल समापन किया। विंजो बॉस प्रोग्राम वास्तविक दुनिया के ऐप्लीकेशन्स में एकेडमिक एक्सीलेन्स को शामिल कर कन्ज़्यूमर टेक एवं डिजिटल इनोवेशन के भविष्य को आकार देने के लिए डिजाइन किया गया है। विंजो के ग्लोबल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत बॉस भारत के प्रतिभाशाली युवाओं को विंजो के 200 से अधिक सदस्यों की टीम (जो प्रमुख संस्थानों से जुड़ी है) के साथ जोड़ता है। यह साझेदारी मेंटरशिप, विचारों के आदान-प्रदान तथा उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच सहयोग पर जोर देती है और भारत को डिजिटल इनोवेशन में ग्लोबल लीडर बनाने की विंजो की महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान करती है।

### एसबीआई फाउंडेशन और सीबीएम इंडिया ने नई परियोजना की शुरुआत की

**भोपाल।** सीबीएम इंडिया ने एसबीआई फाउंडेशन के साथ साझेदारी में एक नई तीन वर्षीय परियोजना की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य नर्मदापुरम जिले के 200 दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक और चिकित्सीय सहयोग प्रदान करना है। इस परियोजना का औपचारिक शुभारंभ नर्मदापुरम में किया गया है। यह परियोजना सीबीएम इंडिया द्वारा एसबीआई फाउंडेशन के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज के तहत लागू की जा रही है, जो फाउंडेशन के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। यह नर्मदापुरम और बाबई खंडों में लागू होगी, जिन्हें इस क्षेत्र में देखी गई आवश्यकताओं के आधार पर चुना गया है। यद्यपि कई दिव्यांग बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं, लेकिन सहायक उपकरण, चिकित्सीय सेवाओं और समावेशी शिक्षा वातावरण तक उनकी पहुँच अभी भी सीमित है। संजय प्रकाश, प्रबंध निदेशक, एसबीआई फाउंडेशन ने कहाकि यह परियोजना उन बच्चों तक व्यावहारिक सहयोग पहुंचाने के बारे में है, जिनके जीवन में इसका वास्तविक परिवर्तनकारी प्रभाव हो सकता है। यह प्रभाव वाक चिकित्सा (स्पीच थेरेपी) सत्रों, सही सहायक उपकरणों या होमवर्क में मदद के माध्यम से संभव होगा।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 9202613238, 9229187457 (रायपुर/19/सितम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5984



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5983 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल- 5994

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5993 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

लाइफ Style

# रश्मिका

## देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ▸▸ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।



## हॉलीवुड मसाला




# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।

***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल :*** अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।



### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज़ हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन :*** *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा :*** *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी :*** *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट :*** *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर :*** *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*



***रणवीर सिंह :*** *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण :*** *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा :*** *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ :*** *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान :*** *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

# एशिया कप हॉकी : भारत का आज कोरिया से मुकाबला, जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर अविजित रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में बुधवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपनी प्रभावशाली लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। भारत ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार तरीके से करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंदा, इसके बाद जापान के खिलाफ 2-2 ड्रॉ खेला। भारत ने अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 12-0 से हराकर पूल बी में गोल अंतर के आधार पर जापान से आगे रहते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत इस लय को बनाए रखते हुए खिताब जीतने और अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा।

### कोरिया के बाद चीन व जापान से मुकाबला

विश्व रैंकिंग में 10 वें नंबर पर काबिज भारत सुपर चार चरण में विश्व रैंकिंग में 16 वें स्थान की टीम कोरिया के खिलाफ जीत के दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगा। कोरिया के बाद भारत बृहस्पतिवार को खिताब के दावेदार चीन के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद शनिवार को जापान से भिड़ेगा। भारत व कोरिया दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मुकाबलों में भारत ने तीन बार जीत हासिल की है , जबकि कोरिया ने एक बार विजयी रहा है। एक मैच ड्रॉ रहा। भारत के पास ऐसे में मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी।

सुपर चार के मुकाबले शुरू



### भारत की इन खिलाड़ियों पर टिका दारोमदार

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर और मुमताज खान पूल स्टेज में पांच - पांच गोल कर शानदार लय में हैं। उनसे उम्मीद होगी कि वे अपनी लय बरकरार रखते हुए टीम को फाइनल में पहुंचाने में अपना योगदान दे। नवनीत, मुमताज और ललरेमसियामी को सिंगापुर के खिलाफ कोई चुनौती नहीं मिली और उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाया। नवनीत और मुमताज ने सिंगापुर के खिलाफ 12-0 की जीत में हैट्रिक जमाई। मिडफील्ड में नेहा, उदिति, शर्मिला और रुतुजा पिसाल ने भी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### सुपर चार चरण का ऐसा है शेड्यूल

सुपर चार चरण में भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया एक-दूसरे के खिलाफ एक- क मैच खेलेंगे। तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि बाकी दो टीमें तीसरे और चौथे स्थान के लिए भिड़ेंगी। भारत ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर सुपर चार में जगह बनाई है जबकि कोरिया ने पूल ए में दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सुपर चार के लिए क्वालीफाई किया।

### टीम के प्रदर्शन से खुश : कोच हरेंद्र

भारत के कोच हरेंद्र सिंह पूल स्टेज में अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। उन्होंने कहा हम टूर्नामेंट में टीम की शुरुआत से संतुष्ट है। खिलाड़ियों ने कमाल का जज्बा दिखाया है। हमारी टीम आक्रमण कर मौके का पूरा फायदा उठाने में सफल रही है। पूल चरण हमें अपनी गति बनाये रखने के साथ विभिन्न खेल शैलियों के खिलाफ खुद को परखने का अच्छा मौका मिला। सुपर चार चरण में हालांकि एक अलग चुनौती होगी क्योंकि हमें कोरिया, चीन और जापान जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीमों का सामना करना है।

### भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा चीन

भारतीय कोच ने कहा हमें पता है कि सुपर चार चरण में भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज चीन है। टीम अगर फाइनल में पहुंचने में सफल रही तो वहां भी उसके सामने चीन की चुनौती होने की अधिक संभावना होगी। ऐसे में भारत के सामने कोरिया के खिलाफ मैच के बाद चीन को मात देने के लिए कारगर रणनीति तैयार करने की चुनौती होगी।

## खबर संक्षेप



### भारत की अगुवाई करेंगे रक्षित और अंशुल

**दुबई।** मौजूदा अखिल भारतीय एमेच्योर चैंपियन अंशुल मिश्रा और रक्षित दहिया 23 से 26 अक्टूबर तक यहां होने वाली 16वीं एशिया पेसिफिक एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। मौजूदा प्रवेश सूची के अनुसार भारत से दहिया और मिश्रा के अलावा राघव गुलाटी और रणवीर मित्रो भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन चारों खिलाड़ियों को अच्छा-खासा अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। इस टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी को 2026 में मास्टर्स टूर्नामेंट में खेलने का निमंत्रण मिलेगा जबकि उपविजेता खिलाड़ी क्वालीफाइंग सीरीज में भाग लेगा। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के 120 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

### ट्यूनीशिया ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ट्यूनिस।** मोहम्मद अली बेन रोमधाने के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से ट्यूनीशिया ने इक्वेटोरियल गिनी पर 1-0 से जीत दर्ज करके फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। ट्यूनीशिया को अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए दो मैच बाकी रहते जीत की ज़रूरत थी। वह ग्रुप एच में आठ मैचों में 22 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद नामीबिया से 10 अंक आगे है। ट्यूनीशिया ने क्वालीफाइंग में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है। ट्यूनीशिया ने कुल सातवीं और लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। वह विश्व कप में 2018 और 2022 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।

### टोनाली ने इटली को विश्व कप क्वालीफाइंग में इज़राइल पर जीत दिलाई

**डेब्रेसेन।** सैंड्रो टोनाली के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से इटली ने यूरोपीय फ़ुटबॉल विश्व कप क्वालीफाइंग में सोमवार को इजराइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत हासिल की। इस तरह से इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इटली ने मोइज़ कीन के दो गोल की मदद से बराबरी की। इसके बाद 59वें मिनट में माटेओ पोलिटानो ने माटेओ रेटेगुई ने इटली को बढ़त दिलाई और जियाकोमो रास्पाडोरी ने चौथा गोल किया।

### बैजबॉल को लेकर गलतफहमी खिलाड़ियों का अनादर: ब्रेंडन

**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि क्रिकेट का बैजबॉल ब्रांड कोई कड़ी खेल शैली नहीं है बल्कि यह खिलाड़ियों को स्वच्छंद होकर खेलने की छूट देने से जुड़ा है तथा इसको लेकर गलत धारणाएं खिलाड़ियों के लिए अपमानजनक है। मैकुलम ने 2022 में इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कमान संभाली और आक्रामक अंदाज में क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दी।



## एशिया कप 2025 : मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से

# भारत-यूएई की भिड़ंत आज, दोनों के बीच अब तक हुआ है सिर्फ एक मैच जो भारत ने जीता

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम अपने पहले मैच में यूएई क्रिकेट टीम से आज 10 सितंबर को भिड़ेगी। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में युवा टीम जोरदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगी।

दूसरी तरफ मुहम्मद वसीम के नेतृत्व में यूएई की टीम अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। भारत और यूएई के बीच होने वाला अगला मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आज 10 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।




### भारत ने यूएई के खिलाफ जीता है अपना इकलौता मैच

अब तक दोनों देश सिर्फ 1 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आमने-सामने हुए थे, जिसे भारतीय टीम ने जीता था। एशिया कप 2016 की इकलौती भिड़ंत में यूएई की टीम निर्धारित 20 ओवर खेलने के बाद 81/9 का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 10.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था। ढाका में खेले गए उस मुकाबले में भारतीय टीम से रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 39 रन बनाए थे।




### जितेश को मिल सकता है मौका

भारतीय टीम से शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा पारी की शुरुआत करते हुए दिख सकते हैं। ऐसे में संजू सैमसन बेंच पर नजर आ सकते हैं और आईपीएल 2025 में मैच फिनिशर की भूमिका में नजर आने वाले जितेश शर्मा बतौर विकेटकीपर खेल सकते हैं।

**इन पर होंगी नजरें :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने दुबई में 8 टी-20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 36.20 की औसत और 158.77 की स्ट्राइक रेट से 181 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में बुमराह ने दुबई में 4.77 की इकॉनमी रेट के साथ कुल 6 विकेट लिए हैं। वहीं यूएई के कप्तान वसीम ने इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक 13 पारियों में 31.30 की औसत और 156.53 की स्ट्राइक रेट से 407 रन बनाए हैं। यूएई की टीम एक बार फिर अलीशान शराफू और कप्तान मुहम्मद वसीम की सलामी जोड़ी के साथ नजर आ सकती है। हाल ही में त्रिकोणीय टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले वसीम अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का प्रयास करेंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत एकादश:** शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह।

**यूएई एकादश:** मुहम्मद वसीम (कप्तान), मुहम्मद जोहैब, आसिफ खान, अलीशान शराफू, राहुल चोपड़ा (विकेटकीपर), हर्षित कौशिक, हैदर अली, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद रोहिद खान, जुनैद सिद्दीकी और सिमरनजीत सिंह।

## दलीप ट्रॉफी 2025

# ट्रॉफी पर कब्जा जमाने कल साउथ और सेंट्रल जोन में होगी भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच 11 सितंबर से खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल साउथ जोन और नॉर्थ जोन के बीच ड्रॉ रहा, जिसमें पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करने के चलते साउथ जोन ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, सेंट्रल जोन और वेस्ट जोन के बीच मुकाबला भी ड्रॉ रहा और बढ़त बनाने वाली सेंट्रल जोन ने खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला 11 सितंबर से 15 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।

- मैच 11 से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में सुबह 9 :30 बजे से

### ऐसा रहा पहला सेमीफाइनल मुकाबला

पहले सेमीफाइनल में साउथ जोन ने एन जगदीशन के बड़े शतक (197) की बदौलत 536 रन बनाए। जवाब में नॉर्थ जोन की टीम शुभम खजूरिया के शतक (128) के बावजूद 361 रन ही बना सकी। बढ़त हासिल करने वाली साउथ जोन ने दूसरी पारी में जब 95/1 का स्कोर बनाया था, तब मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस बीच जगदीशन ने अपनी दूसरी पारी में नाबाद 52 रन बनाए।

### रोचक रहा दूसरा सेमीफाइनल

दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ट जोन ने रुतुराज गायकवाड़ के शतक (184) की मदद से 438 रन बनाए। जवाब में सेंट्रल जोन ने 600 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। सेंट्रल जोन की ओर से शुभम शर्मा (96), कप्तान रजत पाटीदार (77), उपेंद्र यादव (87), हर्ष दुबे (75) और सारांश जैन (63*) ने अर्धशतक लगाए। इसके बाद वेस्ट जोन ने दूसरी पारी में जब 216/8 का स्कोर बनाया, तब मैच ड्रॉ रहा।

## विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप

# भारतीय महिला रिकर्व टीम कांस्य पदक प्लेऑफ में



एजेंसी ▶▶| ग्वांग्जू।

दीपिका कुमारी, गाथा खडके और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में पहुंच गई लेकिन पुरूष टीम पहले दौर से बाहर हो गई। कंपाउंड तीरंदाज भी दो पदकों से आगे नहीं बढ़ सके। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से 2-6 से हार गई।

### कांस्य पदक के लिए द. कोरिया से भिड़ंत

अब कांस्य पदक के लिये भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय महिला टीम की नजरें 2015 के बाद विश्व चैम्पियनशिप में पहले पदक पर है। भारत ने अभी तक दो पदक जीते हैं और दोनों कंपाउंड वर्ग में मिले है। टीम क्वालीफिकेशन में भारत तीसरे स्थान पर रहकर सीधे दूसरे दौर में पहुंचा।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरूष टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता और ऋषभ यादव तथा ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मिश्रित टीम में रजत पदक हासिल किया। रिकर्व में महिला टीम की अगुवाई कर रही चार बार की ओलंपियन दीपिका क्वालीफिकेशन में 677 अंक के साथ छठे स्थान पर रही। वहीं 14वीं वरीयता प्राप्त गाथा ने 666 और 30वीं वरीयता प्राप्त अंकिता ने 656 अंक बनाये। तीनों ने शानदार शुरूआत करते हुए दसवीं वरीयता प्राप्त स्लोवेनिया को 5-1 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने तुर्की को मात दी लेकिन सेमीफाइनल में जापान से हार गई।

### पुरुष रिकर्व टीम व अन्य का ऐसा रहा हाल

पुरूष रिकर्व टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसे पहले दौर में 24वीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क ने हराया। नौवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में नीरज चौहान (670 अंक, 36वीं वरीयता), ओलंपियन धीरज बोम्मदेवरा (669, 39वीं) और राहुल (657, 62वीं) थे । शूटआफ तक चले मैच में भारतीय टीम 26-28 से हार गई। कंपाउंड वर्ग में ज्योति, परनीत कौर और प्रिथिका प्रदीप के व्यक्तिगत वर्ग में हारने के साथ ही भारतीय चुनौती खत्म हो गई।

बीस वर्ष की परनीत कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में कोलंबिया की अलेजांद्रा से 144-145 से हारकर चौथे स्थान पर रही।

# निकहत जरीन विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

दो बार की चैंपियन निकहत जरीन ने मंगलवार को जापान की युना निशिनाका को कड़े मुकाबले में हराकर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ड्रॉ में गैर वरीयता प्राप्त निकहत ने महिलाओं के 51 किग्रा भार वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सर्वसम्मत फैसले में जीत हासिल की। हालांकि यह स्कोर 21 वर्षीय निशिनाका द्वारा दी गई कड़ी टक्कर को नहीं दर्शाता। निशिनाका ने लगातार भारतीय मुक्केबाज को परेशान किया और जरूरत से ज्यादा पकड़ बनाए रखने के कारण उनके दो अंक काटे गए। भारत की 20 सदस्यीय टीम के आधे से अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो चुके हैं। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक शुरुआत की और पूरे इरादे के साथ आगे बढ़ीं। निकहत ने शुरुआत में कुछ हुक लगाए लेकिन जापान की मुक्केबाज ने 3-2 से बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में निकहत ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बेहतर मुक्के जड़े। भारत की 29 वर्षीय मुक्केबाज ने तीखे जवाब दिए और राउंड 4-1 से जीत लिया।



# सात्विक-चिराग की जोड़ी के साथ हांगकांग ओपन में आगे बढ़े जॉर्ज

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने मंगलवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया जबकि किरण जॉर्ज ने क्वालीफाइंग मुकाबला जीतकर पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।

पेरिस विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में अपना दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहले दौर के अपने मुकाबले में चीनी ताइपे के चियू शियांग चिए और वांग ची-लिन को 21-13, 18-21, 21-10 से हराया।



### अब जापान व सिंगापुर से होगा मुकाबला

आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अब जापान के केनया मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा तथा थाईलैंड के पीरचाई सुखफुन और पक्कापोन टीरारत्सुकुल के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज किरण का अगला मुकाबला सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट : करीम ने 25 को भेजा पेवेलियन

# स्टंपिंग में माहिर धोनी ने किए सबसे ज्यादा 34 शिकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विकेटकीपर की भूमिका सिर्फ स्टंपिंग और कैच तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उनकी फुर्ती और तेजी मैच का रुख बदलने में अहम साबित होती है। कई दिग्गज विकेटकीपर अपने करियर में इतने शिकार कर चुके हैं कि उनके रिकॉर्ड तोड़ना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होगा। ऐसे में आइए उन विकेटकीपर पर एक नजर डालते हैं, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा शिकार किए हैं।

### क्विंटन डिकॉक (102 शिकार)

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी क्विंटन डिकॉक के नाम टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा शिकार का रिकॉर्ड है। एक दशक से अधिक लंबे करियर में उन्होंने विकेट के पीछे 102 शिकार किए हैं, जिसमें 84 कैच और 18 स्टंपिंग शामिल हैं। इस खिलाड़ी ने 92 मुकाबलों की 91 पारियों में ये शिकार किए हैं। डिकॉक एकमात्र विकेटकीपर हैं, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 100 से ज्यादा शिकार किए हैं। डिकॉक 2012 से 2024 तक ये प्रारूप खेले।





### महेंद्र सिंह धोनी (91 शिकार)

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी सूची में दूसरे स्थान पर 90 से ज्यादा शिकार करने वाले एकमात्र भारतीय विकेटकीपर हैं। उन्होंने साल 2006 में अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था।

Nippon India Mutual Fund

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Location |
|---|---|---|
| 11th September, 2025 | 01:00 PM | Jabalpur |

Venue: Hotel Anmol Classic, 750-751, Opp. Maharishi College, 4th Bridge Road, Jabalpur MP 482001
Name: MUKESH SAHU | Mob. No.: 8828008861

Nippon Life India Asset Management Limited
CIN: L65910MH1995PLC220793

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

### हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों के आग्रह पर दिए निर्देश

# प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर अगले सप्ताह होगी सुनवाई

हरिभूमि जबलपुर।

*मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर सुनवाई हुई।राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस बैद्यनाथन ने तर्क दिया कि सरकार द्वारा पूर्व में दी गई ओरल अंडरटेकिंग की वजह से प्रमोशन रुके हुए हैं। जिससे आरक्षित और अनारक्षित दोनों वर्गों को नुकसान हो रहा है।*

अनुरोध किया कि जब तक याचिकाएं लंबित हैं, तब तक पदोन्नति करने की अनुमति दी जाए। साथ ही सुनवाई बढ़ाई जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से भी सरकार के जवाब का अवलोकन करने समय मांगा गया।इस पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 15 सितम्बर को करने के निर्देश दिए।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु को डिप्टी सॉलिसिटर जनरल बनाए जाने के बाद अब याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अमोल श्रीवास्तव पैरवी कर रहे हैं। सरकार की ओर से प्रस्तुत तर्कों के बाद उन्होंने सवाल उठाए कि सरकार ने अपनी दलीलों में कई महत्वपूर्ण मुद्दों का जिक्र नहीं किया है। अधिवक्ता अमोल



श्रीवास्तव ने कहा कि प्रमोशन में आरक्षण के नियमों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं जोड़ा गया है, जो कि गंभीर कमी है।

### यह है मामला

भोपाल निवासी मध्य क्षेत्र विवि कंपनी के कर्मी समीर कुमार शर्मा व अन्य 17 की ओर से याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं द्वारा 2025 के प्रमोशन में आरक्षण संबंधी नियमों को चुनौती दी गई है। तर्क दिया गया है कि 2002 के नियमों को हाईकोर्ट द्वारा आर. बी. राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। जिसके विरुद्ध मध्य प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति का आदेश दिया है और याचिकाएं लंबित है। मध्य प्रदेश शासन के पास प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए कोई क्वांटिफिएबल डाटा नहीं है। ना ही एम नागराज और जनरल सिंह के मामलों में दिए गए आदेशों का पालन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित रहने के बावजूद सरकार ने उक्त नए नियम बना दिए।अंतरिम राहत के रूप में इन पर रोक लगाई जाए।

### हाईकोर्ट का निर्देश

## जॉली एलएलबी थ्री के निर्माता निर्देशक को भी बनाओ पक्षकार

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी अभिनीत अपकमिंक फिल्म जाली एलएलबी थ्री के गाने भाई वकील है, को चुनौती के मामले में निर्माता-निर्देशक जयंती पाहवा को आवश्यक पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर को नियत की। फिल्म की रिलीज डेट 19 सितंबर है।

**अगली सुनवाई 12 सितंबर को, फिल्म के गाने भाई वकील है, को चुनौती का मामला**

मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान जनहित याचिकाकर्ता गोविंद भवन कालोनी, साउथ सिविल लाइंस, जबलपुर निवासी अधिवक्ता प्रांजल तिवारी की ओर से अधिवक्ता प्रमोद सिंह तोमर व आरजू अली ने पक्ष रखा। उन्होंने फिल्म के निर्माता और निर्देशक को पक्षकार बनाने की अनुमति चाही। कोर्ट ने अनुमति दे दी। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से उपस्थित वकील ने अदालत को सूचित किया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट से भाई वकील है, गाने के विरुद्ध कार्रवाई की मांग वाली एक समान रिट याचिका निरस्त की जा चुकी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी इस आधार पर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की प्रार्थना को नामंजूर कर दिया था। उस याचिका में गाने के जरिए कथित तौर पर न्यायपालिका और कानूनी पेशे को बदनाम किए जाने का आरोप लगाया गया था। उक्त जानकारी को रिकार्ड पर लेकर हाई कोर्ट ने सवाल किया कि प्रस्तुत जनहित याचिका में निर्माता-निर्देश के उल्लेख के अभाव में कोई आदेश कैसे पारित किया जा सकता है। लिहाजा, जनहित याचिका में निर्माता-निर्देशक को आवश्यक पक्षकार बनाया जाना चाहिए।

जनहित याचिका में कहा गया है कि गाने में फिल्म में वकीलों की भूमिका निभा रहे अभिनेताओं को इस तरह से नाचते हुए दिखाया गया है जो कानूनी पेशे में गरिमा, जिम्मेदारी और गंभीर कर्तव्य के प्रतीक नेकबैंड पहने हुए कानूनी बिरादरी का अपमान और उपहास करता है। याचिका के अनुसार, चित्रण न केवल अपमानजनक है, बल्कि सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 की धारा-पांच-बी के तहत निर्धारित सिद्धांतों का भी उल्लंघन करता है। जनहित याचिका में आगे दावा किया गया है कि गाने में आपत्तिजनक, अश्लील और अपमानजनक बोल हैं, जो न केवल आम जनता-वकीलों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि अश्लीलता का युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस कप्तान ने अधीनस्थों को दिए सख्त निर्देश

## फरार आरोपियों पर घोषित होगा ईनाम, महिला व संपत्ति अपराधों पर करो त्वरित कार्रवाई



हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने मंगलवार दोपहर 2 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में एएसपी सिटी/क्राइम जितेंद्र सिंह, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी ट्रैफिक अंजना तिवारी, कंट्रोल रूम प्रभारी एसआई सतीश झारिया सहित जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

### गंभीर अपराधों पर कड़ी नजर

बैठक में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी, धोखाधड़ी, एससीएसटी एक्ट व महिला अपराध जैसे लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई। कप्तान उपाध्याय ने निर्देश दिया कि जिन मामलों में आरोपी फरार हैं, उन पर इनाम घोषित कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। जिले से बाहर छिपे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम भेजी जाए।



### गुम नाबालिगों की दस्तयाबी प्राथमिकता

लंबित धारा 363 भादवि/137(2) बीएनएस के प्रकरणों की समीक्षा में कप्तान उपाध्याय ने आदेश दिया कि अपहृत नाबालिग बालक-बालिकाओं की हर संभव प्रयास कर बरामदगी सुनिश्चित की जाए। यदि नाबालिग जिले से बाहर मिले तो तत्काल टीम भेजकर दस्तयाबी कराई जाए।

### शिकायतों का करो त्वरित निराकरण

सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों और जनसुनवाई से जुड़ी लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कप्तान ने स्पष्ट किया कि सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### महिला अपराधों पर संवेदनशीलता

कप्तान उपाध्याय ने महिला संबंधी अपराधों की विवेचना में विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए तत्काल गिरफ्तारी और चालान पेश करने के निर्देश दिए गए। महिला शिकायतों के त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया गया।

### त्योहारों से पहले कड़ी निगरानी

आगामी नवरात्रि, दशहरा और दीपावली को ध्यान में रखते हुए कप्तान ने असामाजिक तत्वों, सक्रिय गुंडों और चाकूबाजों के विरुद्ध जिला बदर, एनएसए और धारा 141 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (122 जा.फौ.) के तहत प्रभावी कार्रवाई के आदेश दिए।

### हाईकोर्ट ने 15 सितम्बर को तय की आगे सुनवाई

## जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी के मामले पर विमानन कंपनियों की ओर से सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को एयर कनेक्टिविटी के मामले में सुनवाई हुई। इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) व अन्य विमान कंपनियों की ओर से यात्रियों के कमर्शियल डाटा और आरएएफपी पर सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की गई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने अगली सुनवाई पर रिपोर्ट पर सुनवाई करने के निर्देश दिए। आगामी सुनवाई 15 सितम्बर तय की गई।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से 2024 में जनहित याचिका दायर कर जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की गई है। इस मामले में एक विधि छात्र पार्थ श्रीवास्तव की ओर से याचिका दायर की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी और दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि जबलपुर में अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं। जबलपुर हवाई अड्डा अन्य शहरों से अच्छी तरह से नहीं जुड़ पा रहा है और जबलपुर से केवल 9 उड़ानें संचालित हो रही हैं। वहीं तुलनात्मक रूप से जबलपुर से छोटे भोपाल एयरपोर्ट से प्रतिदिन 40 से अधिक उड़ानें हैं। हाल ही में भोपाल व इंदौर के लिए फ्लाइट भी बंद कर दी गई है। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरू आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी।

मामले में गत सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से रिपोर्ट पेश कर बताया गया था कि प्रदेश के विभिन्न हवाई अड्डों से नई घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने शुरू कराने के लिए विमानन निदेशालय ने निविदा जारी की है।

## जरूरतमंदों को अधिवक्तागणों ने दी कानूनी सलाह

**जबलपुर**। अधिवक्ता परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय ईकाई जबलपुर द्वारा पंचायत भवन बावली महाराजपुर जबलपुर में शिविर का आयोजन किया गया इसी क्रम में अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रांत मंत्री श्री सुनील गुप्ता एवं प्रांत न्याय केंद्र प्रमुख श्री सतपाल चढ़ार के निर्देशानुसार विभिन्न स्थानों में एक साथ पांच न्यायिक परामर्श केंद्र शिविर संपन्न किए गए। स्टडी सर्किल प्रमुख प्रदीप कुमार द्विवेदी द्वारा बताया गया कि शिविर में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में गोविंद सोनी सह भाग कार्यवाह कृषि भाग जबलपुर, राम मिलन प्रजापति जिला अध्यक्ष जबलपुर प्रमोद चौरसिया प्रांत न्याय प्रवाह प्रमुख, श्रीमती नीतू पशीने जिला न्याय केंद्र प्रमुख जबलपुर श्रीमती लक्ष्मी लक्ष्मण गोटिया पार्षद बिरसा मुंडा वार्ड, श्रीमती सीमा साहू जिला उपाध्यक्ष मंचासीन थे। उपस्थित अतिथियों द्वारा सरस्वती माता एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर प्रारंभ किया गया। जिला न्याय केंद्र प्रमुख श्रीमती नीतू पशीने द्वारा अधिवक्ता परिषद के बारे में एवम शिविर के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष गोविंद सोनी द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में अधिवक्ता परिषद की स्थापना विस्तार और कार्य के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले कार्यक्रम पर एवं पंच परिवर्तन के सम्बन्ध में सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। तत्पश्चात प्रमोद चौरसिया जी द्वारा न्याय प्रवाह पत्रिका एवं अधिवक्ता परिषद द्वारा लगाए जाने वाले शिविर एवं निशुल्क कानूनी सलाह प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा साहू द्वारा जबलपुर में प्रत्येक सप्ताह न्याय केंद्र में दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में एवं नियमित रूप से आयोजित हो रहे न्याय परामर्श केंद्र शिविर के संबंध में उद्बोधन दिया गया।




### 1.39 लाख नकदी, मोबाइल, मोटर साइकिल व कमांडर जीप ज़ब्त

## जुआ के फड़ पर पुलिस का छापा, पांच गिरफ्तार



हरिभूमि, जबलपुर।

थाना कटंगी अंतर्गत चरगवां रोड पर बने कल्लू सिंह के खेत के पास ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में पुलिस ने 1 लाख 39 हजार 300 रुपये नकद, 52-52 ताश की दो गड्डियां, एक फड़, पांच स्मार्टफोन, तीन मोटरसाइकिल और एक कमांडर जीप जब्त की है।

### कप्तान को मिली गुप्त सूचना

सोमवार रात पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कल्लू सिंह के खेत में जुआ खेला जा रहा है। उन्होंने तत्काल एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा और कंट्रोल रूम प्रभारी एसआई सतीश झारिया को सूचना की तस्दीक कर योजनाबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

### घेराबंदी कर मारा छापा, मची भगदड़

चौकी प्रभारी रामपुर एसआई प्रभाकर सिंह व चौकी प्रभारी बस स्टैंड एसआई जगन्नाथ यादव के नेतृत्व में पुलिस लाइन व थाना कटंगी की टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस ने घेराबंदी कर पांच आरोपियों को पकड़ा, जबकि एक आरोपी मौके से खेत की ओर भाग निकला।

### लंबे समय से था संचालित

पुलिस ने मौके से 53 वर्षीय राजकुमार लोधी पटैल निवासी दोनिया थाना पनागर, 35 वर्षीय विक्रम उर्फ विक्की खटीक निवासी खेरमाई वार्ड, थाना हनुमानताल, 36 वर्षीय कमलेश लोधी निवासी चौरई, थाना तेंदुखेड़ा जिला दमोह, 42 वर्षीय आशीष पटैल निवासी पंसारी मोहल्ला थाना गोरखपुर, 34 वर्षीय संदीप जैन निवासी मेन रोड गंगई, थाना चरगवां नंदी निवासी पनागर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह जुआ लंबे समय से संचालित किया जा रहा था।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

छापे की कार्रवाई में कंट्रोल रूम प्रभारी एसआई सतीश झारिया, चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह, चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव सहित आरक्षक उदय, रामकृष्ण, धीर सिंह, विजय, अनिल, अभिषेक, थाना कटंगी के उप निरीक्षक अमजद खान, आरक्षक शुभम बाजपेयी और सैनिक लोकेन्द्र की अहम भूमिका रही।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240